

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran  /Pratahkiran  /Pratahkiran



12 अब एकनाथ शिंदे के घर प्रदर्शन, फडणवीस सरकार के फैसले.......

नाजी सैल्यूट विवाद के बीच एलन मस्क को मिला चरमपंथियों का........ 12

वर्ष : 15 | अंक : 277 | नई दिल्ली, गुरूवार, 23 जनवरी, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# जयशंकर ने रुबियो के साथ लिया क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा, सहयोग बढ़ाने पर बनी सहमति

वाशिंगटन/नई दिल्ली, एजेंसी

वाशिंगटन/नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उनके प्रशासन के शपथ ग्रहण के एक दिन बाद वाशिंगटन में क्वाड विदेश मंत्रियों की सार्थक बैठक में भाग लिया, जिसमें एजेंडा को मजबूत बनाने और सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। नये अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग, जापानी विदेश मंत्री ताकेशी इवाया तथा डॉ. जयशंकर के बीच मंगलवार को क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक हुई। चार देशों की ओर से जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया है कि वे आने वाले महीनों में क्वाड के काम को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं और भारत द्वारा आयोजित अगले क्वाड लीडर्स समिट की तैयारी के लिए नियमित आधार पर एक साथ मिलेंगे ।डॉ. जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ट्रम्प प्रशासन के शपथ ग्रहण के एक दिन बाद क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक आयोजित की गयी, जो चार सदस्य देशों की विदेश नीति में क्वाड की प्राथमिकता को दशार्ता है। उन्होंने कहा, आज वाशिंगटन डीसी में क्वाड विदेश मंत्रियों की एक सार्थक बैठक में भाग लिया। हमारी मेजबानी करने के लिए मार्को रुबियो और बैठक में भागीदारी के लिए पेनी वोंग तथा ताकेशी इवाया को धन्यवाद। यह महत्वपूर्ण है कि क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक ट्रम्प प्रशासन के उद्घाटन के कुछ घंटों के भीतर हुई। यह अपने सदस्य देशों की विदेश नीति में इसकी प्राथमिकता को रेखांकित करता है। विदेश मंत्री ने कहा, हमारी व्यापक



चचाओं ने एक स्वतंत्र, खुले, स्थिर और समृद्ध हिंद-प्रशांत सुनिश्चित करने के विभिन्न आयामों को संबोधित किया। बड़ी सोच की महत्ता, एजेंडे को मजबूत बनाने और हमारे सहयोग को बढ़ाने पर सहमति बनी। आज की बैठक एक स्पष्ट संदेश देती है कि क्वाड अनिश्चित और अस्थिर दुनिया में वैश्विक भलाई के लिए एक ताकत बना रहेगा।

चारों सदस्यों द्वारा संयुक्त वक्तव्य में कहा गया, हम, अमेरिका के विदेश मंत्री तथा ऑस्ट्रेलिया, भारत और जापान के विदेश मंत्री, आज वाशिंगटन डी.सी. में एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र को मजबूत करने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए मिले, जहां कानून का शासन, लोकतांत्रिक मूल्य, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बरकरार रखा जाता है और उसकी रक्षा की जाती है। हमारे चार राष्ट्र इस बात पर दृढ़ हैं कि समुद्री क्षेत्र सहित सभी क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय कानून, आर्थिक अवसर, शांति, स्थिरता और सुरक्षा हिंद-प्रशांत के लोगों के विकास और समृद्धि का आधार हैं। हम किसी भी ऐसी एकतरफा कार्रवाई का कड़ा विरोध करते हैं जो बलपूर्वक यथास्थिति को बदलने की कोशिश करती है। वक्तव्य में कहा गया, हम बढ़ते खतरों के सामने क्षेत्रीय समुद्री, आर्थिक और प्रौद्योगिकी सुरक्षा को मजबूत करने के साथ-साथ विश्वसनीय और लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम आने वाले महीनों में क्वाड के काम को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं और भारत द्वारा आयोजित अगले क्वाड लीडर्स समिट की तैयारी के लिए नियमित रूप से एक साथ मिलेंगे।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C

न्यूनतम तापमान 23.0°C

**बाजार**

सोना 80,405

चांदी 1,1000

सेंसेक्स 80,220

निफ्टी 24,472

## संक्षिप्त खबरें

### अयोध्या : राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की पहली वर्षगांठ, दूर-दूराज से पहुंच रहे श्रद्धालु

अयोध्या। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार आज पहली वर्षगांठ है। यहां पर दूर-दराज से लोग पहुंच रहे हैं। खराब मौसम के बावजूद यहां पर आने वाले राम भक्त काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। अंग्रेजी तिथि के अनुसार आज रामलला के विराजमान होने के एक साल पूरे हो गए हैं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने हिंदू संवत्सर हिंदी तिथि के अनुसार द्वादशी तिथि पर 11 जनवरी को 'प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी महोत्सव' आयोजित किया था। वहीं, अंग्रेजी तिथि के अनुसार 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर में रामलला विराजमान हुए थे। राम मंदिर आने वाले एक श्रद्धालु ने बताया, ₹आज मेरी शादी की सालगिरह है, इस मौके पर रामलला के दर्शन करने आए हैं। मंदिर परिसर और आस-पास बहुत ही धार्मिक और भक्तिमय वातावरण है।

# 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान ने लैंगिक समानता को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाई : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) पहल के एक दशक पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को लैंगिक पूर्वाग्रहों पर काबू पाने और बालिकाओं की शिक्षा सुनिश्चित करने में इस पहल की सफलता की सराहना की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले कुछ वर्षों में कार्यक्रम के परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने एक पोस्ट में लिखा, ₹आज हम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आंदोलन के 10 साल पूरे कर रहे हैं। पिछले एक दशक में, यह एक परिवर्तनकारी, लोगों द्वारा संचालित पहल बन गई है और इसमें सभी क्षेत्रों के लोगों की भागीदारी रही है। इसकी उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस पहल ने लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और लड़कियों को अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान लैंगिक भेदभाव को दूर करने में सहायक रहा है और साथ ही इसने यह सुनिश्चित करने के लिए सही माहौल तैयार किया है कि बालिकाओं को शिक्षा और अपने सपनों को पूरा करने के अवसरों तक पहुंच मिले। प्रधानमंत्री मोदी ने इस अभियान की सफलता का श्रेय देश भर के समुदायों और संगठनों के प्रयासों को दिया। उन्होंने बाल लिंगानुपात में सुधार का उल्लेख किया, खासकर उन जिलों में जहां पहले कम संख्या दर्ज की जाती थी। पीएम मोदी ने एक अन्य एक्स पोस्ट में कहा, ₹लोगों और विभिन्न सामुदायिक सेवा संगठनों के समर्पित प्रयासों की बदौलत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। ऐतिहासिक रूप से कम बाल लिंगानुपात वाले जिलों में महत्वपूर्ण सुधार दर्ज किए गए हैं और जागरूकता अभियानों ने लैंगिक समानता के महत्व की गहरी समझ पैदा की है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की बेटियों को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रतिबद्धता का भी आग्रह किया। उन्होंने लिखा, मैं उन सभी हितधारकों की सराहना करता हूं जिन्होंने जमीनी स्तर पर इस आंदोलन को जीवंत बनाया है। आइए हम अपनी बेटियों के अधिकारों की रक्षा करना जारी रखें, उनकी शिक्षा सुनिश्चित करें और एक ऐसा समाज बनाएं, जहां वे बिना किसी भेदभाव के आगे बढ़ सकें। साथ मिलकर, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि आने वाले वर्ष भारत की बेटियों के लिए और भी अधिक प्रगति और अवसर लेकर आएं। 22 जनवरी, 2015 को शुरू की गई बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का उद्देश्य बाल लिंग अनुपात (सीएसआर) में समानता और बालिकाओं के अस्तित्व, संरक्षण और शिक्षा को बढ़ावा देना है। यह योजना भारत सरकार द्वारा सबसे प्रभावशाली सामाजिक पहलों में से एक बन गई है।



## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान से बेटियों के अधिकारों, सम्मान को नया आयाम मिला : शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) अभियान के 10 साल पूरे होने के मौके पर कहा कि इस अभियान ने बेटियों के अधिकारों, शिक्षा और सम्मान को एक नया आयाम दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 जनवरी 2015 को हरियाणा के पानीपत से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शुरूआत की थी। यह अभियान देश में घटते बाल लिंग अनुपात (सीएसआर) और महिला सशक्तीकरण से जुड़े मुद्दों को संबोधित करता है। शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मोदी जी के नेतृत्व में एक दशक पहले शुरू हुआ बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान आज एक जनांदोलन बन चुका है। बीबीबीपी ने बीते 10 साल में बेटियों के अधिकारों, शिक्षा और सम्मान को नया आयाम दिया। उन्होंने कहा, आज विद्यालयों में बेटियों के नामांकन दर में बढ़ोतरी और लिंग अनुपात में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। आज बेटियां हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाकर देश का मान बढ़ा रही हैं।

## फिजी के प्रधानमंत्री ने पीएम मोदी को बताया दुनिया का 'बॉस'

नई दिल्ली। फिजी गणराज्य के प्रधानमंत्री सितिवेनी लिगामामाडा राबुका ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दुनिया का 'बॉस' करार दिया। फिजी में राज्यसभा सांसद और इंडियन माइनॉरिटी फेडरेशन (आईएमएफ) के कन्वीनर सतनाम सिंह संधू और आईएमएफ के संस्थापक प्रोफेसर हिमानी सूद के साथ बैठक में राबुका ने कहा कि पीएम मोदी दुनिया के 'बॉस' हैं। फिजी के प्रधानमंत्री ने सभी का विकास और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के 'सबका साथ सबका विकास' के मंत्र की प्रशंसा करते हुए कहा, ₹मेरा मानना है कि सबका साथ सबका विकास एक बेहतरीन शासन मॉडल है जिसका प्रधानमंत्री मोदी पालन कर रहे हैं, जो यह सुनिश्चित करता है कि सभी एक साथ आगे बढ़ें और समृद्ध हों। मेरी राय में, दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने के लिए इसे वैश्विक स्तर पर लागू किया जाना चाहिए। फिजी के प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि, ₹मेरे मित्र (पीएम मोदी) हमारी मुलाकात (2023 में) के बाद फिर से (पीएम के रूप में) चुने गए हैं, इसलिए मैं यह सुनिश्चित करना चाहूंगा कि उन्हें यह संदेश मिले कि फिजी अभी भी यहां है। हम अभी भी शांति की अपनी यात्रा के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिस पर वे लंबे समय से चल रहे हैं। हमारी प्रगति और विकास में एकता के विचार सभी विश्व नेताओं के लिए महान आदर्श हैं। फिजी के प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी पूरी दुनिया में शांति और हिंदुओं के प्रतीक बन गए हैं। भारत के लोग उन पर विश्वास करते हैं। भारत में लोगों का विश्वास साथ होना एक बड़ी बात है। मैं इसके लिए उन्हें बधाई देता हूं। समय के साथ, दुनिया भर में हिंदुओं की एकता आखिरकार सभीलोगों की एकता में तब्दील होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मई 2023 में फिजी की अपनी यात्रा के दौरान पोर्ट मोरेस्बी में राबुका से मुलाकात की थी। फिजी के राष्ट्रपति रातू विलियम मैवलिली काटोनिवेरे की ओर से प्रधानमंत्री राबुका ने प्रधानमंत्री मोदी को फिजी गणराज्य के सर्वोच्च सम्मान कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी (सीएफ) से सम्मानित किया था। यह पहली बार नहीं है कि किसी विश्व नेता ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की है।

## इसरो ने गगनयान के पहले मानवरहित मिशन के लिए क्रू मॉड्यूल भेजा



बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के द्रव प्रणोदन प्रणाली केंद्र (एलपीएससी) ने द्रव प्रणोदन प्रणाली के एकीकरण को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद गगनयान के पहले मानवरहित मिशन के वास्ते क्रू मॉड्यूल को अंतरिक्ष की कक्षा के लिए रवाना किया है। इसरो ने बुधवार को यह जानकारी दी। गगनयान अंतरिक्ष में मानव मिशन भेजने की क्षमता हासिल करने की दिशा में इसरो का पहला प्रयास है। इसरो गगनयान परियोजना के तहत मानवयुक्त चालक दल को रवाना करने से पहले अंतरिक्ष में एक मानवरहित मिशन भेजने की योजना बना रहा है। इसरो ने एक बयान में कहा, 21 जनवरी 2025 को इसरो के द्रव प्रणोदन प्रणाली केंद्र (एलपीएससी) ने द्रव प्रणोदन प्रणाली के एकीकरण को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद गगनयान के पहले मानवरहित मिशन के लिए क्रू मॉड्यूल को अंतरिक्ष रवाना किया। क्रू मॉड्यूल एक पूर्ण स्वायत्त अंतरिक्ष यान है, जिसे तीन सदस्यीय चालक दल को अंतरिक्ष की कक्षा में ले जाने और मिशन अवधि पूरी होने के बाद धरती पर सुरक्षित रूप से वापस लाने के लिए डिजाइन किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि बेंगलुरु स्थित एलपीएससी ने क्रू मॉड्यूल को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया। इसरो के मुताबिक, क्रू मॉड्यूल प्रणोदन प्रणाली (सीएमपीएस) एक द्वि-प्रणोदक आधारित प्रतिक्रिया नियंत्रण प्रणाली (आरसीएस) है, जिसे क्रू मॉड्यूल को सटीक 3-अक्ष नियंत्रण (पिच, यॉ और रोल) प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा, इस प्रणाली में 12 100एन थ्रस्टर, उच्च दबाव वाली गैस बोतलों के साथ दबाव प्रणाली और संबंधित द्रव नियंत्रण घटकों के साथ प्रणोदक प्रवाह प्रणाली शामिल है। अधिकारियों के अनुसार, 100एन थ्रस्टर रॉकेट मोटर हैं, जिनका इस्तेमाल अंतरिक्ष यान में प्रणोदन के लिए किया जाता है। उन्होंने बताया कि एलपीएससी ने विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) द्वारा डिजाइन किए गए क्रू मॉड्यूल अपराइटिंग सिस्टम (सीएमयूएस) को भी मॉड्यूल में एकीकृत किया है। इसरो के मुताबिक, क्रू मॉड्यूल को कक्षीय मॉड्यूल के एकीकरण के अंतिम चरण के लिए बेंगलुरु स्थित यूआर राव उपग्रह केंद्र भेजे जाने से पहले विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र में एवियोनिक्स और विद्युत दोहन प्रणालियों की असेंबली एवं परीक्षण सहित अन्य एकीकरण प्रक्रियाओं से गुजरना होगा।

**न्यायपालिका** | व्हिप का मतलब है कि आप अपने प्रतिनिधि की अभिव्यक्ति को सीमित कर रहे हैं...............

# न्यायपालिका को अस्त्र बना दिया गया है: धनखड़

नई दिल्ली, एजेंसी



नई दिल्ली। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संसदीय व्यवस्था में व्हिप की आवश्यकता पर सवाल उठाते हुए बुधवार को कहा कि विधायी सदन में अराजकता, विघटन और व्यवधान को सुनियोजित तरीके से संचालित किया जा रहा है। श्री धनखड़ ने यहां भारतीय लोकतांत्रिक नेतृत्व संस्थान के एक समूह के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में न्यायपालिका तक की पहुंच को अस्त्र बना दिया गया है। यह प्रवृत्ति शासन व्यवस्था के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। उपराष्ट्रपति ने कहा, हमारे देश में एक मौलिक अधिकार है, और वह है कि हम न्यायपालिका तक पहुंच सकते हैं, लेकिन पिछले कुछ दशकों में, न्यायपालिका तक की पहुंच को अस्त्र बना दिया गया है। यह शासन और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है। उन्होंने कहा कि दिन-प्रतिदिन ऐसे परिपत्र जारी हो रहे हैं, जिनको जारी करने अधिकार या कानूनी शक्ति नहीं संबंधित संस्थानों के पास नहीं है। उन्होंने कहा कि संविधान यह निर्धारित करता है कि संस्थाएं अपनी-अपनी सीमाओं में काम करें। उन्होंने कहा, संस्थाएं अन्य संस्थाओं के सामने घुटने टेक रही हैं, और यह तात्कालिक सुविधा के कारण हो रहा है। येतात्कालिक लाभ तो दे सकते हैं, लेकिन दीर्घकालिक दृष्टिकोण से यह असहनीय क्षति का कारण बन सकते हैं। संसद में व्हिप की व्यवस्था पर सवाल करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, व्हिप क्यों होना चाहिए? व्हिप का मतलब है कि आप अपने प्रतिनिधि की अभिव्यक्ति को सीमित कर रहे हैं, आप उसकी स्वतंत्रता को सीमित कर रहे हैं, आप अपने प्रतिनिधि को दासत्व की स्थिति में डाल रहे हैं। आप ऐसे व्यक्ति को अपनी मर्जी से सोचने का अवसर नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों को लोकतंत्र को बढ़ावा देना चाहिए। निर्वाचित प्रतिनिधियों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मिलनी चाहिए, लेकिन व्हिप इस रास्ते में बाधा है। संसद संचालन में बाधाओं का उल्लेख करते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि जो कभी लोकतंत्र का मंदिर था, अब वह अखाड़ा बन गया है। यह एक युद्ध भूमि बन गई है। लोग ह्यमयार्दाह्ण शब्द को भूल चुके हैं और ह्यगरिमाह्ण का कोई अर्थ नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि सदन में अराजकता, विघटन और व्यवधान सुनियोजित तरीके से संचालित होते हैं। यह सुनिश्चित किया जाता है कि यह दिन संसद या विधानमंडल में विफलता का दिन होगा। युवाओं से जन प्रतिनिधियों को जिम्मेदार ठहराने का आह्वान करते हुए श्री धनखड़ ने कहा, युवा संसद, संस्थाओं, उनके कार्य और सांसदों के प्रदर्शन का परीक्षण करने की स्थिति में हैं। राजनीति में प्रतिभाशाली लोगों की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि नीति निर्माण में प्रशिक्षित लोगों की आवश्यकता है। हमें ऐसे प्रशिक्षित लोग चाहिए जो राजनीति को समझते हों। सरकार को जिम्मेदार ठहराना आसान नहीं है। सरकार को जिम्मेदार ठहराने का एकमात्र तरीका विधानमंडल के मंच के माध्यम से है।

## यूसीसी का उद्देश्य एक समान और न्यायपूर्ण समाज का निर्माण करना : जगदीप धनखड़

रायपुर। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने समान नागरिक संहिता के संदर्भ में कहा कि संविधान में कुछ महत्वपूर्ण दिशानिर्देश दिए गए हैं, जिनका पालन सरकार को करना होगा। उन्होंने कहा कि यूसीसी का प्रमुख उद्देश्य एक समान और न्यायपूर्ण समाज का निर्माण करना है। उन्होंने ये बातें एनआईटी रायपुर, आईआईटी भिलाई और आईआईएम रायपुर के छात्रों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि यूसीसी (यूनिफॉर्म सिविल कोड) और राज्य के नीति-निर्देशक सिद्धांतों पर चर्चा करते हुए यह कहा जा सकता है कि हमारे संविधान में कुछ महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए हैं, जिनका पालन सरकार को करना है। एक न्यायपूर्ण समाज के निर्माण की दिशा में अपने कदम आगे बढ़ाते हुए उत्तराखंड ने एक समान सिविल कोड लागू करने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि जब हम संविधान में दी गई बातों पर आपत्ति उठाते हैं, तो हमें यह समझना चाहिए कि वे नीति-निर्देशक सिद्धांतों का हिस्सा हैं, जो हमें समय-समय पर बदलाव की दिशा दिखाते हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा, ₹संविधान निमार्ताओं ने हमें कुछ बुनियादी बातों का पालन करने का निर्देश दिया था, लेकिन साथ ही यह भी संकेत दिया था कि जैसे-जैसे हमारा लोकतंत्र परिपक्व होता जाएगा, हमें अपने लोगों के कल्याण के लिए नए लक्ष्य भी तय करने होंगे। हमें केवल संकीर्ण वोटिंग पैटर्न या तात्कालिक विचारों से प्रभावित होकर फैसले नहीं लेने चाहिए, बल्कि संविधान की दी गई दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, ₹ देश ने हमें संविधान दिया है और हमारी संप्रभुता भी अडिग है। कार्यकारी संस्थाओं को किसी और को नहीं सौंपा जा सकता है। कार्यपालिका केवल सरकार के पास होती है। अगर कार्यकारी कार्यों को कोई अन्य संस्थान करता है, तो उसे संविधान के खिलाफ माना जाएगा।

# मेरी असली रुचि जैविक खेती, कृषि, और जल संरक्षण में : नितिन गडकरी

पणजी, एजेंसी



पणजी। गोवा पहुंचे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सार्वजनिक मंच से बताया कि उनकी असल रुचि किस चीज में है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने ये भी बताया कि जिस विषय में उन्होंने शिक्षा प्राप्त की है उसके प्रति वो जुनूनी हैं। उन्होंने ये बातें गोवा में फैशन डिजाइनर रितू बेरी के फंक्शन में अपने संबोधन के दौरान कही। गडकरी ने कहा, ₹जहां एक तरफ दिल्ली, मुंबई जैसे महानगरों में आबादी बढ़ रही है, वहीं दूसरी तरफ सुकून की तलाश के लिए लोग बड़ी संख्या में गोवा का रुख कर रहे हैं, लेकिन अब यहां पर भी लोगों की भीड़ देखने को मिल रही है। इसके बाद उन्होंने अपनी रुचि पर बात की। बोले, ₹गोवा में बुनियादी ढांचे का विकास मेरे जिम्मे है, और मैं इस काम के लिए पूरी तरह से समर्पित हूं। हालांकि, मेरी असली रुचि जैविक खेती, कृषि, और जल संरक्षण में है। मुझे 11 डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त हुई है और उनमें से 6 उपाधियां कृषि और जल संरक्षण से संबंधित हैं। यह मेरे लिए एक जुनून है। गोवा की खूबसूरती और विकास की उन्होंने प्रशंसा करते हुए कहा कि मुझे गोवा के इस विकास कार्य के बारे में सुनकर खुशी होती है, विशेषकर उन परियोजनाओं के बारे में जो हस्तशिल्प और हथकरघा से जुड़ी हुई हैं। गोवा पर्यटन के लिहाज से एक बेहद आकर्षक स्थान है, और इसकी खूबसूरत प्रकृति की वजह से यहां दुनियाभर के लोग आते हैं। फिर केंद्रीय मंत्री ने अपनी योजनाओं के बारे में भी बताया। बोले, ₹मैं वर्तमान में जोहरी ब्रिज पर एक दर्शक दीर्घा बना रहा हूं, जहां से आप गोवा के सुंदर दृश्य देख सकते हैं। इस परियोजना का उद्देश्य गोवा की खूबसूरती को और भी लोगों तक पहुंचाना है। हालांकि, गोवा में बढ़ती जनसंख्या और वाहनों की संख्या से समस्याएं भी उत्पन्न हो रही हैं, जैसा कि दिल्ली और मुंबई में भी देखा जा सकता है। फिर भी, गोवा की सुंदरता और यहां के प्राकृतिक संसाधन इसे एक आदर्श स्थान बनाते हैं। उन्होंने फैशन डिजाइनर रितु बेरी से एक गुजारिश भी की। कहा, ₹मैं रितु जी से एक निवेदन करूंगा कि यदि आप लोगों को प्रशिक्षित कर सकें, क्योंकि कोई भी व्यक्ति सिद्ध नहीं होता और हमें हमेशा सीखते रहना चाहिए। इस ज्ञान को धन में बदलना और रोजगार की संभावनाएं बढ़ाना बहुत महत्वपूर्ण है। मैं हमेशा मानता हूं कि नवाचार, उद्यमिता, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अनुसंधान, कौशल और सफल प्रथाएं ही ज्ञान का असली रूप हैं। और इस ज्ञान को धन में बदलना ही भविष्य की दिशा है। उन्होंने आगे कहा कि दूसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि कोई भी सामग्री बेकार नहीं होती। यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप किस तकनीक और नेतृत्व दृष्टिकोण से उस सामग्री का उपयोग करते हैं। सही तरीका अपनाकर आप कचरे को भी धन में बदल सकते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मेरे क्षेत्र में पिछले 8 साल से हम शौचालयों का पानी बेच रहे हैं, जिससे हमें हर साल 300 करोड़ रुपये की आय हो रही है। इसके साथ ही, हम कचरे को अलग करके प्लास्टिक, धातु, और कांच जैसे रिसाइकिल होने वाले पदार्थों को निकाल रहे हैं। हम जैविक कचरे से बायो सीएनजी भी बना रहे हैं, और 28 टन बायो सीएनजी का उत्पादन कर रहे हैं। हमारा यह प्रोजेक्ट सिर्फ 2 महीने में पूरा होने वाला है, जो पारिस्थितिकी के दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण है।

## संक्षिप्त समाचार

### जमीन दिलाने का झांसा देकर ठगी का आरोप

**रूड़की, एजेंसी।** एक व्यक्ति ने दो परिचितों पर जमीन दिलाने का झांसा देकर हजारों की रकम ठगने का आरोप लगाया है। साथ ही पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। सिविल लाइंस कोतवाली पुलिस को सहारनपुर निवासी जावेद ने तहरीर देकर बताया कि रुड़की निवासी दो व्यक्ति उनके परिचित हैं। करीब एक माह पूर्व दोनों ने रुड़की में उन्हें एक जमीन दिखाई थी। साथ ही जमीन मालिक से भी मुलाकात कराई थी। इस बीच जमीन का सौदा तय हो गया था। परिचितों ने जमीन मालिक को कुछ रुपये देने की बात कही। इसपर उन्होंने 45 हजार रुपये दे दिए थे। आरोप लगाया कि दोनों ने जमीन बिक्री न होने की बात कही।

### बिड़ला परिसर गेट के सामने नाली क्षतिग्रस्त

**श्रीनगर, एजेंसी।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर गेट के सामने राजमार्ग पर नाली के स्लैब क्षतिग्रस्त होने से दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। कई दिनों से इसे ठीक न किए जाने पर छात्रों में भी रोष पनप रहा है। छात्र संघ अध्यक्ष जसवंत सिंह राणा ने कहा कि गेट से पैदल चलने वाले छात्र-छात्राओं सहित वाहनों की आवाजाही नाली के क्षतिग्रस्त स्लैब से प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही नाली के स्लैब ठीक नहीं कराए गए तो उन्हें आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा।

### पत्नी को पीटकर घर से निकालने का आरोप

**रूड़की, एजेंसी।** एक महिला ने पति पर पीटकर घर से निकालने का आरोप लगाया है। साथ ही पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र स्थित गांव खंजरपुर निवासी एक महिला ने तहरीर देकर बताया कि पति दहेज के लिए परेशान करता आ रहा है। पति दहेज में मायके से 50 हजार की नकदी लाने का दबाव बना रहा है। विरोध करने पर पीटता है। रविवार शाम भी पति ने मारपीट कर दी और बच्चों सहित घर से बाहर निकाल दिया। अब घर वापस आने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। कोतवाली प्रभारी नरेंद्र बिष्ट ने बताया कि महिला के पति को बुलाकर चेतावनी दी गई है कि अगर दोबारा मारपीट की तो कार्रवाई की जाएगी।

### गन्ने से भरी ट्रॉली का टायर फटा, ओवरब्रिज पर लगा जाम

**रूड़की, एजेंसी।** नगर में ओवरब्रिज पर गन्ने से भरी ट्रॉली का टायर फट गया। इससे वाहनों का जाम लग गया। राहगीरों को घंटों जाम से जूझना पड़ा। दमकल विभाग के अलावा चुनाव ड्यूटी में लगे प्रेक्षकों के वाहन भी जाम में फंस गए। गन्ना सीजन के दौरान नगर के मुख्य मार्ग पर जाम की समस्या बढ़ जाती है। पुरकाजी-हरिद्वार हाईवे पर नगर के बीचोंबीच रेलवे ओवरब्रिज पर आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। सोमवार को दोपहर करीब दो बजे गन्ने से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ओवरब्रिज पर पहुंची तो अचानक ट्रॉली का टायर फट गया जिससे ट्रैक्टर-ट्रॉली बीच में ही खड़ी हो गई।

### चोरी के आरोप में तीन गिरफ्तार

**ऋषिकेश, एजेंसी।** धर्मूचक गांव में घरों में घुसकर सेंधमारी कर मोबाइल और नकदी चुराने के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से मोबाइल फोन और नकदी बरामद कर ली गई है। श्यामसुंदर निवासी धर्मूचक मारखम ग्रांट ने तहरीर देकर बताया कि 18 जनवरी की रात को तीन अज्ञात लोग गांव में अलग-अलग घरों में घुस गए। उनके घर में घुसकर तीन चोरों ने दो मोबाइल फोन और 600 की नकदी पर हाथ साफ कर लिया। लोगों के जागने पर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। आरोपी गांव में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में भागते हुए कैद हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की। प्रभारी निरीक्षक विनोद गुसाई ने बताया कि पुलिस टीम ने सौंग नदी पुल के पास तीनों आरोपियों को दबोच लिया गया। आरोपियों की पहचान सुनील साहनी और मुलायम निवासी केशवपुरी बस्ती, ऋषि उर्फ काल्टा निवासी राजीवनगर डोईवाला के रूप में हुई है।

# झील में पहली बार दिखे पलाश फिश ईगल के दो जोड़े

**देहरादून, एजेंसी।**
आसन रामसर साइट में सर्दी का मौसम शुरू होते ही साइबेरिया समेत, यूरोप, ईरान, ईराक, अफगानिस्तान के अलावा उच्च हिमालयी क्षेत्रों से भारी संख्या में पक्षी प्रवास के लिए पहुंचते हैं।

सर्दी के मौसम में आसन रामसर साइट की झील पर उड़ान भरने वाला पलाश फिश ईगल नामक पक्षी इस बार पक्षी प्रेमियों के लिए सौगात लेकर आया है। आसन के इतिहास में पहली बार ईगल के दो जोड़े पक्षी गणना के दौरान स्पॉट किए गए हैं। बताते चलें कि पलाश फिश ईगल को समुद्री ईगल के रूप में जाना जाता है और यह विश्व की अत्यंत दुर्लभ प्रजाति में आता है।

आसन रामसर साइट में सर्दी का मौसम शुरू होते ही साइबेरिया समेत, यूरोप, ईरान, ईराक, अफगानिस्तान के अलावा उच्च हिमालयी क्षेत्रों से भारी संख्या में पक्षी प्रवास के लिए पहुंचते हैं। इस दौरान पलाश फिश ईगल भी रामसर साइट की शान बनकर क्षेत्र के आसमान में उड़ान भरता दिखाई देता है। लेकिन, इसकी संख्या दो से अधिक कभी नहीं देखी गई।

ऐसा पहली बार है कि रामसर साइट में इस बार पक्षी के दो जोड़े दिखाई दिए हैं। वन विभाग के पक्षी

**पक्षी गणना के दौरान हुए स्पॉट**



विशेषज्ञ व वन दरोगा प्रदीप सक्सेना ने बताया कि पक्षी गणना में टीम ने ईगल के दो जोड़े स्पॉट किए हैं। उन्होंने बताया कि यह पक्षी प्रेमियों के लिए उत्साह का विषय है कि इनकी संख्या में बढ़ोतरी हुई है।

पलाश फिश ईगल को विश्व का अत्यंत दुलर्भ प्रजाति का पक्षी माना जाता है। बताते चलें कि इस प्रजाति के मात्र 2500 पक्षी ही विश्व स्तर पर गिने गए हैं। ईगल के शरीर की बनावट की बात की जाए तो यह 84 सेमी तक लंबा होता है, और इसके पंखों का फैलाव करीब 215 सेमी तक हो सकता है। मादा पक्षी का वजन करीब तीन और नर का वजन करीब सात किलो तक होता है।

पलाश फिश ईगल का आसन क्षेत्र में आने वाला जोड़ा वर्षों से रामपुर मंडी स्थित वन आरक्षी प्रशिक्षण संस्थान के जंगल में मौजूद एक ऊंचाई वाले पेड़ पर अपना घोंसला बनाता रहा है। लेकिन चार साल पहले जोड़ा आसन नहीं आया था। इसके दो साल बाद एक पक्षी आसन क्षेत्र में दिखाई दिया और इसके बाद से यह एक जोड़ा निरंतर प्रवासी पक्षियों की आमद के साथ क्षेत्र में उड़ान भरता दिखाई देता रहा है। लेकिन, इन चार साल के अरसे में उसने क्षेत्र में अपना घोंसला नहीं बनाया है।

## बचपन में लग रहा 55 का रोग, बच्चों की आंखें हो रहीं कमजोर




**रूड़की, एजेंसी।** कंप्यूटर और मोबाइल की लत से बच्चों की कम उम्र में ही आंखें कमजोर हो रही हैं। सिविल अस्पताल में आने वाले हर तीसरे बच्चे की आंखें कमजोर मिल रही हैं। डॉक्टर का कहना है कि कमजोर नजरों की परेशानी से जूझ रहे हर तीसरे बच्चे को कंप्यूटर विजन सिंड्रोम की परेशानी है। ऐसे में आठ से 10 साल के बच्चों की आंखों पर चश्मा लग रहा है। सिविल अस्पताल के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. राजकेश पांडे का कहना है कि छह से आठ साल की उम्र में के बच्चों में कंप्यूटर विजन सिंड्रोम की परेशानी तेजी से बढ़ रही है। वह बताते हैं कि अभिभावक बच्चों पर ध्यान नहीं देते हैं। ऐसे में बच्चे दिन और रात में टीवी या फिर कंप्यूटर पर गेम खेलते रहते हैं। इतना ही नहीं मोबाइल की लत भी बच्चों में अधिक बढ़ रही है। ऐसे में उनकी आठ से 10 साल की उम्र में ही आंखें कमजोर हो रही हैं। कंप्यूटर विजन सिंड्रोम से बच्चों की आंखों से धुंधला नजर आने के साथ ही पानी निकलता है। कुछ अभिभावक इसे नजरअंदाज कर देते हैं जिससे परेशानी अधिक बढ़ जाती है।

## दो निर्दलीय प्रत्याशियों ने खर्च कर दिए 68 लाख, रिटर्निंग ऑफिसर ने जारी किया ब्योरा

**नैनीताल, एजेंसी।**
रामनगर में नगर पालिका चुनाव में प्रत्याशियों के खर्च का ब्यौरा रिटर्निंग ऑफिसर ने जारी कर दिया। पार्टी कार्यकर्ताओं से ज्यादा दो निर्दलीय प्रत्याशियों ने 68 लाख से अधिक खर्च कर दिया। भाजपा व बसपा के प्रत्याशियों ने इनके मुकाबले काफी कम खर्च किया है।

नगर पालिका चुनाव में प्रत्याशियों के खर्च का ब्यौरा रिटर्निंग ऑफिसर ने जारी कर दिया। पार्टी कार्यकर्ताओं से ज्यादा दो निर्दलीय प्रत्याशियों ने 68 लाख से अधिक खर्च कर दिया। जबकि भाजपा व बसपा के प्रत्याशियों ने इनके मुकाबले काफी कम खर्च किया है।



रामनगर नगर पालिका चुनाव में भाजपा से मदन मोहन जोशी, बसपा से विनोद कुमार ही पार्टी के प्रत्याशी है। 18 जनवरी तक जारी चुनाव व्यय के ब्यौरे के अनुसार भाजपा के मदन मोहन जोशी की बात करें तो इनके द्वारा 13 लाख 76 रुपए खर्च किए गए है।

बसपा के विनोद कुमार ने 67 हजार 207 रुपए खर्च किए। निवर्तमान चेयरमैन व निर्दलीय प्रत्याशी मो. अकरम ने 12 लाख 5 हजार 373 रुपए खर्च किए। निर्दलीय मो. आदिल खान ने 84 हजार रुपए, निर्दलीय भुवन डंगवाल ने 82 हजार 938 रुपए खर्च किए। निर्दलीय आसिफ इकबाल ने 33 लाख 5 हजार 116, निर्दलीय भुवन पाण्डे ने 35 लाख 2 हजार 855 रुपए खर्च किए। वही निर्दलीय नरेंद्र शर्मा ने 11 लाख 7 हजार 470 रुपए खर्च किए

### किच्छा और गदरपुर की तीन नहरों को नाबार्ड से मिली मंजूरी

**रुद्रपुर, एजेंसी।** किच्छा और गदरपुर में खेतों की सिंचाई के लिए इस्तेमाल होने वाली तीन नहरों के मॉर्डनाइजेशन और मरम्मत की योजनाओं को नाबार्ड से मंजूरी मिली है। करीब साढ़े नौ करोड़ की योजनाओं को वित्तीय स्वीकृति की कार्यवाही हो रही है। सिंचाई विभाग तीनों कार्यों की टेडरिंग प्रक्रिया की तैयारी में जुट गया है। दरअसल, किच्छा में स्थित शहदौरा नहर से 86 हेक्टेयर रबी और 132 हेक्टेयर खरीफ की फसल की सिंचाई होती है। 8.8 किलोमीटर लंबी नहर में 1750 मीटर में 489 लाख की लागत से कार्य किए जाने हैं। गदरपुर की लोअर भाखड़ा नहर में 287.67 लाख से एक किलोमीटर में लाइनिंग और पांच किलोमीटर में गूल निर्माण का कार्य किया जाना है।

19 किलोमीटर लंबी नहर में 1531 हेक्टेयर में रबी और 1367 हेक्टेयर में खरीफ की फसल होती है। गदरपुर की मुकुंदपुर नहर से 176 हेक्टेयर खरीफ और 155 हेक्टेयर में रबी की फसल की सिंचाई होती है। 3.9 किलोमीटर नहर में 2450 मीटर हिस्से में 173.83 लाख की लागत से कार्य किए जाने हैं।


## भरण-पोषण, संतान के अधिकार, लिव इन पार्टनर से ब्रेकअप के बाद महिला को मिलेंगे ये अधिकार



**देहरादून, एजेंसी।** प्रदेश में समान नागरिक संहिता 26 जनवरी से लागू होने की संभावना है। इसके दृष्टिगत नियमावली व आनलाइन पंजीकरण को पोर्टल बन कर तैयार हो गया है। नियमावली में लिव इन में रहने के लिए सक्षम प्राधिकारी, यानी रजिस्ट्रार के समक्ष लिव इन में आने की तिथि से एक माह के भीतर पंजीकरण कराना होगा। यह भी व्यवस्था की गई है कि यदि पुरुष साथी महिला साथी को छोड़ता है तो वह सक्षम न्यायालय के समक्ष भरण-पोषण की मांग कर सकती है। साथ ही इस दौरान पैदा हुई संतान को भी पूरे अधिकार मिलेंगे।

उत्तराखंड स्वतंत्रता के बाद समान नागरिक संहिता को लागू करने वाला पहला प्रदेश बनने जा रहा है। इसका उद्देश्य सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करना और कानूनी प्रक्रिया को सरल बनाना है। इसमें धार्मिक व लैंगिक समानता सुनिश्चित की गई है। समान नागरिक संहिता के क्रियान्वयन को ऑनलाइन वेब पोर्टल भी बनाया गया है। इसमें 13 से अधिक विभागों की सेवाओं को जोड़ा गया है। इनका डाटा एक स्थान पर देखा जा सकता है। इसमें विवाह, तलाक, विवाह शून्यता, लिव इन व वसीयत आदि का समय-समय पर पंजीकरण कराने की व्यवस्था की गई है। तत्काल सेवा के तहत त्वरित पंजीकरण के लिए अलग-अलग शुल्क निर्धारित किया जा रहा है। समान नागरिक संहिता के लिए बनाए गए पोर्टल को सभी के लिए इस्तेमाल योग्य बनाया गया है। कोई भी इसका इस्तेमाल कर सके, इसके लिए इसमें 22 भारतीय भाषाओं में अनुवाद की व्यवस्था की गई है।

## क्षय रोगियों को खोजेगी मोबाइल टीबी वैन



**रुद्रपुर, एजेंसी।** जिले में अब मोबाइल वैन के माध्यम क्षय रोगियों को खोजा जाएगा। एक्सरे [illegible] च के जरिये टीबी के मरीजों का पता लगाया जाएगा। सीएमओ डॉ. मनोज कुमार शर्मा और जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने वैन को ग्रामीण क्षेत्रों के लिए रवाना कर दिया है।

हाल में जिले के भ्रमण के दौरान प्रबंधन निदेशक एनएचएम स्वाति भदौरिया ने सीएमओ को दूरस्थ क्षेत्र में टीबी की निशुल्क जांच और एक्सरे कराने के निर्देश दिए थे। सीएमओ ने बताया कि प्रबंधन निदेशक एनएचएम के प्रयासों से अपोलो फाउंडेशन की ओर से जिले को मोबाइल टीबी वैन प्राप्त हुई है। वैन में पोर्टेबल एक्सरे कैमरा, एक ट्रू-नॉट मशीन की सुविधा है।

जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि वैन में टीबी नियंत्रण कार्यक्रम के स्वास्थ्य कर्मी और अपोलो फाउंडेशन के कर्मी मौजूद रहेंगे। वैन के जरिये जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में आशा, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और एएनएम की सहायता से स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे।

शिविर में लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर टीबी के संभावित मरीजों की बलगम और एक्सरे जांच की जाएगी। रोगियों का नियमानुसार इलाज किया जाएगा। इस दौरान फार्मेसी अधिकारी बीएन बेलवाल, टीबी नियंत्रण केंद्र के कर्मी, अपोलो फाउंडेशन के राज्य प्रबंधक मनीष कुमार, राज्य समन्वयक अभिषेक कुमार मौजूद थे।

# अल्मोड़ा में कांग्रेस की जनसभा, कुंजवाल ने कहा- झूठे वादे कर जनता से धोखा करना भाजपा की फितरत

**अल्मोड़ा, एजेंसी।**
पूर्व विधानसभा स्पीकर गोविंद सिंह कुंजवाल ने रैमजे इंटर कॉलेज में मेयर पद के कांग्रेस प्रत्याशी भैरव गोस्वामी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार झूठे वादे करके विकास के नाम पर लोगों को ठग रही है।

अल्मोड़ा में पूर्व विधानसभा स्पीकर गोविंद सिंह कुंजवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार झूठे वादे करके विकास के नाम पर लोगों को ठग रही है। हकीकत में सरकार के पास विकास का कोई विजन ही नहीं है। कहा कि कांग्रेस के समय में विकास की जो योजनाएं लागू की गई थीं भाजपा सरकार ने उन्हें भी ठप कर दिया है। सोमवार को कुंजवाल रैमजे इंटर कॉलेज में मेयर पद के कांग्रेस प्रत्याशी भैरव गोस्वामी के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार ने हर किसी को निराश किया है। विधायक मनोज तिवारी ने आश्चर्य जताया कि मुख्यमंत्री अल्मोड़ा में चुनावी जनसभा को संबोधित करने आए



लेकिन उन्होंने क्वारब की समस्या पर दो शब्द भी नहीं कहे। पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी ने कहा कि कांग्रेस के पालिका बोर्ड की सफलता की गवाही शहर में किए गए विकास के काम दे रहे हैं। शहर अध्यक्ष ताराचंद जोशी के संचालन में यह सभा हुई। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुशील शाह, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट, गीता मेहरा, हेम जोशी, पूर्व जिलाध्यक्ष पीतांबर पांडे, आनंद सिंह बगड़वाल, दशहरा समिति के अध्यक्ष अजीत कार्की ने भी सभा को संबोधित किया। इस दौरान कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण की। पूर्व सीएम हरीश रावत और नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के आने की बात भी कही जा रही थी, लेकिन वे नहीं आए। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने बताया कि कहीं और कार्यक्रम होने की वजह से दोनों नहीं पहुंच पाए।

## तीन सड़कों के 41 किमी हिस्से में लगेंगे क्रैश बैरियर

**रुद्रपुर, एजेंसी।** जिले की तीन सड़कों के 41 किमी हिस्से में सड़क सुरक्षा के तहत क्रैश बैरियर लगाए जाएंगे। लोनिवि ने क्रैश बैरियर लगाने के लिए करीब 14 करोड़ रुपये का प्रस्ताव शासन को भेजा है।

लोनिवि के प्रांतीय खंड से मिली जानकारी के अनुसार किच्छा विधानसभा क्षेत्र के नगला-किच्छा सड़क पर दुर्घटना संभावित क्षेत्र में क्रैश लगाने के लिए 497.78 लाख रुपये का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। सरदारनगर-बैरिया दौलत-बन्नाखेड़ा सड़क 497.15 लाख रुपये की लागत से क्रैश बैरियर लगाए जाने हैं।

गदरपुर-दिनेशपुर-मटकोटा सड़क पर क्रैश बैरियर लगाने के लिए 418.99 लाख रुपये का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। सरदारनगर-बैरिया दौलत-बन्नाखेड़ा और गदरपुर-दिनेशपुर-मटकोटा सड़क पर हाल में भी कई स्थानों पर क्रैश बैरियर लगाए गए हैं। दोनों सड़कों के दुर्घटना संभावित अवशेष हिस्सों में क्रैश बैरियर लगाए जाएंगे।

लोनिवि के प्रांतीय खंड के ईई ओमपाल सिंह ने बताया कि तीनों सड़कों पर सड़क सुरक्षा के लिहाज के क्रैश बैरियर लगाए जाने हैं। वाहनों की सुरक्षा के लिए आवश्यक स्थल चिह्नित किए गए हैं। क्रैश बैरियर लगाने से हादसे के दौरान जनहानि का खतरा बेहद कम हो जाता है। वाहनों को भी कम नुकसान पहुंचता है।

# दिल्ली विधानसभा : पूर्वांचलियों के बाद अब पंजाबियों के लेकर शुरू हुई तकरार

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव से ठीक पहले आम आदमी पार्टी (आप) और भाजपा के बीच पूर्वांचलियों के मुद्दे के बाद पंजाबियों के मुद्दे पर तकरार शुरू हो गई है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने यह सवाल उठाया था कि पंजाब नंबर की गाड़ियां दिल्ली में बहुत ज्यादा घूमती दिखाई दे रही हैं और 26 जनवरी भी पास है। उनके इस बयान के बाद आम आदमी पार्टी ने उन पर जुबानी हमला बोल दिया और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल इस मुद्दे को लेकर भाजपा से तकरार करते दिखाई दे रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने बुधवार सुबह से ही इस मुद्दे को लेकर मोर्चा खोलते हुए सोशल मीडिया के जरिए लिखा, ह्वदिल्ली में लाखों पंजाबी रहते हैं जिनके परिवारों ने और उनके पूर्वजों ने देश के लिए न जाने कितनी कुर्बानियां दी हैं। दिल्ली में लाखों पंजाबी रिफ़्यूजी भी रहते हैं जो बंटवारे



के मुश्किल दौर में सब कुछ छोड़कर दिल्ली आकर बसे थे। इनके परिवार ने भी अनगिनत यातनाएं सही हैं। भाजपा के नेता आज जो कह रहे हैं, इससे वो उनकी शहादत और कुर्बानी का अपमान कर रहे हैं। केजरीवाल ने आगे कहा, ये बयान सुनकर मुझे बहुत पीड़ा हुई। दिल्ली को पंजाबियों ने संवारा है। पंजाबियों को देश के लिए खतरा बोलकर भाजपा ने दिल्ली में रहने वाले लाखों पंजाबियों को अपमानित किया है। भाजपा को पंजाबियों से माफी मांगनी चाहिए। इसके बाद अरविंद केजरीवाल ने प्रेसवार्ता में भी कहा कि प्रवेश वर्मा ने जिस तरह से पंजाबियों के योगदान पर प्रश्न चिन्ह लगाया है। प्रवेश वर्मा ने कहा कि पंजाब की गाड़ियां घूम रही हैं, पता नहीं कौन लोग हैं। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के लिए सुरक्षा के लिए खतरा हो सकता है। इस पर अरविंद केजरीवाल ने कहा, तो क्या सारे पंजाबी आतंकवादी हैं ? सारे पंजाबी देशद्रोही हैं ? क्या सारे पंजाबी देश के लिए खतरा हैं ? पंजाबियों ने दिल्ली को संवारा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पंजाबियों का बहुत बड़ा योगदान है। उनके पूर्वजों ने देश के लिए अपनी आहुति दी थी। 1947 में जब पार्टीशन हुआ था, लाखों पंजाबी पाकिस्तान से दिल्ली आए थे। उन्होंने बहुत कठिनाई सही और दुर्दशा देखी थी। आज यह छोटा सा लड़का दिल्ली के पंजाबियों को चुनौती देने चला है। हम इसका सख्त विरोध करते हैं। हम कहते हैं कि अमित शाह को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। पूरे देश से अमित शाह को पंजाबियों से माफी मांगनी चाहिए।

# भाजपा आप के चुनाव प्रचार को रोकने, मतदाताओं को डराने के लिए पुलिस का दुरुपयोग कर रही: केजरीवाल

**केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के लोगों को एकजुट होकर भाजपा को करारा जवाब देना होगा। केजरीवाल ने कहा, मुझे डर है कि इस बार मतदाताओं को वोट डालने से रोका जा सकता है। केजरीवाल ने दावा किया कि भाजपा को दिल्ली में ऐतिहासिक हार का सामना करना पड़ा है और इसलिए उसके कार्यकर्ता पुलिस के समर्थन से गुंडागर्दी कर रहे हैं। उन्होंने कहा, पुलिस भाजपा के अभियान में मदद कर रही है और उनके (भाजपा के) कार्यकताओं का समर्थन कर रही है जो आप के चुनावी प्रयासों में बाधा डाल रहे हैं।**

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पांच फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले उनकी पार्टी के चुनाव प्रचार अभियान को बाधित करने और मतदाताओं को डराने के लिए दिल्ली पुलिस का इस्तेमाल कर रही है। केजरीवाल ने प्रेस वार्ता में कहा, दिल्ली पुलिस के सारे कर्मी भाजपा के साथ हैं। लोगों की सुरक्षा के लिए कोई नहीं है। एक थाना प्रभारी (एसएचओ) ने मुझे बताया कि उन्हें हमारी रैलियों को बाधित करने के लिए गृह मंत्रालय से सीधे निर्देश मिलते हैं। इस प्रेस वार्ता को दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और पार्टी के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने भी संबोधित किया। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के लोगों को एकजुट होकर भाजपा को



करारा जवाब देना होगा। केजरीवाल ने कहा, मुझे डर है कि इस बार मतदाताओं को वोट डालने से रोका जा सकता है। केजरीवाल ने दावा किया कि भाजपा को दिल्ली में ऐतिहासिक हार का सामना करना पड़ा है और इसलिए उसके कार्यकर्ता पुलिस के समर्थन से गुंडागर्दी कर रहे हैं। उन्होंने कहा, पुलिस भाजपा के अभियान में मदद कर रही है और उनके (भाजपा के) कार्यकर्ताओं का समर्थन कर रही है जो आप के चुनावी प्रयासों में बाधा डाल रहे हैं। आतिशी और भारद्वाज ने भी इसी तरह की चिंता जताई। मुख्यमंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर कालकाजी में आप के कार्यकर्ताओं को धमकाने का आरोप लगाया, जहां से वह फिर से चुनाव लड़ रही हैं। उन्होंने कहा, रमेश बिधूड़ी (कालकाजी सीट पर आतिशी के भाजपा प्रतिद्वंद्वी) हमारे कार्यकर्ताओं को भाजपा में शामिल होने के लिए धमकी दे रहे हैं। हम भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) में शिकायत दर्ज कराएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा कार्यकर्ता निर्वाचन क्षेत्र में आप के घर-घर जाकर किए जा रहे प्रचार अभियान में बाधा डालने का प्रयास कर रहे हैं। दिल्ली विधानसभा पांच फरवरी को चुनाव होने वाले हैं, जिसके नतीजे आठ फरवरी को घोषित किए जाएंगे। वर्ष 2020 में 70 में से 62 सीटें हासिल कर आप ने शानदार जीत दर्ज की थी, जिसके बाद पार्टी का लक्ष्य लगातार तीसरी बार सत्ता में आना है।

## गणतंत्र दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल कल, कई रास्तों पर यातायात प्रतिबंधित रहेगा

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस के मद्देनजर 23 जनवरी को दिल्ली में फुल ड्रेस रिहर्सल होगी। परेड रिहर्सल गुरुवार को सुबह 10:30 बजे विजय चौक से शुरू होगी और लाल किले तक जाएगी। इस दौरान कई रास्तों पर यातायात प्रतिबंधित रहेगा। इसके मद्देनजर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। ट्रैफिक एडवाइजरी के अनुसार बुधवार शाम 6 बजे से गुरुवार को परेड के अंत तक विजय चौक से इंडिया गेट तक ट्रैफिक की अनुमति नहीं होगी। इसके साथ ही भारी वाहनों के दिल्ली में प्रवेश पर रोक रहेगी और हल्के वाहनों के लिए रूट डायवर्ट रहेगा। दिल्ली पुलिस की तरफ से आम लोगों को जाम और परेशानी से बचने के लिए घर से अतिरिक्त समय लेकर अपने गंतव्य (मंजिल) तक पहुंचने की सलाह दी गई है।

एडवाइजरी के अनुसार लोग दिल्ली मेट्रो का उपयोग कर सकते हैं। ट्रैफिक एडवाइजरी के अनुसार डीएनडी से आने वाले भारी ट्रक भी ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे तक पहुंचने के लिए नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे का उपयोग करके टोल प्लाजा पर यू-टर्न ले सकते हैं। कालिंदी कुंज सीमा से आने वाले अन्य भारी ट्रकों को यमुना नदी से पहले अंडरपास चौराहे से डायवर्ट किया जाएगा, जो उन्हें नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे की ओर ले जाएगा। आज बुधवार शाम 22 जनवरी शाम 6 बजे से परेड खत्म होने तक विजय चौक से इंडिया गेट तक कर्तव्यपथ पर कोई यातायात का अवागमन नहीं होगा। 22 जनवरी को रात 11 बजे से रफी मार्ग, जनपथ, मान सिंह रोड पर परेड समाप्त होने तक कर्तव्यपथ पर कोई क्रॉस ट्रैफिक नहीं होगा। सी हेक्सगन-इंडिया गेट 23 जनवरी को सुबह 09:15 बजे से परेड के तिलक मार्ग पार होने तक यातायात के लिए बंद रहेगा। 23 जनवरी को सुबह साढ़े 10 बजे से तिलकमार्ग, बीएसजेड मार्ग और सुभाषमार्ग पर दोनों दिशाओं में यातायात की अनुमति नहीं होगी। परेड की आवाजाही के आधार पर ही क्रॉस ट्रैफिक की अनुमति दी जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### संगम विहार में जांच के दौरान कार से 47 लाख रुपये बरामद

नई दिल्ली। दक्षिणी जिले के संगम विहार इलाके में मंगलवार देर रात एक कार से 47 लाख रुपये पुलिस ने बरामद किए। पुलिस ने कार को जांच के लिए रोका था। उसके बाद चुनाव आयोग और आयकर विभाग की टीम को सूचना दी गई। फिलहाल पुलिस के साथ ही अन्य एजेंसी मामले की जांच कर रही है। दक्षिणी जिले के डीसीपी अंकित चौहान ने बुधवार को बताया कि मंगलवार को संगम विहार थाने की टीम टी-पॉइंट, मंगल बाजार रोड में वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान एक कार वहां से गुजरी। शक होने पर पुलिस टीम ने कार चालक को रुकने का इशारा किया लेकिन चालक ने कार की रफ्तार बढ़ा दी। पुलिस टीम ने पीछा कर चालक को दबोच लिया। कार की तलाशी लेने पर पुलिस को कार से 47 लाख रुपये बरामद हुए। पुलिस ने कार चालक वसीम से पैसों के बारे में जानकारी मांगी लेकिन वह न तो जानकारी दे सका और न ही बरामद धनराशि से संबंधित कोई दस्तावेज दिखा पाया। ऐसे में आचार संहिता लागू होने के चलते तुरंत मामले की सूचना चुनाव आयोग और आयकर विभाग की टीम को दी गई। पुलिस कार चालक वसीम और रुपये लेकर थाने पहुंची। जहां आयकर विभाग की टीम ने वसीम से पूछताछ शुरू की। समाचार लिखे जाने तक पुलिस और आयकर विभाग की टीम इस धनराशि की जानकारी जुटा रही थी। वहीं सूत्रों की मानें तो आशंका जताई जा रही है कि रुपये दिल्ली विधानसभा में चुनाव के दौरान इस्तेमाल करने के लिए लाए गए थे।

### कोचिंग अकादमी में ओबीसी छात्रों के प्रवेश के अनुरोध वाली याचिका पर जामिया से जवाब मांगा

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने सिविल सेवा अभ्यर्थियों के लिए आवासीय कोचिंग अकादमी में अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर-क्रीमी लेयर) छात्रों के प्रवेश को लेकर दायर जनहित याचिका पर बुधवार को जामिया मिलिया इस्लामिया से जवाब मांगा।मुख्य न्यायाधीश डी.के. उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने विधि स्नातक सत्यम सिंह की जनहित याचिका पर जामिया मिलिया इस्लामिया और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को नोटिस जारी किया।सिंह ने यूजीसी के दिशा-निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि जामिया मुफ्त कोचिंग को केवल छात्राओं और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा अल्पसंख्यक समुदायों तक सीमित नहीं कर सकता, उसका दायित्व ओबीसी (गैर-क्रीमी लेयर) और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) दोनों को लाभ प्रदान करना है।अदालत ने जिक्र किया कि यूजीसी के दिशा-निर्देशों में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए कोई प्रावधान नहीं है, जिसपर याचिकाकर्ता ने अपनी राहत केवल ओबीसी (गैर-क्रीमी लेयर) तक ही सीमित रखी।हालांकि, अदालत ने याचिकाकर्ता से कहा कि कोई भी विश्वविद्यालय यूजीसी के निर्देशों का पालन करने के लिए बाध्य है, इसलिए प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया जाता है। अदालत ने याचिकाकर्ता से ओबीसी (गैर-क्रीमी लेयर) उम्मीदवार के रूप में कोचिंग अकादमी में प्रवेश लेने के अधिकार पर सवाल उठाया था। पीठ ने कहा, आप हमसे नीति को नए सिरे से तैयार करने के लिए कह रहे हैं। प्रवेश नियमित पाठ्यक्रमों में नहीं, बल्कि कोचिंग सेंटर में दिया जाता है। आरक्षण प्रदान करना प्राधिकारियों का काम है। आप हमसे अधिकार बनाने के लिए कह रहे।

### संपत्ति हड़पने पर महिला समेत चार के खिलाफ केस दर्ज

दादरी। कोतवाली दादरी ने कोर्ट के आदेश पर महिला समेत चार लोगों के खिलाफ फर्जी वसीयत बनाकर संपत्ति हड़पने का मामला दर्ज किया है। बढ़पुरा गांव निवासी हरवीर सिंह उर्फ गजराज अपने अविवाहित दिव्यांग भाई सुरेंद्र एवं अन्य परिजनों के साथ रहते हैं। पिता की संपत्ति का कोई बंटवारा नहीं हुआ है। एक साथ रहकर खेती-बाड़ी कर परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। इनके घर पर विपिन शर्मा व उसके भाई न्यादर गंज निवासी भूपेंद्र उर्फ. मूला का आना जाना था।गजराज ने बताया कि 4 सितंबर 2024 को सुरेंद्र की तबीयत खराब हो गई। सुरेंद्र को विपिन शर्मा शारदा अस्पताल इलाज के लिए ले गया। सूचना मिलने पर जब परिवार के लोग शारदा अस्पताल पहुंचे तब तक विपिन शर्मा व भूपेंद्र उनके भाई को उपचार के लिए भर्ती करा दिया। जब डॉक्टर से पूछा कि क्या परेशानी है तो बताया कि उनको ब्रेन हेमरेज हो गया है। शारदा अस्पताल में उनकी हालत बिगड़ने के चलते अन्य अस्पताल के लिए रेफर करने की बात परिजनों ने कही। तब हरवीर ने कहा कि सुरेंद्र अविवाहित हैं। उनका कोई बेटा नहीं है हम लोग ही परिजन है, लेकिन डॉक्टरों ने रेफर नहीं किया था। जिससे उनकी मौत हो गई थी।

# शिक्षा में है राम की बहुत उपयोगिता: प्रो. योगेश सिंह

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के दूरस्थ एवं सतत शिक्षा विभाग, मुक्त शिक्षण विद्यालय, मुक्त शिक्षण परिसर में श्री राम ऑडिटोरियम की आधारशिला बुधवार, 22 जनवरी को रखी गई। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी-दिल्ली शाखा की अध्यक्ष एवं शिक्षाविद् श्रीमती संगीता सक्सेना बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रही और कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने की। एसओएल के ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि शिक्षा में राम की बहुत उपयोगिता है। श्री राम तो भारत के प्राण हैं और ऐसे व्यक्तित्व के नाम पर ऑडिटोरियम होगा तो अच्छे भाव ही पैदा होंगे। कुलपति ने कहा कि राम को हम अपने नजरिए से देखते हैं, जबकि राम तो नजरिए से परे हैं; और नजरिए को बनाने का काम शिक्षा करती है। इस अवसर पर श्रीमती संगीता सक्सेना ने अपने संबोधन में कहा कि ओपन लर्निंग में वो पढ़ते हैं जिन्हें पढ़ने की ललक होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर हमें कुछ मिलता है तो उसके बदले कुछ देने या लौटाने की जिम्मेदारी




और भी बढ़ती है। श्रीमती सक्सेना ने विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि उड़ने के लिए किसी की इजाजत की जरूरत का इंतजार न करें, ये पंख तुम्हारे हैं और ये आसमान भी तुम्हारा है। कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आपके रहने से दूसरों की जिंदगी में कुछ अच्छा होता है तो आप सफल है। उन्होने कहा कि पैसा सफलता का एक मापदंड हो सकता है, पद सफलता का एक मापदंड हो सकता है, लेकिन ये सफलता के एकमात्र मापदंड नहीं हैं। इसके साथ ही कुलपति ने ओपन लर्निंग में वक्त के साथ परिवर्तनों पर जोर देते हुए कहा कि हमें अपने देश के दूरस्थ शिक्षा के चेहरे को बदलना है। शिक्षक पूरे कोर्स को एक वेब सीरीज की तरह डिजाइन करें और 40-45 मिनट के ध्यानकर्षण वाले विडियो बनाएं। आपको अपने क्षेत्र में उदाहरण प्रस्तुत करने हैं।

कार्यक्रम के दौरान एसओएल की स्व शिक्षण सामग्री (एसएलएम) वितरण के लिए डाक वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसके साथ ही आधारशिला का अनावरण और खेल नीति दस्तावेज का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान शीर्ष पांच मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। 8.5 से अधिक सीजीपीए प्राप्त करने वाली सभी महिला विद्यार्थियों को भी समारोह के दौरान विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही मुक्त शिक्षा विद्यालय के कॉल सेंटर, मीटिंग रूम, और शिशुओं के लिए समर्पित क्रेच सुविधा का उद्घाटन भी किया गया। यह क्रेच विद्यालय के कर्मचारियों के बच्चों के लिए एक सराहनीय व्यवस्था है। कार्यक्रम के आरंभ में सीओएल की निदेशक प्रो. पायल मागो ने अतिथियों का स्वागत किया और एसओएल, सीओएल के बारे में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम के समापन पर एसओएल के प्राचार्य प्रो. अजय जयसवाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर डीन ऑफ कॉलेजेज प्रो. बलराम पाणी एवं दक्षिणी परिसर के निदेशक प्रो. श्री प्रकाश सिंह सहित अनेकों शिक्षक, अधिकारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय जागृति संस्थान ने दिल्ली मे किया भव्य कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी की जयंती, जो देश में पराक्रम दिवस के रूप में मनाई जाती है, के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय जागृति संस्थान एवं इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर ने संयुक्त रूप से इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर के सभागार में एक भव्य नाटक का मंचन किया। यह नाटक ह्लराष्ट्रपुत्रह्व नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जीवन पर आधारित था। इस आयोजन के मुख्य अतिथि सलमान खुर्शीद थे, जो एक प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ, अधिवक्ता, लेखक तथा इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर के अध्यक्ष हैं।

मुख्य अतिथि एवं उपस्थित जनसमूह, जिनमें अधिकतर युवा थे, ने नाटक की बहुत सराहना की। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में युवा कलाकारों की सराहना करते हुए राष्ट्रीय जागृति संस्थान के महासचिव अभय कश्यप, जो इस नाटक के लेखक भी हैं, को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यह मंचन अत्यंत प्रभावशाली है और इससे देश की युवा पीढ़ी को अपने जननायकों को समझने का एक अनूठा अवसर मिलेगा। उन्होंने सुझाव दिया कि इस नाटक को देशभर में प्रदर्शित किया जाना चाहिए ताकि युवाओं को अपने राष्ट्र के नायकों के जीवन और उनके योगदान को गहराई से समझने का अवसर मिल सके। राष्ट्रीय जागृति संस्थान ने युवा पीढ़ी को राष्ट्रपुत्र नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की गौरवशाली विरासत से परिचित कराने का संकल्प लिया है। संस्थान ने देश के अन्य महान नायकों, जैसे आचार्य नरेंद्र देव और पुष्यमित्र शुंग, के जीवन पर आधारित नाटकों की एक श्रृंखला तैयार करने का भी निर्णय लिया है। इस पहल के माध्यम से संस्थान देश के युवाओं को उनके प्रेरणादायक इतिहास से जोड़ने का प्रयास कर रहा है।

## अतिरिक्त दहेज में कोठी न मिलने पर मारपीट कर मायके में छोड़ा

नोएडा। थाना सेक्टर-24 में एक महिला ने अपने पति, सास और ससुर के खिलाफ दहेज के लिए उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि ससुराल वाले उन पर अतिरिक्त दहेज में कोठी खरीदवाने का दवाब बना रहे हैं। सेक्टर-52 निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि चार दिसंबर 2023 को उनका विवाह दिल्ली निवासी शालीन गुप्ता के साथ हुआ था। इस विवाह में उसके पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। इसके बावजूद पति और सास-ससुर इससे संतुष्ट नहीं थे। शादी के कुछ समय में बाद ही उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि उसके पति शालीन गुप्ता, ससुर अभय राजन गुप्ता व सास निशा गुप्ता ने उन पर दबाव बनाया कि वह अपने पिता से नोएडा में एक कोठी खरीदवाकर दें जिससे वह लोग आराम से रह सकें। 26 मार्च 2024 को सास निशा गुप्ता ने लॉकर में रखने के बहाने उससे सोने-चांदी के आभूषण ले लिए। आरोप है कि 11 अप्रैल को सास ने उन्हें सूप पीने के लिए दिया, जिसके बाद उनके सिर में दर्द होने लगा और वह बेहोश हो गईं। होश में आने पर जब उन्होंने पति को यह बात बताई तो उसने कहा कि जब तक कोठी नहीं मिलेगी तो इसी तरह प्रताड़ित किया जाएगा। पीड़िता के मुताबिक उसने जब पुलिस में शिकायत करने की बात कही तो उसकी सास ने धमकी दी कि वह अपने बेटे की दूसरी शादी कर देगी। 12 अप्रैल को वह ससुराल वालों की प्रताड़ना से त्रस्त होकर अपने मायके चली आईं। महिला थाने में दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थता विफल होने के बाद डीसीपी महिला सुरक्षा के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## केजरीवाल ने मध्यम वर्ग के लिए सात सूत्री ‘घोषणापत्र’ जारी किया

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को देश के मध्यम वर्ग के लिए सात सूत्री ह्यह्यघोषणापत्रह्लह्ल जारी करते हुए कहा कि उन्हें लगातार सरकारों द्वारा नजरअंदाज किया गया है और वे कर आतंकवाद के शिकार हैं। उन्होंने बुधवार को एक वीडियो संदेश में कहा कि मध्यम वर्ग भारतीय अर्थव्यवस्था की असली महाशक्ति है, लेकिन लंबे समय से इसे नजरअंदाज किया गया है और केवल कर संग्रह के लिए इसका शोषण किया गया है। केजरीवाल ने मध्यम वर्ग की चिंताओं को दूर करने के उद्देश्य से सात सूत्री चार्टर की घोषणा की। उनकी मांगों में शिक्षा बजट को मौजूदा दो प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत करना और निजी स्कूलों की फीस की सीमा तय करना शामिल है। उन्होंने सभी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के वास्ते उच्च शिक्षा के लिए सब्सिडी और छात्रवृत्ति का भी प्रस्ताव रखा। आप प्रमुख ने स्वास्थ्य सेवा खर्च में वृद्धि की आवश्यकता पर बल दिया और स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर कर हटाने के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवा खर्च को जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) का 10 प्रतिशत तक बढ़ाने का सुझाव दिया। केजरीवाल ने मध्यम वर्ग पर भारी वित्तीय बोझ का हवाला देते हुए आयकर छूट सीमा को सात लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये करने की भी मांग की। उनकी मांगों में एक और मांग आवश्यक वस्तुओं पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) हटाने की थी, जिसके बारे में केजरीवाल ने तर्क दिया कि इससे मध्यम वर्ग के परिवारों पर प्रतिकूल असर पड़ता है। उन्होंने निजी और सरकारी दोनों अस्पतालों में वरिष्ठ नागरिकों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य सेवा सहित अधिक मजबूत सेवानिवृत्ति योजनाओं की भी वकालत की। इसके अलावा, उन्होंने केंद्र सरकार से वरिष्ठ नागरिकों के लिए ट्रेन के किराए पर 50 प्रतिशत की छूट को फिर से शुरू करने का आग्रह किया, जिसे हाल के वर्षों में बंद कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से राजनीतिक दलों ने मध्यम वर्ग को ह्यह्यमानसिक रूप से दासह्लह्ल बना दिया है। उन्होंने मध्यम वर्ग से जुड़े मुद्दों को राजनीतिक चर्चा का केंद्र बनाने का संकल्प जताते हुए कहा कि आप के सांसद आगामी संसदीय सत्रों में मध्यम वर्ग की आवाज उठाएंगे।

**दिशा** — यह नीति सार्वजनिक परिवहन के महत्व को स्वीकार करती है और मौजूदा प्रणाली में सुधार की आवश्यकता पर जोर देती है ...

# ग्रीनपीस इंडिया का पूर्व-बजट प्रस्ताव: नई शहरी गतिशीलता नीति में क्लाइमेट टिकट्स से मिलेगी सार्वजनिक परिवहन को नई दिशा

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। ग्रीनपीस इंडिया और पब्लिक ट्रांसपोर्ट फोरम के तत्वाधान में प्रेस क्लब ऑफ इंडिया दिल्ली में किफायती सार्वजनिक परिवहन के लिए नागरिक मसौदा नीति लॉन्च की गई। यह मसौदा नीति, विशेषज्ञों और नागरिकों के साथ व्यापक परामर्श के माध्यम से बनाई गई है, जिसका उद्देश्य भारत में शहरी गतिशीलता को पूरी तरह से दुरुस्त करना है। यह नीति सार्वजनिक परिवहन के महत्व को स्वीकार करती है और मौजूदा प्रणाली में सुधार की आवश्यकता पर जोर देती है, जो वित्तीय कमी और निजी वाहनों को प्राथमिकता देने के कारण प्रभावी रूप से कार्य करने में असमर्थ हो गई है। मसौदा नीति में न्यायसंगत, टिकाऊ और समावेशी सार्वजनिक परिवहन प्रणाली का विस्तार से उल्लेख किया गया है, जिससे परिवहन सभी के लिए अधिक किफायती और सुलभ बन सके। इसमें क्लाइमेट टिकट्स जैसे प्रमुख सुझाव शामिल हैं, जो मुफ्त या रियायती सार्वजनिक परिवहन विकल्प प्रदान करते हैं। साथ ही नीति केंद्र सरकार से सार्वजनिक परिवहन के बुनियादी ढांचे और सेवाओं में वित्तीय योगदान बढ़ाने की मांग करती है। यह मसौदा नीति सार्वजनिक परिवहन में निष्पक्षता, पर्यावरणीय जिम्मेदारी और संचालन क्षमता को प्राथमिकता देती है। नागरिकों के सुझावों पर आधारित यह नीति भारत की सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को समावेशी, टिकाऊ और प्रभावी बनाने का उद्देश्य रखती है। ग्रीनपीस इंडिया के कैंपेनर आकि ज फारूक ने कहा कि यह केंद्रीय बजट सरकार के लिए भारत के जलवायु लक्ष्यों को हासिल करने की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर हो सकता है। परिवहन को सुलभ, किफायती और प्रभावी बनाने के लिए निवेश बेहद आवश्यक है। मसौदा नीति भारत के लिए एक टिकाऊ, न्यायसंगत और किफायती सार्वजनिक परिवहन प्रणाली का खाका पेश करती है। एक स्वच्छ और पर्यावरण-अनुकूल भारत के निर्माण के लिए केंद्र सरकार को ऐसी नीतिगत और वित्तीय पहल अपनानी चाहिए, जो सार्वजनिक परिवहन को प्रभावी और किफायती बनाएं।

फारूक ने कहा, हमारे जैसे देश में जहां सतत विकास की अपार संभावनाएं हैं, नौकरियों, स्वास्थ्य सेवाओं और अवकाश के अवसरों तक पहुंच सुनिश्चित करना आवश्यक है, और सभी के लिए सुलभ सार्वजनिक परिवहन इसमें एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह केवल मुफ्त टिकट प्रदान करने का मामला नहीं है, बल्कि राज्य की नागरिकों के प्रति जिम्मेदारी का प्रश्न है, विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों, और बच्चों जैसे समूहों के लिए, जो राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में अहम योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि मसौदा नीति भारत में मौजूदा सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों की चुनौतियों को उजागर करती है। इनमें सड़क अवसंरचना पर अत्यधिक ध्यान और निवेश केंद्रित करना शामिल है, जहां संसाधन मुख्य रूप से सड़क विस्तार, फ्लाईओवर और सुरंगों पर खर्च किए जाते हैं, जबकि सार्वजनिक परिवहन के बुनियादी ढांचे को पर्याप्त प्राथमिकता नहीं मिलती। सार्वजनिक बस सेवाओं में भी कई कमियां हैं, जैसे अपर्याप्त बस अड्डे, महंगी किराए, सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं और हाशिए पर रहने वाले समुदायों की सीमित पहुंच। इसके साथ ही, सार्वजनिक परिवहन के लिए समर्पित धनराशि की कमी है, जिससे संचालन और रखरखाव के लिए पर्याप्त वित्तीय सहायता उपलब्ध नहीं हो पाती। सार्वभौमिक निशुल्क सार्वजनिक परिवहन: महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों और दिव्यांगजनों के लिए क्लाइमेट टिकट के माध्यम से चरणबद्ध तरीके से निःशुल्क सार्वजनिक परिवहन की योजना बनाई गई है, जिसे अंततः सभी नागरिकों के लिए लागू किया जाएगा। संसाधनों का पुनर्विनियोजन: सड़क निर्माण, मेट्रो परियोजनाओं और जीवाश्म ईंधन सब्सिडी में होने वाले निवेश को सार्वजनिक परिवहन प्रणाली के विस्तार और सुधार दिशा में मोड़ने की आवश्यकता है। ढांचे और सेवाओं का उन्नयन: शहरों में बस अड्डे को दोगुना करें, समर्पित बस लेन बनाएं, बस डिपो का आधुनिकीकरण करें, बस स्टॉप को सुलभ सुविधाओं के साथ बेहतर बनाएं और फर्स्ट/लास्ट-माइल कनेक्टिविटी में सुधार करें। कर्मचारियों के अधिकारों की सुरक्षा: कर्मचारियों को उचित वेतन, सुरक्षित कार्य स्थितियां और कार्यबल में लैंगिक समावेशन सुनिश्चित करें। सार्वजनिक परिवहन से संबंधित नौकरियों को हरित नौकरियों के रूप में मान्यता दें और निर्णय लेने की प्रक्रिया में कार्यबल की भागीदारी को प्रोत्साहित करें। राज्यस्तरीय सार्वजनिक परिवहन निधि: केंद्रीय, राज्य और नगरपालिका योगदान के माध्यम से एक समर्पित वित्त पोषण तंत्र स्थापित करें। सार्वजनिक परिवहन पर लगने वाले करों को समाप्त करें ताकि परिचालन लागत कम हो और बचत को सेवा सुधारों में पुनर्निवेश किया जा सके। जलवायु वित्त का समावेशन: सार्वजनिक परिवहन को एक प्रमुख जलवायु कार्रवाई उपकरण के रूप में प्रस्तुत करें, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय जलवायु वित्त का उपयोग करते हुए सुलभता, संचालन दक्षता और उत्सर्जन में कमी को बढ़ावा दें।

नागरिक भागीदारी और बहु-स्तरीय शासन: केंद्रीय, राज्य और स्थानीय सरकारों के बीच समन्वित प्रयासों का समर्थन करें, जिसमें राज्य योजना बोर्ड कार्यान्वयन का प्रबंधन करेंगे। नागरिक उपयोगकर्ता संघों का गठन करें और समावेशी नीति निर्माण के लिए वार्षिक समीक्षा आयोजित करें। जन जागरुकता अभियान: विशेष रूप से महिलाओं के लिए निशुल्क सार्वजनिक परिवहन के प्रति रूढ़ियों को तोड़ें और शिक्षा और जागरुकता अभियानों के माध्यम से सुलभ, सस्ता और विश्वसनीय परिवहन का अधिकार बढ़ावा दें।

# सुभाष चंद्र बोसः पीढ़ियों को प्रेरित करने वाली विरासत

पराक्रम दिवस के अवसर पर, जो नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती को रेखांकित करता है, हम भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके अपार योगदान और उनकी अदम्य भावना का सम्मान करते हैं, जो आज भी युवाओं को प्रेरित करती है। इस दूरदर्शी नेता के जीवन और आदर्शों का उत्सव मनाने के लिए स्थापित, पराक्रम दिवस इस बात पर विचार करने का एक अवसर है कि हम उनके सिद्धांतों को अपनी व्यक्तिगत और राष्ट्रीय आकांक्षाओं के साथ कैसे एकीकृत कर सकते हैं। यह दिन, न केवल उनके बलिदान की याद दिलाता है, बल्कि कार्रवाई का आह्वान भी करता है तथा हमें साहस, निष्ठा और नेतृत्व के उनके सिद्धांतों को अपनाने का आग्रह करता है, ताकि एक समृद्ध, आत्मनिर्भर राष्ट्र का निर्माण किया जा सके। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, नेताजी के योगदान को संस्थागत रूप दिया गया है तथा इसे पहले से कहीं ज्यादा बड़े पैमाने पर मनाया जा रहा है। 2021 में, सरकार ने 23 जनवरी को पराक्रम दिवस के रूप में नामित किया, जिससे नेताजी की विरासत का सम्मान करने के लिए वार्षिक राष्ट्रव्यापी समारोह सुनिश्चित हुआ। कर्त्तव्य पथ पुनर्विकास परियोजना के तहत इंडिया गेट पर नेताजी की प्रतिमा का अनावरण, उनके विजन के प्रति एक ऐतिहासिक श्रद्धांजलि थी। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे ह्वभारतीय गौरव और संस्कृति के पुनरुत्थानह्ल का प्रतीक घोषित किया, जो बोस के राष्ट्रवाद के आदर्शों के अनुरूप है। इसके अलावा, नेताजी से जुड़ी 304 फाइलों को सार्वजनिक करना एक ऐतिहासिक कदम था, जिसने दशकों से चल रही अटकलों को खत्म कर दिया और जनता को उनके जीवन और कार्य से जुड़े महत्वपूर्ण रिकॉर्ड तक पहुंच प्रदान की। इसके अतिरिक्त, मणिपुर के मोइरंग में आईएनए मेमोरियल का पुनरुद्धार, जहां इंडियन नेशनल आर्मी ने पहली बार तिरंगा फहराया था, नेताजी की विरासत को संरक्षित करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करता है। माननीय प्रधानमंत्री मोदी ने बोस के वैश्विक प्रभाव पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ह्वनेताजी का जीवन स्वतंत्रता के लिए समर्पित था और उन्होंने एक ऐसे भारत की कल्पना की थी, जो आत्मनिर्भर और आत्मविश्वास से भरा हो। सुभाष बोस का जन्म कटक में एक सम्मानित परिवार में हुआ था। वे एक प्रतिभाशाली छात्र थे। कटक के रेवेनशॉ कॉलेजिएट स्कूल, कलकत्ता के प्रेसीडेंसी कॉलेज और भारतीय सिविल सेवा (आईसीएस) परीक्षा में उन्होंने अपने अध्ययन का बेहतरीन प्रदर्शन किया। देशभक्ति की गहरी भावना और अपने देश की सेवा करने की इच्छा से प्रेरित होकर, उन्होंने एक सम्मानजनक करियर की सुख-सुविधाओं को ठुकराते हुए आईसीएस से इस्तीफा देने का फैसला किया। बाद में, उन्होंने देशभक्ति की भावना जगाने और देशवासियों के बीच स्वतंत्रता का संदेश फैलाने के लिए 1921 में स्वराज नामक एक समाचार पत्र शुरू किया। नेताजी का स्वतंत्र भारत का सपना सिर्फ.एक सपना नहीं था, बल्कि कार्रवाई का आह्वान था। जब वे 1941 में नजरबंदी से भाग निकले और अंतरराष्ट्रीय समर्थन मांगा, तो यह सिर्फ.एक रणनीतिक कदम नहीं था - यह दृढ़ संकल्प, सहनशीलता और जरूरत पड़ने पर अपरंपरागत रास्ते अपनाने की इच्छाशक्ति का एक साहसिक दावा था। उन्होंने घोषणा की, मुझे खून दो और मैं तुम्हें आजादी दूंगा, यह उनके इस विश्वास को दर्शाता है कि सच्ची आजादी के लिए सिर्फ.शब्दों की नहीं, बल्कि कार्यों की भी जरूरत होती है। चाहे वह इंडियन नेशनल आर्मी (आईएनए) के निर्माण के जरिए हो या आजाद हिंद रेडियो पर उनके भाषणों के जरिए, बोस ने दिखाया कि आजादी हासिल करने के लिए सामूहिक प्रयास, बलिदान और प्रगति के व्यापक दृष्टिकोण में योगदान देने की इच्छा की जरूरत होती है। पूर्व ब्रिटिश पीएम क्लेमेंट एटली ने एक बयान में अंग्रेजों के भारत छोड़ने के कई कारण बताए, उनमें से सबसे प्रमुख कारण था - नेताजी की सैन्य गतिविधियों के परिणामस्वरूप भारतीय सेना और नौसेना कर्मियों के बीच ब्रिटिश राज के प्रति वफादारी का कम होना। यद्यपि महात्मा गांधी के साथ उनके वैचारिक मतभेद जगजाहिर थे, लेकिन गांधी के सिद्धांतों के प्रति बोस का सम्मान अटल रहा और उनके विपरीत रास्ते उनके पृथक दृष्टिकोणों को उजागर करते थे। नेताजी ने 1939 में कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया, लेकिन भारत की स्वतंत्रता की उनकी प्रतिबद्धता कभी कम नहीं हुई। आज के युवाओं के लिए, यह हमें अपने आदर्शों के प्रति सच्चे रहने का महत्व सिखाता है, भले ही आगे का रास्ता चुनौतियों से भरा हो।

# ट्रंप के आपातकाल फैसले

राष्ट्रपति बनते ही डोनाल्ड ट्रंप ने अमरीका की दक्षिणी सीमा, मैक्सिको बॉर्डर, पर आपातकाल घोषित कर दिया। वहां सेना भेजने की भी घोषणा की गई है। राष्ट्रपति ट्रंप के लिए अवैध घुसपैठियों का मुद्दा सबसे संवेदनशील है। अवैध प्रवासियों को उनके मूल देश तक अमरीका छोड़ कर ही दम लेगा। इनमें करीब 18, 000 भारतीयों पर भी तलवार लटकी है, जो अवैध प्रवासी हैं। मैक्सिको बॉर्डर पर दीवार बनाने का काम तेज किया जाएगा। राष्ट्रपति ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान भी यह दीवार उनकी पहली प्राथमिकताओं में थी। मैक्सिको खाड़ी का नाम जल्द ही बदल कर अमरीका की खाड़ी किया जाएगा। अमरीका में जो ड्रग तस्कर, माफिया किस्म के लोग सक्रिय हैं, उन्हें राष्ट्रपति ने आतंकवादी घोषित कर दिया है। अमरीका पनामा नहर पर कब्जा करेगा। ट्रंप ने घोषणा की है कि हमने पनामा नहर तोहफे के तौर पनामा को दी थी, लेकिन चीन इसका संचालन कर रहा है। हमने चीन को यह नहर नहीं दी थी, लिहाजा हम इसे वापस ले रहे हैं। क्या कब्जे की नीयत अमरीका-चीन में नए टकराव का सबब नहीं बनेगी? राष्ट्रपति ट्रंप ने एनर्जी इमरजेंसी भी घोषित कर अपना मकसद साफ कर दिया है। अमरीका ऊर्जा-उत्पादन को बढ़ावा देगा और दुनिया के देशों को इसका निर्यात करेगा। अमरीका ग्रीन न्यू डील को समाप्त करेगा। विद्युत-वाहनों की अनिवार्यता रद्द की जाएगी। इन वाहनों पर सबसिडी भी खत्म की जाएगी। पेट्रोल-डीजल की गाडिों को प्रोत्साहन देकर ह्वऑटो उद्योगह्ल को दोबारा जिंदा करेंगे। दूसरे देशों को समृद्ध बनाने के लिए अपने नागरिकों पर टैक्स लगाने के बजाय विदेशों पर अधिक टैरिफ और कर लगाएंगे। राष्ट्रपति ट्रंप ने सबसे महत्वपूर्ण घोषणा यह की है कि अमरीकी सेना स्वतंत्र रूप से अपने मिशन पूरे करेगी, लेकिन दूसरे देशों के युद्धों, टकरावों में अब सेना शामिल नहीं होगी। ट्रंप का संकेत स्पष्ट है, क्योंकि अमरीकी सेना विदेशी जमीन पर हस्तक्षेप करती रही है, लेकिन पराजित होकर, खाली हाथ उसे लौटना पड़ा है। ट्रंप के मुताबिक, हमारे लिए देश की सीमाओं की सुरक्षा करना पहली प्राथमिकता है। अमरीका दुनिया भर में अमन-चैन और स्थिरता का पक्षधर है। नए राष्ट्रपति अब शांति-पुरुष की छवि बनाकर नोबेल पुरस्कार हासिल करना चाहते हैं? बहरहाल राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल के आगाज पर कई संकेत दिए हैं कि वह आपातकाल, आक्रामक, परिवर्तनकारी, भिन्न, सौ फीसदी अमरीका फर्स्ट और युद्ध-विरोधी नीतियों के साथ आगे बढ़ेंगे। वह अमरीका को दोबारा मैन्युफैक्चरिंग का गढ़ बनाना चाहते हैं। अमरीका में महंगाई, मुद्रास्फीति, बेरोजगारी को कम करना चाहते हैं, ताकि अमरीका फिर से महान देश बन सके। पूर्व राष्ट्रपति बाइडेन उनकी बगल में, दूसरी कतार में ही, बैठे थे और राष्ट्रपति ट्रंप उनकी सरकार की छीछालेदर कर रहे थे। ऐसा देश महान लोकतंत्र नहीं बन सकता। ट्रंप ने 20 जनवरी को अमरीका का मुक्ति दिवस घोषित किया। आखिर अमरीका किनसे मुक्ति पा रहा है? राष्ट्रपति ट्रंप बहुत जल्दी में लगते हैं। बताया जा रहा है कि वह करीब 200 आदेशों पर हस्ताक्षर करने वाले हैं। क्या उनमें भी अधिकतर फैसले ह्वआपातकालह्ल किस्म के होंगे? बहरहाल हमारा बुनियादी सरोकार अमरीका, भारत, चीन के अंतसंर्बंधों और समीकरणों पर है। राष्ट्रपति ट्रंप निकट भविष्य में भारत या चीन की यात्रा कर सकते हैं। भारत-प्रवास का कार्यक्रम अप्रैल में संभावित बताया जा रहा है। बहरहाल, ट्रंप के कदमों से सभी पक्षों के लोग घबराहट और चिंता की स्थिति में हैं।

# आत्मनिर्भरता को मजबूत करते हुए चीन के साथ भारत के सम्बंध

**भारत-चीन सम्बंध अभिसरण और घर्षण दोनों से चिह्नित हैं, जिसके लिए एक सूक्ष्म दृष्टिकोण की आवश्यकता है। जबकि व्यापार, जलवायु कार्यवाही और बहुपक्षीय सहयोग जैसे क्षेत्र अवसर प्रदान करते हैं, सीमा विवाद, व्यापार असंतुलन और भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता जैसी चुनौतियाँ बनी रहती हैं। भारत को आत्मनिर्भरता और आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए रणनीतिक सावधानी के साथ जुड़ाव को संतुलित करना चाहिए। गठबंधनों को मजबूत करना, घरेलू नवाचार को बढ़ावा देना और आर्थिक लचीलेपन को बढ़ावा देना महत्त्वपूर्ण है। एक व्यावहारिक और बहुआयामी रणनीति अपनाकर, भारत क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा देते हुए अपने हितों की रक्षा कर सकता है। भारत क्वाड नौसैनिक अभ्यास के माध्यम से नौसैनिक गठबंधनों को मजबूत कर सकता है, जबकि हिंद महासागर में तनाव को रोकने के लिए कूटनीतिक रूप से चीन से जुड़ सकता है। उदाहरण के लिए, भारत ने अंतर-संचालन को बढ़ाने के लिए अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ मालाबार 2023 अभ्यास किया।**






प्रियंका सौरभ
लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारत गैर-प्रतिस्थापनीय आयातों के लिए चुनिंदा व्यापार सम्बंधों को बनाए रखते हुए महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में घरेलू उत्पादन को बढ़ावा दे सकता है। उदाहरण के लिए, सेमीकंडक्टर के लिए पीएलआई योजना माइक्रोन टेक्नोलॉजी जैसी वैश्विक कंपनियों को आकर्षित कर रही है, जबकि भारत घरेलू क्षमता बढ़ने तक चीन से उन्नत सिलिकॉन वेफर्स का आयात जारी रखता है। इसी तरह, टैरिफ वृद्धि और स्थानीय विनिर्माण द्वारा समर्थित भारत के खिलौना उद्योग ने चीन से आयात कम कर दिया। हरित ऊर्जा में सहयोग, विविध भागीदारः भारत साझा चिंताओं को दूर करने के लिए ब्रिक्स जैसे बहुपक्षीय जलवायु मंचों पर चीन के साथ जुड़ सकता है, जबकि विविध देशों से नवीकरणीय ऊर्जा प्राप्त कर सकता है। भारत ने इंडो-जर्मन ग्रीन हाइड्रोजन टास्क फोर्स के माध्यम से हरित हाइड्रोजन विकास में जर्मनी के साथ भागीदारी की, जबकि जापान के साथ सौर बैटरी प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर भी बातचीत की। इस बीच, भारत घरेलू नवीकरणीय उद्योगों में क्षमता निर्माण के लिए पवन टर्बाइनों में चीन की विशेषज्ञता का लाभ उठा सकता है। महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के लिए स्वदेशी विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए ईवी विनिर्माण जैसे गैर-संवेदनशील क्षेत्रों में चीनी फर्मों के साथ साझेदारी को प्रोत्साहित करें। उदाहरण के लिए, चीन की इलेक्ट्रिक वाहन प्रमुख कंपनी बीवाईडी भारत में विनिर्माण कार्य शुरू करने के लिए उत्सुक है, जैसे ही ह्वसभी कारकह्ल ह्वआगे बढ़नेह्ल का संकेत देते हैं और योजना निरंतर मूल्यांकन के अधीन है। भारत कूटनीतिक जुड़ाव जारी रखते हुए चीन की मुखर उपस्थिति का मुकाबला करने के लिए सीमा पर बुनियादी ढाँचा विकसित कर सकता है। उदाहरण के लिए, भारत के (सीमा सड़क संगठन) ने लद्दाख तक पहुँच को बेहतर बनाने के लिए अटल सुरंग को पूरा किया, जबकि दिसम्बर 2024 में भारत और चीन के विशेष प्रतिनिधियों की 23वीं बैठक के माध्यम से कूटनीतिक प्रयासों ने कुछ क्षेत्रों में तनाव कम किया। भारत साझा विकास लक्ष्यों के लिए एआईआईबी और एससीओ जैसे प्लेटफॉर्म का लाभ उठा सकता है जबकि क्वाड जैसी साझेदारी के माध्यम से चीन के प्रभाव को संतुलित कर सकता है। उदाहरण के लिए, एससीओ के क्षेत्रीय आतंकवाद-रोधी ढांचे में भारत की सक्रिय भागीदारी आतंकवाद-रोधी सहयोग सुनिश्चित करती है, जबकि साथ ही सेमीकंडक्टर और दुर्लभ पृथ्वी के स्रोत में विविधता लाने के लिए क्वाड की आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन पहल का उपयोग करती है। प्रौद्योगिकी सहयोग, स्वदेशी नवाचारः भारत कृषि के लिए एआई जैसे कम संवेदनशील क्षेत्रों में चीन के साथ सहयोग कर सकता है, जबकि महत्त्वपूर्ण तकनीकी क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित कर सकता है। उदाहरण के लिए, भारत भारतनेट और चंद्रयान मिशन जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से 5जी और उपग्रह तकनीक में घरेलू प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए, सटीक खेती एआई में चीन की विशेषज्ञता का लाभ उठा सकता है। भारत चीन के साथ आर्थिक जुड़ाव बनाए रखते हुए आसियान, दक्षिण कोरिया और अफ्रीकी देशों के साथ व्यापार साझेदारी को गहरा करके चीनी आयात पर अपनी निर्भरता कम कर सकता है। उदाहरण के लिए, भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी ने वियतनाम के साथ मजबूत व्यापार सम्बंधों को बढ़ावा दिया, विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स और रसायनों में, जिससे चीनी आपूर्ति श्रृंखलाओं पर निर्भरता कम हुई। भारत क्वाड नौसैनिक अभ्यास के माध्यम से नौसैनिक गठबंधनों को मजबूत कर सकता है, जबकि हिंद महासागर में तनाव को रोकने के लिए कूटनीतिक रूप से चीन से जुड़ सकता है। उदाहरण के लिए, भारत ने अंतर-संचालन को बढ़ाने के लिए अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ मालाबार 2023 अभ्यास किया। जबकि, भारत की सागरमाला परियोजना हंबनटोटा जैसे समुद्र में चीनी प्रभाव को संतुलित करने के लिए रणनीतिक भारतीय बंदरगाहों के विकास को सुनिश्चित करती है। भारत चीन के आपूर्ति श्रृंखला प्रभुत्व का मुकाबला करने के लिए बांग्लादेश, नेपाल और अफ्रीकी देशों जैसे पड़ोसी देशों में क्षेत्रीय विनिर्माण केंद्र विकसित करने में रणनीतिक रूप से निवेश कर सकता है। औद्योगिक पार्कों का निर्माण करके और इन क्षेत्रों में परिचालन का विस्तार करने के लिए भारतीय फर्मों को प्रोत्साहित करके, भारत वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखलाएँ बना सकता है। उदाहरण के लिए, भारत कपड़ा विनिर्माण के लिए इथियोपिया के साथ साझेदारी कर सकता है, जिससे निर्भरता में विविधता आएगी और भू-राजनीतिक सद्भावना बनेगी। भारत क्षेत्रीय स्थिरता का प्रबंधन करने के लिए चीन के साथ कूटनीतिक चर्चा करते हुए नागरिक और सैन्य दोनों जरूरतों को पूरा करने के लिए पूर्वोत्तर और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में बुनियादी ढाँचा विकसित कर सकता है। उदाहरण के लिए, रसद के लिए पोर्ट ब्लेयर की क्षमता का विस्तार संघर्ष को बढ़ाए बिना भारत की रणनीतिक स्वायत्तता को दशार्ता है। यह चीन की स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स रणनीति का मुकाबला करते हुए इंडो-पैसिफिक में आपूर्ति श्रृंखला कनेक्टिविटी भी सुनिश्चित करता है। भारत चीन पर अत्यधिक निर्भरता के कारण होने वाले अल्पकालिक व्यवधानों को कम करने के लिए दुर्लभ पृथ्वी खनिजों, एपीआई और अर्धचालकों जैसे महत्त्वपूर्ण आयातों के रणनीतिक भंडार बना सकता है। उदाहरण के लिए, भारत लिथियम के लिए ऑस्ट्रेलिया और चिली के साथ साझेदारी स्थापित कर सकता है, ईवी विनिर्माण जैसे उद्योगों का समर्थन करने के लिए भंडार बना सकता है। यह भू-राजनीतिक तनावों के दौरान घबराहट से प्रेरित निर्भरता को कम करते हुए आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन सुनिश्चित करता है। कपड़ा और खिलौने जैसे क्षेत्रों में सस्ते चीनी आयात का मुकाबला करने के लिए, भारत ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडिंग के साथ उन्हें एकीकृत करके पारंपरिक उद्योगों को पुनर्जीवित कर सकता है। उदाहरण के लिए, ह्वएक जिला, एक उत्पाद जैसी योजनाओं के तहत उत्पादों का निर्यात करते हुए अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसे प्लेटफॉर्म के साथ साझेदारी करके पोचमपल्ली रेशम, बनारसी साड़ियों और भारतीय लकड़ी के खिलौनों की वैश्विक स्तर पर पहुँच बढ़ाई जा सकती है। यह भारत के एमएसएमई पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देते हुए कम तकनीक वाले क्षेत्रों में चीनी आयात पर निर्भरता को कम करता है।

# भारत में अर्ध कुंभ, पूर्ण कुंभ और महाकुंभ का होता है आयोजन

**लगातार बजते घड़ी-घंटाल, शंखों की गूंजती ध्वनि, मंत्रोच्चार, 24 घंटे पवित्र गंगा-यमुना-सरस्वती के संगम में स्नान करते असंख्य लोग, यज्ञशालाओं से निकलती हवन कुंड की अग्नि, भजन-कीर्तन के साथ प्रवचनों और हेलीकॉप्टरों द्वारा पुष्प वर्षों से वातावरण भक्तिमय दिखता है। कुंभ स्नान की डुबकी लगाते ही यह महसूस होता है कि शरीर हल्का हो गया है और लगता है शरीर का सैकड़ों मन का बोझ डुबकी लगाते ही पानी में बह गया। स्नानोपरांत मन और शरीर एक आलौकिक किस्म की दिव्य ऊर्जा से लगता है की भर गया। महाकुंभ मेला के संबंध में मान्यता है कि ज्योतिषिय और खगोलीय घटनाओं के अनुसार महाकुंभ मेला आयोजित होता है और इस बार 144 वर्ष के बाद यह मेला आयोजित हुआ है। यह भी मान्यता है कि महाकुंभ में स्नान करने से मनुष्य को कई गुना अधिक पुण्य की प्राप्ति होता है और मोक्ष प्राप्ति का का भी अवसर मिलता है।**





जितेन्द्र कुमार सिन्हा
लेखक

45 दिनों तक चलती है महाकुंभ मेला, जिसमें करोड़ों श्रद्धालु गंगा, यमुना और रहस्यमयी सरस्वती के पवित्र संगम पर स्नान करते हैं। महाकुम्भ में 13 जनवरी को मुख्य स्नान और 14 जनवरी को मकर संक्रान्ति स्नान हो चुका है। अब 29 जनवरी को मौनी अमावस्या स्नान, 03 फरवरी को बसंत पंचमी स्नान, 12 फरवरी को महाशिवरात्रि स्नान और अंतिम स्नान के 26 फरवरी को माघी पूर्णिमा स्नान होगी। कुंभ नगर 4000 हेक्टेयर में बनाया गया है और इसे 25 सेक्टरों में बांटा गया है, डेढ़ लाख से अधिक टेंट बनाया गया है, 44 घाटों पर श्रद्धालुओं के स्नान की व्यवस्था है, जो 12 किलोमीटर लंबाई में फैली हुई है। गाड़ी पार्किंग की व्यवस्था 102 स्थानों पर किया गया हैं, जिनमें लगभग साढ़े पांच लाख गाड़ियां खड़ी हो सकती हैं।मुख्य रूप से कुंभ समागन में तपस्वी, संत, साधु, साध्वियां, कल्पवासी और सभी क्षेत्रों के तीर्थयात्री शामिल होते हैं। इस मेला में सभी धर्मों के लोग बिना जात पात, ऊंच नीच की भावना से विरक्त होकर शामिल होते हैं। महाकुंभ का दृश्य विहंगम दिखता है। मीलों तक भगवा वस्त्रों में लिपटे साधु-संतों की कतारें, उनके द्वारा मंत्रोच्चार करते, जहां तक नजरें देख घुमती हैं, वहां तक फैला जन सैलाब, यह एक ऐसा दृश्य होता है, जो कुंभ के अलावा कहीं नहीं देखने को मिलता है। संगम स्नान करने के बाद वापस आ रहे लोगों के हुजूम (महाकुंभ के दृश्य) पूरे देश को आह्लादित कर रहा हैं। सूत्रों के माने तो बुधादित्य महायोग के दिन 13 जनवरी को श्रद्धालुओं के संगम स्नान करने का आंकड़ा एक करोड़, पचहत्तर लाख रहा था, तो वहीं 14 जनवरी का लगभग साढ़े तीन करोड़ बताया जा रहा है। मोटा-मोटी आकलन किया गया है कि लगभग 40 करोड़ लोग देश-विदेश से प्रयागराज महाकुंभ में पहुंचेंगे। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुम्भ मेला 13 जनवरी से शुरू है और 26 फरवरी तक चलेगा। यह मेला गंगा नदी, यमुना नदी और अदृश्य सरस्वती नदी के संगम पर लगता है। हिन्दू धर्म में कुम्भ मेला एक धार्मिक आस्था का तीर्थ यात्रा है, जो 12 वर्ष के दौरान चार बार और चार पवित्र स्थलों पर लगती है। पहला हरिद्वार, उतराखंड में गंगा नदी के तट पर, दूसरा उज्जैन, मध्यप्रदेश में शिप्रा नदी के तट पर, तीसरा नासिक, महाराष्ट्र में गोदावरी नदी के तट पर और चौथा प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में, गंगा, यमुना और पौराणिक अदृश्य सरस्वती नदियों के संगम पर। कुम्भ का शाब्दिक अर्थ घड़ा-कलश- सुराही या वर्तन से होता है और मेला से एक साथ मिलने या चलने का बोध होता है। कुम्भ की उत्पत्ति के संबंध में मान्यता है कि जब समुद्र मंथन के दौरान अमरता को प्रदान करने वाला अमृत कलश समुद्र से निकला था और कलश के लिए देवताओं और असुरों के बीच भयंकर युद्ध हुआ था। अमृत कलश को अधिक शक्तिशाली असुरों से बचाने के लिए इसकी सुरक्षा की जबाबदेही चार देवताओं यथा बृहस्पति, शनि, सूर्य और चन्द्र को सौंपी गई थी। चारों देवता असुरों से अमृत कलश को बचाकर भागे और असुरों ने देवताओं का पीछा 12 दिन और रात तक किया। पीछा करने के दौरान देवताओं ने अमृत कलश को चार जगह हरिद्वार, प्रयागराज, उज्जैन और नासिक में रखा था, जहाँ कलश से अमृत की कुछ बूंदें गिरी थी। इसलिए इन चारो स्थान पर हर 12 वर्ष पर कुंभ मेला लगता है। भारत में अर्ध कुंभ, पूर्ण कुंभ और महाकुंभ का आयोजन होता है। अर्ध कुंभ छह साल में, पूर्ण कुंभ बारह साल में तथा महाकुंभ बारह पूर्ण कुंभ मेलों के बाद, अर्थात हर 144 साल वर्षों में एक बार आयोजित होता है। यह महाकुंभ का संयोग तब बनता है, जब वृहस्पति और सूर्य कुंभ राशि में होते हैं और इसके साथ चंद्रमा भी उसी राशि में अवस्थित होते हैं। कुंभ मेला कई शताब्दियों से मनाया जा रहा है। प्रयागराज कुंभ मेले का सबसे पहला उल्लेख वर्ष 1600 ई. में मिलता है और अन्य स्थानों पर, कुंभ मेला 14वीं शताब्दी की शुरूआत में आयोजित किया गया था। कुंभ मेला में साधुओं के शाही स्नान के बाद ही नदी में कोई अन्य लोग स्नान करते हैं। हिंदू सनातन संस्कृति के अनुसार कुंभ मेला एक धार्मिक महाआयोजन है। कुंभ मेले के दौरान हाथी, घोड़े और रथों पर अखाड़ों का पारंपरिक जुलूस निकलती है। सनातन धर्म में 13 तरह के अखाड़े होते हैं (1) निरंजनी अखाड़ा, (2) जूना अखाड़ा, (3) महानिर्माण अखाड़ा, (4) अटल अखाड़ा, (5) आह्वान अखाड़ा, (6) आनंद अखाड़ा, (7) पंचाग्नि अखाड़ा, (8) नागपंथी गोरखनाथ अखाड़ा, (9) वैष्णव अखाड़ा, (10) उदासीन पंचायती बड़ा अखाड़ा, (11) उदासीन नया अखाड़ा, (12) निर्मल पंचायती अखाड़ा, (13) निमोर्ही अखाड़ा। सूत्रों के अनुसार, यह सभी अखाड़े उदासीन, शैव और वैष्णव पंथ के संन्यासियों के लिए हैं। इनमें से 7 अखाड़ों का संबंध शैव सन्यासी संप्रदाय से है और 3 अखाड़े बैरागी वैष्णव संप्रदाय से जुड़े हुए हैं। इसके साथ ही उदासीन संप्रदाय के 3 अखाड़े हैं। त्रिवेणी मार्ग पर पीपा पुल पार करते ही अखाड़ा क्षेत्र शुरू हो जाता है। महाकुंभ के साधु-संतों को अखाड़े के नाम से जाना जाता है। साधु संतों के इन अखाड़ों को हिन्दू धर्म में धार्मिकता और साधना का प्रतीक माना जाता है। सनातन धर्म के अनुसार, आदि शंकराचार्य ने हिन्दू धर्म की रक्षा करने के लिए साधुओं के लिए कई संगठन बनाए थे। इन संगठनों को अखाड़े के नाम से जाना जाता है। मान्यता है कि कुंभ मेला के दौरान इन स्थलों पर स्नान करने से, मनुष्य के सभी पाप कर्मों और किए गए बुराईयों का नाश हो जाता है और मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है। यह भी मान्यता है कि इस समय (कुंभ के समय) गंगा का पानी सकारात्मक ऊर्जा से भरा रहता है।

# कुम्भ में डुबकी लगाती सरकार और जनता के मुद्दे

राकेश अचल

शायद मै ही पापी हूँ जो 144 साल बाद आये महत्वपूर्ण नक्षत्रों और तिथियों वाले महाकुम्भ में डुबकी लगाने नहीं जा रहा, अन्यथा उत्तर प्रदेश की सरकार और देश के तमाम ज्वलंत मुद्दे महाकुम्भ में डुबकी लगाकर तरते दिखाई दे रहे हैं, और तो और अमेरिका में रिश्वत देने के आरोपी भी इस महाकुम्भ में डुबकी के लिए पहुँच चुके हैं। लेकिन मुझे महाकुम्भ में डुबकी न लगाने का कोई अफसोस नहीं है, क्योंकि मैंने अभी तक जान-बूझकर कोई पाप नहीं किया और अनजाने पापों के लिए मुझे कोई आत्मग्लानि नहीं है। आपको हैरानी होगी कि इस महाकुम्भ की वजह से दिल्ली का विधानसभा चुनाव नीरस हो गया, और तो और अमेरिका के महाबली राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह के सीधे प्रसारण को उतनी टीआरपी नहीं मिली जितनी महाकुम्भ में मालाएं बेचने वाली कथित मोनालिसा के विवाह को मिल चुकी है। ये महाकुम्भ का ही प्रभाव है शायद कि जीतनराम माझी के एनडीए छोड़ने की खबरों को कोई तवज्जो नहीं दे रहा। किसी को इस बात में कोई दिलचस्पी नहीं है कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का रामचरित को लेकर ज्ञान कितना सतही है? केजरीवाल कहते हैं कि सीताहरण के लिए रावण ने स्वर्णमृग का रूप धरा था। महाकुम्भ में पुण्य लाभ की लालसा गरीब से गरीब और अमीर से अमीर आदमी में ही नहीं बल्कि सरकारों में भी है। खबर है कि उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक कुम्भ में ही हो रही है। बैठक के बाद उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने सभी मंत्रियों के साथ महाकुम्भ में डुबकी लगाकर पाप विमोचित होने की कोशिश करेंगे। मै इस टोटके को कोशिश इसलिए कह रहा हूँ क्योंकि उत्तर प्रदेश सरकार के पापों की संख्या कम नहीं है। उत्तर प्रदेश की सरकार ने बुलडोजरों और फर्जी मुठभेड़ों के जरिये कितने पाप किये हैं, ये गिनाने की जरूरत नहीं है। हमारे मध्यप्रदेश की सरकार भी उज्जयनी में जब सिंहस्थ होता है तब ऐसा ही टोटका करती है। ऐसा करने में सरकार के बाप का क्या जाता है? पानी में तो जाती है जनता की गाढ़ी कमाई से मिला पैसा। महाकुम्भ में पुलिस पिछले दिनों हुए अग्निकांड के पीछे साजिश की तलाश कर रही है तो अमेरिका की पुलिस के लिए वांछित भारत के नंबर दो के धनकुबेर माननीय गौतम अडानी साहब हाथ में कड़छी लिए महाकुम्भ में प्रकट हो चुके हैं। वे महाप्रसाद बनाने में सहयोग कर रहे हैं। महापाप के बाद महाप्रसाद बनाना कितना कौतूहल पैदा करता है? अडानी साहब सपरिवार महाकुम्भ में गए हैं। उन्हें वहां मीलों पैदल थोड़े ही चलना पड़ा है। वे उसी इस्कॉन के शिविर में हैं जिसके खारघर मुंबई में बने मंदिर का लोकार्पण हाल ही में माननीय प्रधानमंत्री जी ने किया है।अडानी का इस्कॉन से जितना गहरा रिश्ता है उतना ही उत्तर प्रदेश की सरकार से भी है। अगले महीने उनके बेटे की शादी है इसलिए वे महाकुम्भ में इस्कॉन के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। महाकुम्भ में भारत के ए-1 मुकेश अम्बानी भी आते लेकिन उन्हें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प साहब ने अपने शपथ ग्रहण समारोह में बुला लिया। मुकेश भाई महाकुम्भ से जायदा महत्वपूर्ण महाशपथ को मानते थे, इसलिए वे पहले अमेरिका गए, मुमकिन है कि बाद में प्रयागराज भी जाएँ, क्योंकि पाप विमोचित होने की इच्छा तो उनकी भी होगी ही। हो सकता है कि वे मोच्छ की कामना लेकर कुम्भ में जाएँ भी या न भी जाए। क्योंकि यदि वे सगुणोपासक हुए तो मोच्छ लेकर क्या करेंगे, उन्हें तो हरि भक्ति की लालसा होगी। ये तो गनीमत है कि इस महाकुम्भ में भक्तों को उस तरह मुफ्त में भर-भरकर देश भर से प्रयागराज नहीं ले जाया जा रहा, जैसे कि अयोध्या में रामलला के दर्शन कराने के लिए ले जाया गया था। तब डबल इंजिन की सरकारों ने अपने खजाने खोल दिए थे। भाजपा और संघ के कार्यकर्ता इस काम के लिए खासतौर पर तैनात किये गए थे। सरकार को पता है कि महाकुम्भ में तो जनता अपने -आप पहुँच जाती है। अयोध्या में घेरकर ले जाना पड़ती है। और मुफ्त में दर्शन करने के बाद अयोध्या में जीत मिली थी समाजवादी पार्टी को। बहरहाल कुम्भ में अभी केंद्र सरकार का और पापी कांग्रेस के नेताओं का डुबकी लगना बाकी है। महाकुम्भ में डुबकी लगाए बिना न भाजपा के पाप धुलने वाले हैं और न कांग्रेस के। बाकी राजनीतिक दलों के बारे में, मै कुछ कहना नहीं चाहता। अभी महाकुम्भ में तीन सप्ताह और बाकी हैं। जिसके मन में ग्लानि हो, पाप विमोचन का सपना हो, वो प्रयागराज जा सकता है। जो नहीं जा पा रहा वो अपने स्नानागार में ही गंगाजल मिले जल से स्नान कर पाप विमोचित हो सकता है, (ऐसा जगद्गुरु स्वामी अविमुक्तेश्वरानद ने कहा है) मैंने तय किया है कि मै सपत्नीक प्रयागराज महाकुम्भ के बाद जाऊंगा तब तक गंगा मैया भी साफ-सुथरी हो चुकी होंगीं।

## संक्षिप्त खबरें

### मिले गोवंशीय पशुओं के अवशेष, दो पशु जिंदा बरामद

सैदनगली।थाना क्षेत्र के इकौंदा मार्ग पर स्थित एक तालाब के नजदीक गोवंश पशु का अवशेष मिला। दो पशु नजदीक झाड़ी में जिंदा बंधे मिले। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। रास्ते से गुजर रहे ग्रामीणों को बुधवार सुबह तालाब के नजदीक एक गोवंश पशु का अवशेष दिखाई दिया। देखने पर पता लगा कि रात में किसी वक्त पशु का वध किया गया था। गोवंश पशु के अवशेष मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मौके पर आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। वहीं, कुछ दूरी पर जंगल में दो जिंदा गोवंश पशु पेड़ से बंधे हुए मिले। माना जा रहा है कि किसी वजह से मांस तस्कर इन पशुओं का वध नहीं कर सके। अवशेष मिलने की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने पशु चिकित्सा अधिकारी से परीक्षण के बाद अवशेषों को गड्ढे में दबा दिया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि जिंदा मिले दो गोवंश पशुओं को गोशाला भिजवाया गया है। फिलहाल अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### गन्ना की नई प्रजातियों की बुआई करने से मिलेगा बेहतर उत्पादन

अमरोहा। जिला गन्ना अधिकारी मनोज कुमार कुमार की अध्यक्षता में बसंत कालीन गन्ना बुआई को लेकर बैठक हुई। नई गन्ना प्रजातियों की बुआई पर चर्चा की गई। गन्ना विशेषज्ञों का कहना है कि गन्ने की नई प्रजाति की बुआई करने से बेहतर उत्पादन होगा। जिले में सात हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल पर बसंत कालीन गन्ना बुआई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पुरानी प्रजाति के गन्ना को छोड़ने के लिए कहा गया है। जिससे गन्ना का उत्पादन और गुणवत्ता बेहतर हो सके। डीसीओ ने बताया कि किसान उन्नतशील गन्ना प्रजातियों की बुआई करें। इससे गन्ना उत्पादन का लाभ पूरा मिलने के साथ ही चीनी मिल को भी इससे फायदा होगा। गन्ना लक्ष्य को हर हाल में पूरा किया जाना है। नई प्रजाति का गन्ना 8272,1503 और 8420 सहित अन्य उन्नतशील प्रजातियों की बसंत कालीन गन्ना बुआई का समय करीब है। पहले से किसान तैयारी कर लें। पुरानी प्रजाति के गन्ना 5191 और 0238 की बुआई छोड़ दें, तभी चीनी मिल और गन्ना किसानों को फायदा हो सकता है। किसान उन्नतशील गन्ना प्रजातियों की बुआई करें। जिससे किसानों को गन्ना उत्पादन का लाभ पूरा मिलने के साथ ही चीनी मिल को भी इससे फायदा होगा। गन्ना की नई प्रजातियों के बुआई को लेकर गन्ना पर्यवेक्षक से चर्चा की गई। डीसीओ ने बताया कि गन्ने की बसंत कालीन बुआई का उचित समय फरवरी से लेकर मार्च तक रहेगा।

### उत्तर प्रदेश के बलिया में 700 ग्राम हेरोइन के साथ दो नशा तस्कर गिरफ्तार

बलिया,। उत्तर प्रदेश की बलिया पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 700 ग्राम हेरोइन के साथ दो शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 1.40 करोड़ रुपये आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि थाना दुबहड़ पुलिस ने दो नशा तस्करों को पकड़ा। दोनों बैरिया क्षेत्र के हैं। तलाशी में इनके पास से 700 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। पकड़े गए अनिल कुमार का संबंध झारखंड के तस्करों से है। वह पहले भी हेरोइन की तस्करी कर चुका है। उसका स्थानीय स्तर पर एक नेटवर्क था। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि हेरोइन को तस्करी कर बलिया लाया जाता था और फिर पूर्वांचल के जिलों में भी सप्लाई की जाती थी। अभी कुछ दिन पहले भी कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया था। उसी लिंक पर पुलिस काम कर रही थी। जांच के दौरान पुलिस को सफलता मिली। उन्होंने बताया कि यह दोनों आरोपी पहले भी गंभीर अपराध में लिप्त रहे हैं। अनिल कुमार शाहजहांपुर में हत्या के मामले में जेल में बंद रहा है। यह उसी समय एक ड्रग्स तस्कर के संपर्क में आया। उसी समय से इस काम में लिप्त था।

### उत्तर प्रदेशः जालौन में कार के पेड़ से टकराने के कारण तीन लोगों की मौत

जालौन। जालौन में एक कार के अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने के कारण तीन लोगों की मौत हो गई और इतने ही लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि हादसा आधी रात के करीब चुर्खी-उरई मार्ग पर सजाकर खेड़ा के पास हुआ। पुलिस क्षेत्राधिकारी (कालपी) अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि लक्ष्मण सिंह (25), विनय (26), राघव (18), रिशु (28), हरिओम (25) और धीरेंद्र (22) कानपुर देहात के राजपुर से जालौन जिले के उरई में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे।उन्होंने बताया, ह्यह्यजब वे सजाकर खेड़ा के पास तीखे मोड़ पर पहुंचे तो उनके वाहन का संतुलन बिगड़ गया और वह एक पेड़ से टकरा गया। इसके बाद वाहन गहरे गड्ढे में गिर गया।

# कुंभ क्षेत्र में योगी सरकार मंजूर कर सकती है धार्मिक जोन संबंधी प्रस्ताव

प्रात: किरण संवाददाता



महाकुम्भ नगर,। महाकुंभ के मौके पर उत्तर प्रदेश सरकार बुधवार को होने वाली मंत्रिमंडल की बैठक में प्रयागराज और वाराणसी समेत सात जिलों को मिलाकर धार्मिक जोन बनाने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी के लिये रख सकती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक अरैल के त्रिवेणी संकुल में दोपहर 12 बजे शुरू होगी। बैठक में प्रयागराज, वाराणसी, चंदौली, गाजीपुर, जौनपुर, मिजार्पुर और भदोही जिलों को मिला कर धार्मिक क्षेत्र संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी मिलने की संभावना है। इसके अलावा बुंदेलखंड एक्सप्रेस से प्रयागराज तक नये लिंक एक्सप्रेस वे संबंधी प्रस्ताव के भी मंजूर किये जाने के आसार है। बैठक में सभी 54 मंत्री हिस्सा लेंगे। बैठक के बाद दोपहर करीब डेढ़ बजे मुख्यमंत्री पत्रकारों को मंत्रिमंडल की बैठक में लिये गये फैसलों की जानकारी देंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरे मंत्रिमंडल के साथ त्रिवेणी संगम की पावन धारा में डुबकी भी लगाएंगे। इससे पूर्व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2019 कुम्भ मेले में भी अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ संगम में डुबकी लगाई थी। तब मुख्यमंत्री के साथ अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि और अन्य साधु संतों ने भी संगम में स्नान किया था। अधिकृत सूत्रों ने बताया कि मंत्रिमंडल की बैठक के चलते महाकुंभ में आने वाले स्नानार्थियों को कोई असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा गया है। पहले ये बैठक मेला प्राधिकरण के सभागार में होनी थी, लेकिन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए बाद में बैठक का स्थान बदल दिया गया। क्योंकि अगर मेला प्राधिकरण के सभागार में मंत्रियों की बैठक की जाती है तो वीआईपी सुरक्षा के चलते श्रद्धालुओं को दिक्कत हो सकती थी। बैठक के बाद सभी मंत्री अरैल वीआईपी घाट से मोटर बोट के जरिए संगम जाएंगे। यहां योगी समेत सभी मंत्री विधिवत पूजन करेंगे। इसके बाद संगम तट पर बनी जेटी के जरिये त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाएंगे। जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्रदेव सिंह, बेबी रानी मौर्य, जयवीर सिंह, लक्ष्मी नारायण चौधरी, धर्मपाल, नंदगोपाल नंदी और अनिल राजभर सहित सभी 21 मंत्री और बाकी स्वतंत्र प्रभार वाले और राज्यमंत्री सहित कुल 54 मंत्री कैबिनेट बैठक में शामिल होने के बाद विधिवत संगम में स्नान करेंगे।

## वकीलों की हड़ताल के कारण राहुल गांधी के मामले की सुनवाई 30 जनवरी तक टली



सुलतानपुर। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं रायबरेली से सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले की बुधवार को होने वाली सुनवाई अधिवक्ताओं की हड़ताल के कारण पुनः टल गई है। वादी विजय मिश्र के अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि अधिवक्ताओं की हड़ताल के कारण सांसद-विधायक विशेष अदालत के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 30 जनवरी की तारीख निर्धारित की है। कोतवाली देहात के हनुमानगंज निवासी व भाजपा नेता विजय मिश्रा ने 2018 में राहुल गांधी के विरुद्ध मानहानि का मामला एमपी-एमएलए अदालत में दर्ज कराया था। मिश्रा ने अपनी याचिका में आरोप लगाया था कि कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने केन्द्रीय मंत्री अमित शाह के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी। अदालत में पांच साल लंबी प्रक्रिया चली लेकिन राहुल गांधी हाजिर नहीं हुए तो दिसंबर 2023 में तत्कालीन न्यायाधीश ने वारंट जारी कर उन्हें तलब किया था। तब फरवरी 2024 में राहुल गांधी अदालत के समक्ष पेश हुए थे।

## महाकुम्भ और हिंदू देवी-देवताओं पर अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में पत्रकार समेत दो लोग गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता



बाराबंकी। उत्तर प्रदेश पुलिस ने सोशल मीडिया पर महाकुम्भ और हिंदू देवी-देवताओं को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में एक पत्रकार समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि इस घटना से हिंदू समुदाय के कुछ सदस्यों में रोष व्याप्त होने के बाद मंगलवार शाम दोनों को पकड़ लिया गया और सोशल मीडिया पर निगरानी बढ़ा दी गई। कोतवाली नगर प्रभारी आलोक मणि त्रिपाठी ने बताया, कामरान अल्वी ने महाकुम्भ के संबंध में अपमानजनक टिप्पणी करते हुए सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट की जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। वीडियो से कई लोगों की भावना आहत हुई और उच्च अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लिया। त्रिपाठी ने कहा,आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया और धार्मिक चिह्न का अपमान करने के लिए भारतीय न्याय संहिता की धारा 299 (जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण किया गया कृत्य, किसी वर्ग की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से उनके धर्म या धार्मिक भावनाओं का अपमान करना) के तहत मामला दर्ज किया गया। उसे अदालत में पेश किया जाएगा। खुद को पत्रकार बताने वाले अल्वी के सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर नौ हजार से अधिक फॉलोअर्स हैं और वह एक समाचार पोर्टल भी संचालित करता है। पुलिस ने कहा कि वे वीडियो के प्रसार में शामिल अन्य लोगों की जांच कर रहे हैं। दूसरे मामले में, थाना प्रभारी अमित प्रताप सिंह ने कहा,जैदपुर के पास बोजा गांव के निवासी अभिषेक कुमार ने हिंदू-देवताओं और महाकुम्भ के बारे में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## भाजपा विधायक आकाश सक्सेना का दावा, संभल से लेकर मुजफ्फरनगर दंगों में आजम खान की भूमिका अहम

प्रात: किरण संवाददाता



रामपुर,। संभल हिंसा के बाद पिछले कुछ दशकों में हुई हिंसा को लेकर तमाम तरह के दावे किए जा रहे हैं। रामपुर के बीजेपी विधायक आकाश सक्सेना ने संभल में हुई 1978 की हिंसा के मामले में आजम खान पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सक्सेना ने कहा,संभल में हुए दंगों में आजम खान की महत्वपूर्ण भूमिका थी और 1993 में सरकार बनने के बाद कैबिनेट में यह प्रस्ताव आजम खान द्वारा लाया गया था कि संभल दंगों के महत्वपूर्ण आठ मुकदमों को वापस लिया जाए। जिसके बाद मुकदमे वापस लिए गए। आठ मुख्य मुकदमों को न सिर्फ वापस लिया गया बल्कि उनकी फाइलें भी गायब करवा दी गईं। जब हम गहराई से जाएंगे तो यह देखने को मिलेगा कि आजम खान ने कैसे यह कृत्य किए थे। उन्होंने कहा,आजम खान और दंगों का पुराना नाता रहा है। चाहे संभल के दंगे हों या फिर मुजफ्फरनगर के दंगे, मुजफ्फरनगर में दंगे करने से लेकर वहां के आरोपियों को छुड़ाने तक आजम खान की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अगर हम संभल के दंगों को देखें तो उसमें भी आजम खान की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि रामपुर में वह आजम खान के खिलाफ केस लड़ रहे हैं। 50 फीसदी ऐसे मुकदमे हैं, जिनमें आजम खान का डायरेक्ट इंवॉल्वमेंट है। सरकार अगर किसी के मुकदमे वापस लेती है तो मुकदमों की गंभीरता देखी जाती है। इसका नियम है कि हाईकोर्ट से अनुमति लेने के बाद मुकदमों की गंभीरता देखी जाती है। सरकार द्वारा जो मुकदमे वापस लिए जाते हैं, उनमें धरने-प्रदर्शन के मुकदमे होते हैं। कोई ऐसा मुकदमा नहीं होता, जिसमें सैकड़ों लोगों को कत्ल किया गया हो। यह पूरी तरह से गलत है। आजम खान के दबाव में आकर तत्कालीन सरकार ने मुकदमे वापस लिए थे। बता दें कि 24 नवंबर 2024 को संभल में जामा मस्जिद सर्वे के दौरान भड़की हिंसा में पांच लोगों की जान चली गई थी।

## यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर 160 वाहनों का चालान

प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा।सड़क सुरक्षा माह के तहत एआरटीओ प्रवर्तन महेश शर्मा ने पीटीओ सुधीर सिंह के साथ मंगलवार शाम यातायात नियम तोड़ने वाले चालकों के खिलाफ ताबड़तोड़ अभियान चलाया गया। नेशनल हाईवे पर जोया टोल प्लाजा, गजरौला और ब्रजघाट तक वाहनों की सघन चेकिंग की गई। अधिकारियों ने ओवरस्पीड से दौड़ते वाहनों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 70 वाहनों के चालान काटे। इसके अलावा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट न लगाने, मोबाइल फोन पर बार करने, दो पहिया वाहन पर हेलमेट न लगाने में भी 90 वाहनों के चालान काटे गए। विभाग की बड़ी कार्रवाई से चालकों में हड़कंप मच गया। एआरटीओ ने बताया कि वाहन चालकों पर डेढ़ लाख रुपये से ज्यादा का जुमार्ना लगाया गया। अभियान आगे भी जारी रहेगा। यातायात नियम तोड़ने वाले बख्शे नहीं जाएंगे।

## रहरा मे धूमधाम से मनाई गई श्री राम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ



प्रात: किरण संवाददाता

रहरा। अयोध्या में श्री राम लला की मूर्ती प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ का उपलक्ष्य धूमधाम से मनाया गया जिसमें ग्राम में शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई जिसमें रामचरित्र मानस रचियता श्री वाल्मीकि की झांकी व श्री राम दरवार सहित विभिन्न झाँकिया निकाली गयी बताते चले कि अयोध्या में श्री राम लला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठता 22 जनवरी 2024 को हुई थी जिसके सापेक्ष क्षेत्र में इसे पर्व के रूप में मनाया जा रहा है वही रहरा में भी व्यापारी,किसान, मजदूर व भाजपा नेताओं ने सम्मिलित होकर प्रथम वर्षगांठ को रहरा में धूमधाम से बनाया व शोभायात्रा निकाली,शोभा यात्रा का उद्घाटन भाजपा जिला महामंत्री अमरोहा अभिनव कौशिक ने फीता काटकर किया, शोभायात्रा हनुमान गढ़ी मंदिर के महंत श्री मूलचंद दास महाराज जी के आशीर्वाद से मुख्य बाजार से निकलते हुए, प्रथमा यू पी ग्रामीण बैंक, सहकारी बैंक, स्टेट बैंक व ब्लॉक परिसर के सामने से गुजरते हुए ग्राम में दर्शन अभिलाषियों को दर्शन कराते हुए हनुमानगढ़ी मेहनत श्री बाबा मूलचंद दास के निवास स्थान पर संपन्न हुई, पटाखे,गुलाल अबीर का माहौल देखते ही बना रहा, जी और हनुमान गढ़ी के महंत बाबा मूलचंद दासइस शुभ अवसर पर जिला महामंत्री भाजपा अभिनव कौशिक,ग्राम प्रधान पति रहरा नन्हे सिंह, पंकज त्यागी, नेमचंद गुप्ता,योगेश त्यागी,डा० अमर सिंह खड़गवंशी, शिवकुमार उपाध्याय,चंद्रपाल उपाध्याय, समरपाल सिंह, सतीश वाल्मीकि,प्रकाश सैनी, रतन कश्यप, नानक कश्यप जगन अग्रवाल, पुनीत त्यागी व भाजपा नेता विशाल त्यागी आदि लोग उपस्थित रहे।

## बरेली में करंट लगने से बच्ची की मौत के मामले में दोषी को आजीवन कारावास की सजा

प्रात: किरण संवाददाता



बरेली । बरेली की एक अदालत ने करंट लगने से बच्ची की मौत के मामले में एक व्यक्ति को आजीवन कारावास और दो लाख रुपये के जुमार्ने की सजा सुनाई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता दिगंबर सिंह ने बताया कि अपर सत्र न्यायाधीश (त्वरित अदालत) रवि कुमार दिवाकर ने जिरह पूरी होने के बाद यह फैसला सुनाया। सिंह ने बताया, घटना चार अगस्त 2023 को बरेली के किला इलाके के बाकरगंज की है। बच्ची के नजदीकी रिश्तेदार इरफान रजा द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के अनुसार जब हिफ्जा (चार) अपने घर के बाहर खेल रही थी तभी उसने शमशेर अली के घर के दरवाजे पर लगे बिजली के तार को छू लिया और करंट लगने से उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया,जांच में पता चला कि शमशेर अली बिजली चोरी कर रहा था और उसके पास वैध कनेक्शन नहीं था। पुलिस ने 17 नवंबर 2023 को आरोपपत्र दाखिल किया। सुनवाई के दौरान सात गवाह और 15 साक्ष्य पेश किए। शिकायत में आरोप लगाया गया कि शमशेर अली ने जानबूझकर तार वहां रखा था। साक्ष्यों और गवाहों के बयान के आधार पर अदालत ने शमशेर अली को प्रासंगिक धाराओं के तहत दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई और दो लाख रुपये का जुमार्ना लगाया। फैसला सुनाते हुए न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर ने कहा,माता-पिता बच्चों की सलामती के लिए कामना करते हैं। हिफ्जा के माता-पिता का दर्द और पीड़ा को बयां नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, बेटियां घर की शान और माता-पिता का मान होती हैं। मां की गोद में पली-बढ़ी बेटी अपने पिता के सपनों का आसमान होती है। अभी-अभी दुनिया में कदम रखने वाली बच्ची की हत्या किया जाना यह दिखाता है कि दोषी के अंदर दया भावना और संवेदना नहीं है। अदालत ने यह भी कहा,अगर लोगों को बिना किसी सजा के बिजली चोरी करने की छूट दे दी जाती है तो इससे सरकारी राजस्व को नुकसान होता रहेगा और निदोर्षों की जान जाती रहेगी। ऐसे में इससे समाज में भय और अराजकता का माहौल पैदा होगा।

## सुलतानपुर की ग्राम प्रधान रिंकू सिंह होंगी गणतंत्र दिवस दिल्ली परेड की मेहमान

सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश के पिछड़े जनपदों में शुमार सुलतानपुर के एक गांव की तस्वीर बदलकर रख देने वाली महिला ग्राम प्रधान रिंकू सिंह इस बार नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर इंडिया गेट के सामने आयोजित की जाने वाली गणतंत्र दिवस परेड में मेहमान होंगी। जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ल ने बताया कि बेहतरीन काम के चलते सुलतानपुर के दूबेपुर ब्लॉक के कटावां गांव की प्रधान रिंकू सिंह को भी आमंत्रित किया गया है। स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त रिंकू ने अपने गांव के विकास के लिये उल्लेखनीय कार्य किए हैं। शुक्ल ने बताया कि कटावा गांव में कराए गए तमाम विकास कार्यों के सही क्रियान्वयन और गुणवत्तापूर्वक कार्यों की बदौलत आगामी 26 जनवरी को रिंकू सिंह को परेड में मेहमान के तौर पर आमंत्रित किया गया है।

## हजरत शाह विलायत एजुकेशन ग्रुप की तरफ से दरगाह पर चादर पोशी



प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा।हजरत सैयद हुसैन शरफुद्दीन शाह विलायत रहमतुल्लाह अलैह के उर्स के आखरी दिन हजरत शाह विलायत एजुकेशन ग्रुप की तरफ से दरगाह पर चादर पोशी कि गई। और देश ओ दुनिया के लिए अमन कि दुआ कराई गई। काबिलेगौर हो कि बिच्छू वाली ज्यारत से विश्वभर में प्रसिद्ध दरगाह शाह हजरत सैयद हुसैन शरफुद्दीन शाह विलायत रहमतुल्लाह अलैह का उर्स मुबारक हर वर्ष माहे रजब में मनाया जाता है। 21 रजब यानि 22 जनवरी को दोपहर 2 बजे मोहल्ला मंडी चौब से मुजाहिद अब्बास के आवास से चादर का जुलूस दरगाह के लिए रवाना हुआ। चादर दरबार ए कलां होती हुई मोहल्ला कटकुई दोस्त अली हाऊस पहुंची। जहाँ मेहफिले समा का आयोजन आसिफ अकरम बोस्तान ने किया। जिसके बाद दरगाह के लिए सभी ग्रुप मिम्बर चादर लेकर पहुंचे। इस दोरान शुजात अली, डॉ शारिक, मोहम्मद अली अफजाल, रजा कमाल, आसिफ अकरम, मोहज्जब हुसैन, कासिम रजा, डॉ मुबारक अली, अशर अली, मोहम्मद तुराब, मेराज रजा, अदनान हैदर, आसिफ निसार, दानिश रजा और जॉन नकवी आदि।

## दरगाह शाहविलयात पर कुल शरीफ का समापन, उमड़ी अकीदतमंदों की भीड़

### कव्वालों ने शाह की शान में कलाम पेश कर समा बांधा

### शॉन ओ शौकत से उर्स का समापन, मुतावल्ली हसन शुजा ने सभी का आभार जताया




### सूफियाना कलाम से बंधा समा

अमरोहा।कुल शरीफ से पहले महफिले समा हुई। कव्वालों ने एक के बाद एक कलाम पेशकर समा बांध दिया। दमादम मसत कलन्दर पर पूरा पंडाल झूम उठा। करीब एक घंटे तक महफिल चली, इसके बाद आशिकाने शाह विलायत ने कुल शरीफ में हिस्सा लेकर तबर्रुक तकसीम किया।

### मेले में उमड़ी भीड़, दुकानदारों के चेहरे खिले

अमरोहा। बुधवार को दरगाह शाह विलायत में लगा मेला गुलजार रहा।जायरीनों ने दरगाह में मुरादे मांगकर मेले में जमकर खरीदारी की। महिलाओं ने जहां चाट पकौड़ी का लुत्फ उठाया तो वहीं बच्चो ने खेल खिलोने ओर तमाशो से ईद मनाई। मेले में उमड़ी भीड़ से दुकानदारों के भी चेहरे खिले रहे, दरगाह परिसर में देर रात तक हजारों की तादाद में जायरीन मौजूद थे।

### फोर्स के साथ डटे रहे सीओ

अमरोहा। उर्स के दृष्टिगत पुलिस सुबह से ही मुस्तैद थी। सुबह सवेरे सीओ ने दरगाह आकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा पॉइंटवार पुलिस कर्मियों को तैनात किया। इसके बाद एसपी ने भी सुरक्षा प्लान के तहत अधीनस्थों संग मंथन किया। जबकि शाम में कोतवाल, मेला प्रभारी ने कमान संभाली। उर्स व कुल सकुशल निपटने के बाद ही अफसरों ने राहत की सांस ली।

प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा। विश्व प्रसिद्ध दरगाह हजरत सैयद हुसैन शरफउद्दीन नकवी शाह विलायत साहब रह. का बुधवार को 682वें उर्स का कुल शरीफ की रस्म के बाद समापन हो गया। आखिरी दिन चैयरमैन समेत दरगाहों के सज्जादनशीनो व अधिकारियों एवम नेताओं ने दरगाह पर हाजिरी देकर चादरपोशी की। मुल्क में अमन व कौम की सलामती के लिये अल्लाह की बारगाह में उठे हाथों ने इत्तेहाद ओर इत्तेफाक का पैगाम दिया। इस दौरान दरगाह पर आने वाले मेहमानों की दरस्ताबंदी दरगाह कमेटी पदाधिकारियों द्वारा की गई।

दोपहर में लंगर का आयोजन किया गया जिसमें दूर दराज से आये लोगों ने लंगर छका।

दरगाह शाह विलायत पर कुल शरीफ को लेकर अकीदतमंदों में सुबह से ही जोश और जज्बा देखने को मिला।

चैयरमैन शशि जैन, पूर्व चैयरमैन अतुल कुमार जैन, भाजपा नेता निकिल जैन, मोनू यादव, मुतावल्ली हसन शुजा नकवी, अमरोहा विधानसभा से पूर्व बसपा प्रतियाशी नवेद अयाज, कांग्रेसी नेता मेराज हसन, भारतीय जनता मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष मरगूब सिद्दीकी, दरगाह मिया मौज के सज्जादा नशीन हादी मिया जाफरी, दरगाह बाबा फरीदी रजबपुर के सज्जादा नशीन व हकीम औसाफ समेत सैकड़ो लोगो ने दरगाह में हाजिरी देकर अकीदत का इजहार किया।

चैयरमैन शशि जैन ने कहा कि सूफी संतों का पैगाम मुल्क ने अम्न का है, इसलिये हम सब को भाईचारा बनाये रखना चाहिये।

कुल शरीफ में मौलाना तौहीद रजा ने मुल्क व कौम की तरक्की के लिए दुआ कराई।

इस अवसर पर शहनाज हैदर एडवोकेट, अख्तर अब्बास अप्पू, मुख्तार नकवी, हकीम जर्रार, शाने हैदर, मिक्की नकवी, फैसल जफर, अली रजा बब्लू, कामिल सिद्दीकी, तबारक अली, सूफी निशात सिद्दीकी, नईम रजा, नज्जार दिलावर नदीम, कैसर मुज्तबा, दानिश नकवी, दिलनवाज सिद्दीकी जावेद नकवी, अरशद पाशा, रामिश राजू, मंसूर आलम, रामिश, हाजी खुर्शीद अनवर, मोईनउददीन साबरी, सूफी जीशान, महबूब हुसैन जैदी, हाफिज शमीम अमरोहवी, सैयद उवैस मुस्तफा रिजवी, डा. नाशिर नकवी, गुफरान मेंहदी, डा. आसिम नकवी, अजीम अब्बास, हकीम सैयद हुसैन, हकीम सुहैल, मोहसिन रजा, इकबाल अहमद खां, मास्टर असलम उस्मानी, शाहकार आफताब, मौलाना कौसर अब्बास, जफर मियां, हाजी रईसुल हसन, डा. मुबारक, गुलजार अमरोहवी वगैरह मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

## सोलर प्लांट की साइट से कीमती सामान चोरी

ग्रेटर नोएडा, । नोएडा सेक्टर 145 के समीप चल रही सोलर प्लांट की साइट से चोरी का मामला सामने आया है। साइट से चोर करीब डेढ़ लाख रुपए कीमत का सामान चोरी कर ले गए हैं। सुपरवाइजर ने इसकी शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सेक्टर 142 थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सुपरवाइजर कृष्णकांत राठौर की शिकायत पर चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया है। सुपरवाइजर ने पुलिस को बताया कि उनकी कंपनी सोलर प्लांट लगाने का काम करती है। कंपनी द्वारा नोएडा सेक्टर 145 में सोलर प्लांट लगाया जा रहा है। साइट से सोमवार की रात करीब डेढ़ लाख रुपए कीमत का सामान चोरी कर लिया गया। मंगलवार की सुबह चोरी की घटना के बारे में पता चला। इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सेक्टर 142 थाना प्रभारी का कहना है कि सुपरवाइजर की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस द्वारा चोरों का पता लगाकर जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।

## 76वें गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर रिहर्सल जारी

फरीदाबाद, । हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय जिला फरीदाबाद में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह और एट होम कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। सर्व प्रथम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय सेक्टर-12 वॉर मेमोरियल में शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे। इसके पश्चात सेक्टर-12 हेलीपैड ग्राउंड में 76वें गणतंत्र दिवस समारोह में तिरंगा फहराएंगे। तिरंगा फहराने के बाद राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय द्वारा आमजन को सम्बोधित किया जाएगा। राज्यपाल के संबोधन के बाद मार्च पास्ट और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे और कार्यक्रम के समापन पर राष्ट्रीय गान की प्रस्तुति दी जाएगी। 76वें गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के मद्देनजर सेक्टर-12 स्थित हेलीपैड मैदान आज पुलिस विभाग, होम गार्ड, एनसीसी बॉयज एंड गर्ल्स, हिंदुस्तान स्काउट्स, भारत स्काउट्स, भारत गाइड, प्रजातंत्र के प्रहरी, एनसीसी जूनियर आर्मी, एनसीसी जूनियर नेवी बॉयज एंड गर्ल्स, सेंट जोन ब्रिगेड, एनएसएस ब्रिगेड और स्कूली विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट की रिहर्सल की गयी। फाइनल रिहर्सल दिनांक 24 जनवरी को प्रातः 09:30 बजे सेक्टर-12 हेलीपैड ग्राउंड में आयोजित की जायेगी।

## चोर गिरोह के तीन सदस्यगिरफ्तार,लाखों का माल बरामद

पलवल, । पलवल जिला पुलिस की डिटेक्टिव टीम ने कंपनियों में दीवार तोड़कर चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर दिया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने पलवल और फरीदाबाद में दस कंपनियों में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था। डिटेक्टिव स्टाफ प्रभारी हनीश खान ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि मामला दो जनवरी को सामने आया, जब एक कंपनी के अधिकारी प्रशांत आजाद ने शिकायत दर्ज कराई थी। चोरों ने रात के समय कंपनी की दीवार तोड़कर लाखों रुपए का सामान चुरा लिया था। इसी तरह की कई अन्य वारदातें भी सामने आने के बाद पुलिस ने विशेष टीम का गठन किया। गिरफ्तार आरोपियों में मंदपुरी गांव का आसिफ, पुठली गांव का तौफीक और सुवालीन शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने पलवल और फरीदाबाद की दस कंपनियों में चोरी की बात स्वीकार की है। पुलिस ने आरोपियों से वारदात में इस्तेमाल की गई कार और चोरी के औजार बरामद कर लिए हैं। पुलिस को आशंका है कि गिरोह के अन्य सदस्य भी हो सकते हैं और अधिक वारदातें सामने आ सकती हैं। इसलिए आरोपियों को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पूछताछ में गिरोह के अन्य सदस्यों और वारदातों का पता लगाया जाएगा।

## दिल्ली में नहीं चलेगी बहानेबाजी की सरकार : कृष्णपाल गुर्जर

फरीदाबाद, । सेक्टर 28 में राम मंदिर निर्माण की पहली वर्षगांठ समारोह के एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता अब बहाने बनाने वाली सरकार नहीं, बल्कि विकास करने वाली सरकार चाहती है। गुर्जर ने केजरीवाल पर आरोप लगाया कि पिछले 10 वर्षों में उन्होंने सिर्फ केंद्र सरकार और उपराज्यपाल पर दोष मढ का काम किया है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल हमेशा यही कहते रहे कि बीजेपी और एलजी उन्हें काम नहीं करने देते, लेकिन अब दिल्ली की जनता इस बहानेबाजी को समझ चुकी है।

# महाकुंभ : भारतीय दर्शन और सांस्कृतिक चेतना का प्रमुख केंद्र बना श्री आदिशंकर विमान मंडपम

प्रात: किरण, संवाददाता



महाकुंभ नगर, । प्रयागराज की पुण्य भूमि पर स्थित आदि शंकर विमान मंडपम मंदिर एक ऐतिहासिक पल का साक्षी बन रहा है। मंदिर की आभा ऐसी है कि वह श्रद्धालुओं को अपनी ओर खींच ही लेती है। इसी आभा के आकर्षण में स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुछ समय पूर्व मंदिर में विग्रहों के दर्शनों के लिए आ चुके हैं। वहीं, देश के शीर्ष उद्योगपति गौतम अदाणी भी अपने परिवार सहित मंगलवार को यहां पहुंचे। गौतम अदाणी के यहां आने के बाद एक बार फिर पूरे देश में आदि शंकर विमान मंडपम को लेकर श्रद्धालुओं में काफी रुचि देखी जा रही है। प्रयागपुत्र के नाम से विख्यात राकेश शुक्ला ने बताया कि आदि शंकर विमान मंडपम कुंभ क्षेत्र में भारतीय दर्शन और सांस्कृतिक चेतना का प्रमुख केंद्र है। मंगलवार को प्रमुख उद्योगपति गौतम अदाणी ने यहां पूजा-अर्चना की। मंदिर के मुख्य द्वार पर पूज्य स्वामी काशी मनी जी के मार्गदर्शन में 51 वैदिक ब्राह्मणों ने स्वस्ति वाचन के साथ उनका भव्य स्वागत किया। मंदिर प्रांगण में स्थित गीता प्रेस द्वारा निर्मित आरती संग्रह पगोडा पर उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ संवाद किया। यह आत्मीय वार्ता न केवल उनकी आध्यात्मिक आस्था को प्रकट करती है, बल्कि समाज के प्रति उनकी गहरी संवेदनशीलता और जुड़ाव का परिचय भी देती है। कांचिकामकोटि के 69वें पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी जयेंद्र सरस्वती ने अपने गुरु चंद्रशेखरेंद्र सरस्वती की इच्छापूर्ति के लिए श्री आदि शंकर विमान मंडपम का निर्माण कराया। गुरु चंद्रशेखरेंद्र सरस्वती ने वर्ष 1934 में प्रयाग में चातुर्मास किया था। उन दिनों वो दारागंज के आश्रम में ठहरे थे। प्रतिदिन पैदल संगम स्नान को आते थे। उस दौरान बांध के पास उन्हें दो पीपल के वृक्षों के बीच खाली स्थान नजर आया। गुरु चंद्रशेखरेंद्र सरस्वती ने धर्मशास्त्रों का अध्ययन किया और स्वयं के तपोबल से यह साबित किया कि इसी स्थान पर आदि शंकराचार्य और कुमारिल भट्ट के बीच संवाद हुआ था। इसी स्थान पर गुरु चंद्रशेखरेंद्र ने मंदिर बनाने की इच्छा व्यक्त की थी, जिसे शंकराचार्य स्वामी जयेंद्र सरस्वती ने पूर्ण किया। श्री आदि शंकर विमान मंडपम की नींव वर्ष 1969 में उत्तर प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल बी. गोपाल रेड्डी ने रखी थी। उस समय इंजीनियर बी. सोमो सुंदरम और सीएस. रामचंद्र ने मंदिर का नक्शा तैयार किया था। मंदिर प्रबंधन के साथ उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम ने भी निर्माण में सहयोग दिया था। जिन 16 पिलर्स पर मंदिर टिका है, उनका निर्माण उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम के तत्कालीन असिस्टेंट इंजीनियर कृष्ण मुरारी दुबे की देख-रेख में कराया गया था। 17 मार्च 1986 को मंदिर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। श्री आदि शंकर विमान मंडपम में विग्रह और निर्माण में प्रयोग पत्थर दक्षिण भारत से लाए गए हैं। मंदिर द्रविड़ियन आर्किटेक्चर का नायाब उदाहरण है। 130 फीट ऊंचे इस मंदिर में श्री आदि शंकराचार्य की प्रतिमा स्थापित की गई है। देवी कामाक्षी और 51 शक्तिपीठ के अलावा तिरुपति बालाजी और सहस्त्र योग लिंग के साथ 108 शिवलिंग मंदिर में स्थापित हैं। गणेश जी का मंदिर भी है। मंदिर प्रातः 6 बजे से दोपहर 1 बजे और सायं 4 से रात्रि 8 बजे तक श्रद्धालुओं के लिए खुला रहता है। मंदिर के ऊपरी तलों से संगम का विहंगम दृश्य देखने को मिलता है। महाकुंभ में भी श्री आदि शंकर विमान मंडपम में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शनों के लिए आ रहे हैं।

## नोएडा में गांजा बेचने वाली महिला गिरफ्तार, 10 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद



प्रात: किरण, संवाददाता

नोएडा, । थाना सेक्टर-39 पुलिस ने एक शातिर गांजा तस्कर महिला को गिरफ्तार किया है। इसके पास से पुलिस ने 10 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। महिला गांजे की पुड़िया बनाकर नोएडा क्षेत्र में बेचने के धंधे में शामिल थी। थाना सेक्टर-39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि एक सूचना के आधार पर थाना पुलिस ने नूर फातिमा उर्फ साहिबा पत्नी इदरीस अहमद को महर्षि आश्रम रामलीला मैदान मंच के पास से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि तलाशी लेने पर इसके पास से 10 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा मिला है। थाना प्रभारी ने बताया कि यह महिला काफी दिनों से अवैध रूप से गांजा बेचने के धंधे में संलिप्त है। इसके खिलाफ पहले भी कई बार पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि अभियुक्ता द्वारा पूछताछ के दौरान बताया गया कि वह अधिक मुनाफा कमाने के लिए गांजा की तस्करी व बिक्री करती है। अभियुक्ता के संबंध में अन्य जानकारी की जा रही है। इसके साथ ही यह पता किया जा रहा है अभियुक्ता गांजा कहां से खरीद कर लाती है।

## फरीदाबाद : समाधान शिविर में निगम के अतिरिक्त आयुक्त ने सुनी समस्याए

● अधिकारियों को आदेश जल्द से जल्द निपटाए सभी शिकायतें

प्रात: किरण, संवाददाता



फरीदाबाद, । नगर निगम फरीदाबाद कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास के दिशा निर्देशों पर प्रत्येक कार्यवदिवस में निगम मुख्यालय के सभागार कक्ष में लगाए जाने वाले समाधान शिविर में बुधवार को निगम के एडिशनल कमिश्नर स्वप्लिन रविंद्र पाटिल ने जन समस्याएं सुनी। यह समाधान शिविर हर कार्य दिवस पर सुबह 10 से 12 बजे तक नगर निगम कार्यालय सहित सभी सरकारी कार्यालयों में लगाए जा रहे समाधान शिविरों का आमजन को लाभ उठाना चाहिए। निगम एडिशनल कमिश्नर स्वप्लिन रविंद्र पाटिल ने बताया कि समाधान शिविर में आई प्रॉपर्टी आईडी, सीवर, पानी, बाजारों में अतिक्रमण और सफाई से संबंधित शिकायतों के अलावा नालों की सफाई करवाने से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई जिनका समाधान संबंधित अधिकारियों से करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है। शिविर में कई शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया जाता है जबकि कुछ मामलों में समय सीमा निर्धारित की गई, उन्होंने कहा कि समस्या का समाधान होने पर शिकायतकताओं को उसकी जानकारी दी जाती है ताकि शिकायतकर्ता संतुष्ट हो सके। उन्होंने शिकायतों से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि नागरिकों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने जनता से सीधे रूप से जुड़े विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वें नागरिकों की समस्याओं के समाधान के प्रति पूरी तरह से संवेदनशील होकर कार्य करें। ताकि समाधान शिविर का उद्देश्य पूरा हो सके। सरकार के निदेर्शानुसार जरूरतमंद लोगों को पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। समाधान शिविर में आज शहर में निगम की जमीनों पर अवैध रूप से बाजार लगाने वाले लोगों ने भी शिकायत दी कि कुछ लोग उन्हें समाधान शिविर में नगर निगम की कार्रवाई का डर दिखाकर हफ्ता वसूली मांगते हैं। उन्होंने समाधान शिविर दी शिकायत में कहा कि वह किसी प्रकार का कब्जा नहीं करते हैं कुछ समय के लिए ही बाजार लगते हैं और उसके बाद गंदगी को भी साफ करते हैं। इस इस मामले में उन्होंने शिकायत में हफ्ता वसूली करने वाले लोगों पर कार्यवाही और बाजार लगवाने की मांग की। इस संदर्भ में जॉइंट कमिश्नर जितेंद्र गर्ग ने कहा कि निगम कमिश्नर के दिशा निर्देशों पर अवैध बाजार नहीं लगने देंगे लेकिन बाजार लगाने वाले गरीब लोगों से निगम कार्यवाही का डर दिखाकर हफ्ता वसूली की मांग करने वाले पर पुलिस की कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर जॉइंट कमिश्नर जितेंद्र गर्ग, चीफ इंजीनियर बीके कर्दम, एसई ओमवीर सिंह, एक्सईन नितिन कादियान, जड़टीओ सुमन रतरा, जड़टीओ पदम ढांडा, जड़टीओ विकास कन्हैया, एफएमडीए से एसडीओ नवल सिंह, सफाई निरक्षक मुख्यालय बिशन तेवतिया, अजीत रावत सहित निगम के अन्य अधिकारीगण भी मौजूद रहे।

## फरीदाबाद पुलिस के 85 प्रधान सिपाही पदोन्नत होकर बने सहायक उपनिरीक्षक

प्रात: किरण, संवाददाता

फरीदाबाद, । फरीदाबाद पुलिस के 85 प्रधान सिपाही पदोन्नत होकर सहायक उप निरीक्षक बने हैं। पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता ने पदोन्नत पुलिस कर्मचारियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। पदोन्नती पाने वाले सहायक उप निरीक्षक फरीदाबाद के विभिन्न थाना/चौकी व अन्य स्थानों पर नियुक्त हैं। इस पदोन्नति से पुलिस के कार्य क्षमता में बढ़ोतरी होगी। पुलिस आयुक्त ने पुलिस कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्होंने अपनी मेहनत से यह पद हासिल किया है, पदोन्नति के साथ उनकी जिम्मेवारियां भी बढ़ी है, इसलिए पुलिसकर्मी और अधिक मेहनत करके ईमानदारी व सच्ची निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करें।

## फरीदाबाद : भ्रूण लिंग की जांच करते डॉक्टर व दलाल गिरफ्तार

प्रात: किरण, संवाददाता



फरीदाबाद, । फरीदाबाद में स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की टीम ने अवैध रूप से भ्रूण लिंग की जांच करते हुए डॉक्टर और दलाल को गिरफ्तार कर लिया। टीम ने ग्राहक बनकर अस्पताल में दबिश की और 30 हजार रुपए में सौदा पक्का किया। जिसके बाद पूरा मामला उजागर हो गया। आरोपियों में डॉटर सुंदरपाल चौहान और योगेश नामक युवक शामिल है। डॉ सुंदरपाल बल्लभगढ़ भगत सिंह कॉलोनी में चौहान क्लीनिक चलाता है। दूसरा आरोपी योगेश मोहना रोड रेनड्यू अस्पताल में काम करता है। फरीदाबाद नोडल अधिकारी पीएनडीटी डॉ हरीश आर्य ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बल्लभगढ़ में कुछ डॉक्टरों, नर्सिंग होम और अल्ट्रासाउंड केंद्रों का एक गिरोह अवैध रूप से भ्रूण लिंग जांच कराता है और लोगों से पैसे वसूलता है। विभाग की टीम ने मुखबिर की सुचना पर डॉ सुंदर पाल से ग्राहक बनकर लिंग जांच कराने को लेकर 30 हजार में सौदा पक्का कर लिया। 5 हजार रूपए सुंदरपाल के खाते में ऑनलाइन भेज दिए गए। इसके बाद इसको लेकर विभाग ने टीम तैयार कर एक चार महीने की गर्भवती महिला को 25 हजार रुपए देकर डॉ सुंदरपाल के पास भेजा। सुंदरपाल ने गर्भवती महिला को मोहना रोड रेनड्यू अस्पताल में भेज दिया। जहां पर योगेश नामक युवक ने महिला का अल्ट्रासाउंड कराया। रेनड्यू अस्पताल से गर्भवती महिला को वापस चौहान क्लिनिक भेज दिया गया। जहां पर डॉ सुंदरपाल ने बाकी 25 हजार रूपए ले लिए। जिसके बाद उसने भ्रूण के लिंग का सकारात्मक खुलासा किया। गर्भवती महिला के साथ मौजूद टीम के सदस्य का इशारा मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पुलिस के साथ डॉक्टर सुंदरपाल को पकड़ लिया। टीम ने आरोपी डॉक्टर के पास से 25 हजार रूपए भी बरामद कर लिए हैं। टीम ने डॉक्टर के रूप में प्रैक्टिस करने के लिए उनकी योग्यता के बारे में पूछा, तो आरोपी डॉक्टर ने अपने आपको बीईएमएस बताया। लेकिन टीम के मांगने पर आरोपी मौके पर कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सका। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके से दवाई, आपरेशन के औजार सहित अन्य सामान को कब्जे में लिया है। पुलिस ने मौके से आरोपी सुंदरपाल और दूसरे आरोपी योगेश को उसके अस्पताल से गिरफ्तार कर लिया है। दोनों के खिलाफ पीएनडीटी एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## मारपीट के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



दादरी, । जारचा कोतवाली पुलिस ने तीन दिन पहले बिसाहड़ा गांव में मारपीट के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। आरोप है कि पुरानी रंजिश में आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट की थी। आरोपियों के पास से तलवार, कैंची एवं डंडा बरामद किया गया है। ग्राम प्रधान समेत अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी है। पुलिस ने बताया कि 20 जनवरी को बिसाहड़ा गांव में हिमांशु अपने घर पर था। तभी ग्राम प्रधान समेत दो दर्जन से अधिक लोग घर में घुस गए थे। लाठी-डंडे, तलवार आदि से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। मामले में ग्राम प्रधान समेत 12 लोग नामजद व अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने इस मामले में सुमित और शिवम को गिरफ्तार किया है।

## फरीदाबाद : टेलीग्राम पर टास्क पूरा करने के नाम पर ठगी, आरोपी गिरफ्तार




फरीदाबाद, । टेलीग्राम पर टास्क पूरा करने के नाम पर ठगी करने के मामले में थाना साइबर अपराध एनआईटी की टीम ने आरोपी राहुल को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने मामले में जनकारी देते हुए बताया कि शिकायत कर्ता महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि 12 अक्टूबर 2024 को उसके पास वर्क फ्रॉम होम का नोटिफिकेशन आया जिसको उसने जॉइन कर लिया। जिसके बाद शिकायकर्ता को टेलीग्राम डाउनलोड करने के लिए कहा। जिसपर कुछ टास्क दिए उसके बाद कुछ पैसे निवेश कराए। जिसका मुनाफ प्रतिशत के साथ वापस दिया जाएगा। 13 अक्टूबर को क्कढ्ढ के माध्यम से 64000/-रु का कुल निवेश किया। जिसकी शिकायत पर थाना साइबर अपराध हृढ्ढञ्ज में मामला दर्ज किया गया। साइबर पुलिस टीम ने मामले में कार्यवाही करते हुए आरोपी राहुल वासी गांव दैय्यड जिला फतेहाबाद को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि उसने खाते को ऑपरेट किया था। आरोपी को मामले में पूछताछ के लिए 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। मामले में पूर्व में साहिल और अमन को गिरफ्तार किया है।

## संपत्ति हड़पने पर महिला समेत चार के खिलाफ केस दर्ज

दादरी, । कोतवाली दादरी ने कोर्ट के आदेश पर महिला समेत चार लोगों के खिलाफ फर्जी वसीयत बनाकर संपत्ति हड़पने का मामला दर्ज किया है। बढ़पुरा गांव निवासी हरवीर सिंह उर्फ गजराज अपने अविवाहित दिव्यांग भाई सुरेंद्र एवं अन्य परिजनों के साथ रहते हैं। पिता की संपत्ति का कोई बंटवारा नहीं हुआ है। एक साथ रहकर खेती-बाड़ी कर परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। इनके घर पर विपिन शर्मा व उसके भाई न्यादर गंज निवासी भूपेंद्र उर्फ.मूला का आना जाना था। गजराज ने बताया कि 4 सितंबर 2024 को सुरेंद्र की तबीयत खराब हो गई। सुरेंद्र को विपिन शर्मा शारदा अस्पताल इलाज के लिए ले गया। सूचना मिलने पर जब परिवार के लोग शारदा अस्पताल पहुंचे तब तक विपिन शर्मा व भूपेंद्र उनके भाई को उपचार के लिए भर्ती करा दिया। जब डॉक्टर से पूछा कि क्या परेशानी है तो बताया कि उनको ब्रेन हेमरेज हो गया है। शारदा अस्पताल में उनकी हालत बिगड़ने के चलते अन्य अस्पताल के लिए रेफर करने की बात परिजनों ने कही। तब हरवीर ने कहा कि सुरेंद्र अविवाहित हैं। उनका कोई बेटा नहीं है हम लोग ही परिजन है, लेकिन डॉक्टरों ने रेफर नहीं किया था। जिससे उनकी मौत हो गई थी। मौत के बाद विपिन शर्मा व भूपेंद्र ने संपत्ति हड़पने की नीयत से फर्जी वसीयत दिखाई। जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपी ने उनके साथ गाली-गलौज और धक्का मुक्की की । इस मामले में न्यायालय के आदेश पर विपिन शर्मा, भूपेंद्र उर्फ.मूला, विमलेश, कैलाश भाटी के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## महिला के साथ की छेड़छाड़ व मारपीट

रबूपुरा, । कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में महिला के साथ छेड़छाड़ कर मारपीट करने का मामला सामने आया हैं। पुलिस के अनुसार गांव म्याना निवासी महिला ने शिकायत की है कि 21 जनवरी की सुबह पड़ोस में रहने वाले अमित त्यागी ने गोबर उठाने की बात कहकर अपने घर पर बुलाया था। आरोप है कि जब वह गोबर उठा रही थी। तभी अमित ने उसके साथ छेड़छाड़ करनी शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी युवक ने उसके साथ मारपीट करते हुए उसके कपड़े फाड़ दिए। पीड़ित महिला के शोर मचाए जाने पर उसका पति, जेठ व अन्य परिजन मौके पर पहुंच गए। जिन्हें देख आरोपी युवक जान से मारने की धमकी देता हुआ फरार हो गया। थाना प्रभारी राघवेंद्र सिंह ने बताया की महिला की शिकायत पर मामले की जांच की जा रही है।

## फरीदाबाद:बांग्लादेशियों के दस्तावेजों को जांचने में जुटी पुलिस



फरीदाबाद, । पुलिस ने जिले में सभी बांग्लादेशियों के कागजों की जांच शुरू कर दी है और उनका पुराना रिकॉर्ड भी खंगाला जा रहा है। बल्लभगढ़ थाना के प्रभारी हरिकिशन ने बताया कि गांव नचोली में सभी बांग्लादेशियों को रहने के लिए जगह दी हुई है। फरीदाबाद में 80 के करीब बांग्लादेशी रह रहे है। पुलिस के पास सभी के रिकॉर्ड मौजूद है। पुलिस समय-समय पर वहा जाकर चैकिंग करती रहती है। दिल्ली चुनाव के चलते पुलिस लगातार चैकिंग कर रही है। फरीदाबाद दिल्ली एनसीआर का हिस्सा है, इसलिए सुरक्षा को लेकर फरीदाबाद में भी पुलिस अलर्ट पर है। पुलिस के पास रिकॉर्ड में मौजूद दस्तावेजों को चैक किया जा रहा है, साथ ही ये भी तलाश की जा रही है कि कोई बांग्लादेशी किसी अपराध में तो शामिल नही है। संदिग्ध व्यक्ति पर पुलिस की पैनी नजर है। उसका बांग्लादेश से कोई संबंध तो नहीं है। पुलिस फरीदाबाद में रहने वाले बांग्लादेशियों से उनके काम के बारे में भी जानकारी ले रही है। परिवार के गुजारे के लिए कौन किस तरह का काम कर रहा है। इसके बारे में जानकारी ली जा रही है। पुलिस सभी के घरों को भी टीम के साथ चैक कर चुकी है।

## मोबाइल पर आए लिंक पर क्लिक करते ही खाते से कट गए डेढ़ लाख रुपए



प्रात: किरण, संवाददाता

ग्रेटर नोएडा, । सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में रहने वाले एक युवक के साथ साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि मोबाइल पर आए एक लिंक पर क्लिक करते समय ही खाते से तीन बार में करीब डेढ़ लाख रुपए काट लिए गए। पीड़ित ने साइबर ठगी की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। सेक्टर पाई वन में तरुण कुमार परिवार के साथ रहते हैं। तरुण कुमार ने पुलिस को बताया कि कुछ दिनों पहले उनके मोबाइल पर एक लिंक आया। जैसे ही उन्होंने लिंक पर क्लिक किया इस बीच उनके खाते से तीन बार में पैसे काट लिए गए। पीड़ित का आरोप है कि खाते से पहले 50 हजार फिर 49 हजार और इसके बाद 49809 कुल 1,48809 रुपए की ठगी की गई है। पीड़ित ने तुरंत घटना के बाद साइबर हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत की थी। इसके बाद पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज किया है। सूरजपुर कोतवाली प्रभारी का कहना है कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## पलवल पुलिस ने तीन साइबर ठगों को किया गिरफ्तार



प्रात: किरण, संवाददाता

पलवल, । पलवल जिला साइबर क्राइम पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में तीन राज्यों से साइबर ठगी के आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने एक व्यक्ति से 1.16 लाख रुपए की ठगी की थी। पुलिस ने आरोपियों के पास से पांच मोबाइल और एक लैपटॉप बरामद किया है। साइबर क्राइम थाना प्रभारी नवीन कुमार ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित बीर सिंह का फोन 12 जून को पलवल से काशीपुर की यात्रा के दौरान चोरी हो गया था। अगले दिन जब उन्होंने नया सिम कार्ड एक्टिवेट किया तो पता चला कि उनके खाते से यूपीआई और आईएमपीएस के जरिए एक लाख 16 हजार 200 रुपए निकाल लिए गए। तकनीकी विश्लेषण और बैंक रिकॉर्ड की जांच के बाद पुलिस ने छत्तीसगढ़ के बलौदा जिले से ललित पाल, उत्तर प्रदेश के ऐठा-मैनपुरी से आशीष उर्फ रॉकी यादव और बिहार के नालंदा से रमेश उर्फ मासूम राज को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों को तीन दिन के रिमांड पर लिया है, जिससे गिरोह के अन्य सदस्यों की जानकारी और ठगी की रकम की बरामदगी की जा सके।

## शादी में बुलाकर युवक के साथ मारपीट

दादरी, । बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के कूड़ी खेड़ा गांव में तीन लोगों ने युवक को शादी समारोह में बुलाकर मारपीट कर घायल कर दिया। बचाव में आए भाई के साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने बताया कि कूड़ी खेड़ा गांव में मनोज नागर परिवार के साथ रहते हैं। सोमवार शाम को गांव में ही हनी शर्मा ने अपने घर पर शादी में मनोज नागर को बुलाया था। रात करीब 11 बजे हनी, प्रशांत और अतुल मनोज के साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट की गई। बचाव में उसके भाई मुकेश के आने पर उसके साथ भी मारपीट की गई।

## फिल्म डाकू महाराज हिंदी में 24 जनवरी को रिलीज होगी

प्रात: किरण,/ एजेसी




मुंबई, 22 जनवरी (वेब वार्ता)। नंदमुरी बालकृष्ण, बॉबी देओल और उर्वशी रौतेला की फिल्म डाकू महाराज हिंदी में 24 जनवरी को रिलीज होगी। तेलुगु सिनेमा प्रेमियों का दिल जीतने के बाद, डाकू महाराज अब हिंदी भाषी क्षेत्र में भी अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार हैं। नंदमुरी बालकृष्ण की मुख्य भूमिका वाली मसाला एंटरटेनर का हिंदी संस्करण जल्द ही हिंदी भाषा में रिलीज किया जाएगा। सिथारा एंटरटेनमेंट और श्रीकारा स्टूडियोज, फॉर्च्यून फोर सिनेमा के सहयोग से आदित्य भाटिया और अतुल राजानी प्रस्तुत, बॉबी कोली निर्देशित पैन इंडिया इस फिल्म के हिंदी रिलीज का प्रबंधन और वितरण जय विरात्रा एंटरटेनमेंट लिमिटेड (जेवीईएल) की ओर से किया जा रहा है। बॉक्स ऑफिस पर अपनी शानदार सफलता के बाद, डाकू महाराज के निमार्ताओं ने आधिकारिक तौर पर 24 जनवरी को हिंदी डब में इसकी अखिल भारतीय रिलीज की घोषणा की है। डाकू महाराज ने पहले ही एक बड़ी सफलता के रूप में अपनी जगह पक्की कर ली है। एक्शन से भरपूर इस मनोरंजक फिल्म को दर्शकों और प्रदर्शकों से जबरदस्त प्यार मिला, जिससे पूरे भारत में इसके व्यापक रिलीज की मांग बढ़ गई। अपनी मनोरंजक कहानी, दमदार एक्शन सीक्वेंस और शानदार अभिनय के साथ, डाकू महाराज अब पूरे देश में हिंदी भाषी दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार है। हिंदी रिलीज को लेकर अपनी उत्सुकता व्यक्त करते हुए, सुपरस्टार नंदमुरी बालकृष्ण ने कहा, ह्लप्रशंसकों से मिला प्यार और प्रतिक्रिया वाकई बहुत ही शानदार रही है। डाकू महाराज मेरे दिल के बहुत करीब की फिल्म है और मैं रोमांचित हूं कि यह अब पूरे भारत में व्यापक दर्शकों तक पहुंच रही है। मैं हिंदी भाषी प्रशंसकों को बड़े पर्दे पर इस शानदार तमाशे का अनुभव कराने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।ह्व फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने कहा, ह्लडाकू महाराज पर काम करना एक अविस्मरणीय यात्रा रही है। फिल्म में एक्शन, ड्रामा और इमोशन्स यूनिवर्सल हैं और मुझे यकीन है कि हिंदी दर्शक भी इसे साउथ के दर्शकों की तरह ही पसंद करेंगे। इस तरह के शानदार सिनेमाई अनुभव का हिस्सा बनना सम्मान की बात है।

### रोजलिन ने हिना की बातों को गुमराह करने वाला बताया

मुंबई, । अभिनेत्री और कैंसर सर्वाइवर रोजलिन खान ने कैंसर का इलाज करा रही अभिनेत्री हिना खान के बयानों पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। रोजलिन खान, जो स्टेज 4 कैंसर से उबर चुकी हैं, ने हिना खान के कैंसर से जुड़ी बातों को अतिरंजित और गुमराह करने वाला बताया। उन्होंने हिना के इलाज और उनकी कैंसर रिकवरी के विवरण पर सवाल उठाते हुए कहा कि स्टेज 3 कैंसर में पहले सर्जरी, फिर कीमोथेरेपी और बाद में रेडिएशन होता है। उन्होंने हिना के 15 घंटे की सर्जरी और सर्जरी के तुरंत बाद मुस्कुराते हुए बाहर आने की बात को झूठ करार दिया। रोजलिन ने कहा, मास्टेकटॉमी के बाद मरीज को लंबे समय तक नशे में रखा जाता है। मेरी अपनी सर्जरी तीन दिनों तक रिकवरी के लिए नशे में थी। हिना खान के दावों से लगता है कि वह सिर्फ सुर्खियों में बने रहने के लिए यह सब कर रही हैं।

## फिल्मों के फ्लॉप होने पर अक्षय कुमार ने तोड़ी चुप्पी



प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई, । अभिनेता अक्षय कुमार आगामी फिल्म स्काई फोर्स में नजर आएंगे। यह फिल्म 24 जनवरी को रिलीज हो रही है। फिलहाल अक्षय फिल्म के प्रमोशन में बिजी हैं। इस बीच अक्षय की पिछली कई फिल्में फ्लॉप रही हैं। पिछले 2 सालों में उन्होंने एक भी ब्लॉकबस्टर हिट नहीं दी है। कुछ साल पहले भी अक्षय की लगातार 16-17 फिल्में फ्लॉप रही थीं। अब इन सबका जवाब खुद अक्षय ने दिया है। एक साक्षात्कार में अक्षय कुमार कहा, मैं कई लोगों से मिलता हूं और उनसे सुनता हूं कि हम इस फिल्म को ओटीटी पर देखेंगे। अब यह एक आदत बन गई है। दर्शक अब यह सोचने लगे हैं कि जब यह रिलीज के कुछ दिनों के भीतर ओटीटी पर आएगी तो वे इसे अपने घर पर आराम से देख सकेंगे। उन्होंने आगे कहा, मैं 2025 के लिए बहुत उत्साहित हूं। मैं अपनी आने वाली फिल्मों का इंतजार कर रहा हूं। मेरी कुछ फिल्में अलग-अलग विषयों पर आ रही हैं। इसलिए मुझे उम्मीद है कि दर्शक फिल्में देखने के लिए थिएटर आएंगे। पिछले कुछ सालों में अक्षय की 8 से 10 फिल्में फ्लॉप हो चुकी हैं। वह टाइगर श्रॉफ के साथ बिग बजट फिल्म ह्यबड़े मियां छोटे मियां में नजर आए थे, लेकिन फिर भी फिल्म हिट नहीं रही। इसके अलावा राम सेतु,सम्राट पृथ्वीराज,रक्षा बंधन, सेल्फी फिल्में नहीं चलीं।

## रितेश पांडेय का रोमांटिक गाना लाजे लागता रिलीज




मुंबई, । अभिनेता-गायक रितेश पांडेय का नया रोमांटिक गाना लाजे लागता रिलीज हो गया है। लाजे लागता, गाना जेएमएफ भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने के गीतकार आर. आर. पंकज और संगीतकार प्रियांशु सिंह हैं। इस गाने को रितेश पांडेय ने गाया है। रितेश पांडेय ने कहा, लाजे लागता मेरे दिल के बेहद करीब है। इस गाने में प्यार और रिश्तों की जो मिठास है, वह हर किसी को अपनी ओर खींचेगी। फैंस से मिले प्यार और प्रतिक्रिया से मैं बेहद उत्साहित हूं। मेरी कोशिश हमेशा यही रहती है कि मैं अपने दर्शकों को कुछ नया और खास दूं, और ह्यलाजे लागताह्न उसी दिशा में एक प्रयास है। ह्यलाजे लागताह्न गाने में पूरी टीम ने अपना दिल लगाया है, और इसका परिणाम दर्शकों के प्यार के रूप में सामने आ रहा है। आपका प्यार ही मेरी ताकत है। आगे भी मैं ऐसे ही गाने लाने का प्रयास करता रहूंगा। लाजे लागता का निर्देशन नितेश सिंह ने किया है इस गाने में रितेश पांडेय के साथ प्रीति मौर्य की केमेस्ट्री शानदार नजर आ रही है।


## जी अनमोल सिनेमा पर 26 जनवरी को होगा जवान का प्रीमियर




प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई, । बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म जवान का प्रीमियर 26 जनवरी को जी अनमोल सिनेमा पर होगा। जी अनमोल सिनेमा पर मेगा ब्लॉकबस्टर फिल्म जवान का प्रीमियर, रविवार 26 जनवरी को शाम 7:30 बजे होगा। इस फिल्म से निर्देशक एटली ने हिंदी फिल्मों में अपनी शुरूआत की है। फिल्म जवान में शाहरूख खान के साथ दीपिका पादुकोण, विजय सेतुपति, नयनतारा, प्रियामणि, सान्या मल्होत्रा, सुनील ग्रोवर जैसे शानदार कलाकारों समेत कई अन्य कलाकारों ने महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं। शाहरुख खान ने कहा,टेलीविजन पर अपनी फिल्म का प्रीमियर देखना हमेशा अच्छा लगता है। हम सभी ने इस फिल्म में अपना दिल लगाया है और यह बहुत अच्छी बात है कि अब जी अनमोल सिनेमा के जरिए फिल्म जवान देश भर के घरों तक पहुंच रही है। फिल्म मेकिंग का एक जॉनर ऐसा है जो डायनैमिक है, विशाल हैह्व जिंदगी से भी बड़ा। यह एक फिल्म में पैक की गई हर चीज की एक रोलरकोस्टर राइड है और यह वाकई एक मजेदार, सार्थक सफर है। ह्यजवानह्न आपको सोचने पर मजबूर कर देगी, आपको गुस्सा दिलाएगी, आपको हंसाएगी और रुलाएगी, और आपको इससे प्यार हो जाएगा, लेकिन यह अपने परिवार के साथ अनुभव करने लायक सफर होगा। एटली ने कहा, मैं एक फिल्ममेकर होने से पहले शाहरुख खान का फैन हूं। मैं उनके हर पहलू और उनके सभी ऑन-स्क्रीन अवतारों का फैन रहा हूं और जवान में मैं उनके सभी रूप दिखाना चाहता था लेकिन एक जनता वाली अपील के साथ। जवान एक भावना है।प्यार की भावना, संघर्ष की भावना और एक भारतीय होने की भावना, और वह गौरव जो इन सभी चीजों के साथ आता है। मेरी जड़ें जनता और मूल जज्बातों में समाई हैं इसलिए मैं हमेशा कुछ ऐसा बनाने की कोशिश करता हूं जो सीधे लोगों के दिलों तक पहुंचे। मैं जी अनमोल सिनेमा पर जवान के प्रीमियर के लिए बेहद उत्साहित हूं और साथ ही पूरे भारत के परिवारों तक पहुंचने को लेकर भी रोमांचित हूं।

## फिल्म छावा से अक्षय खन्ना का लुक रिलीज






प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई, । बॉलीवुड अभिनेता अक्षय खन्ना की आने वाली फिल्म छावा से उनका लुक रिलीज कर दिया गया है। मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बन रही फिल्म छावा में विक्की कौशल ,रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना की अहम भूमिका है। इस फिल्म में विक्की कौशल,महान मराठा योद्धा छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में हैं, वहीं रश्मिका मंदाना संभाजी महाराज की पत्नी येसूबाई की भूमिका में हैं। अक्षय खन्ना इस फिल्म मुगल शासक औरंगजेब की भूमिका में हैं। फिल्म छावा से विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना के शानदार लुक के बाद, अक्षय खन्ना का फर्स्ट लुक मेकर्स ने रिवील कर दिया गया है। फिल्म छावा के मेकर्स मेडॉक फिल्मस ने अक्षय खन्ना के किरदार का पोस्टर शेयर किया। पोस्टर में अक्षय को मुगल शहंशाह औरंगजेब के रूप में देखा जा सकता है।पोस्टर्स रिलीज करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, ह्यडर और दहशत का नया चेहरा। मुगल साम्राज्य के क्रूर शासक मुगल शहंशाह औरंगजेब के रूप में प्रस्तुत हैं अक्षय खन्ना। लक्ष्मण उटेकर के निर्देशन में बन रही फिल्म छावा के निमार्ता दिनेश विजान हैं और दिग्गज संगीतकार एआर रहमान ने इस फिल्म में संगीत दिया है। यह फिल्म 14 फरवरी को रिलीज होगी।

## करण जौहर ने की नए म्यूजिक ट्रैक स्नेक की तारीफ

प्रात: किरण,/ एजेसी



मुंबई, । बालीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही और जेसन डेरुलो के नए म्यूजिक ट्रैक स्नेक की बॉलीवुड फिल्म निमार्ता करण जौहर ने जमकर तारीफ की है। इस गाने का वीडियो शेयर करते हुए करण ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, शानदार लग रहे हो दोस्तों। वेस्टर्न और मिडल ईस्ट के प्रभावों का अनूठा मिश्रण यह गाना न केवल भारत में, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सुर्खियां बटोर रहा है। इस गाने ने अपनी अनोखी धुन और आकर्षक विजुअल्स के चलते दर्शकों और म्यूजिक प्रेमियों को मोहित कर लिया है। स्नेक में नोरा फतेही के बेहतरीन डांस मूव्स और गायन को जेसन डेरुलो की सिग्नेचर म्यूजिकल स्टाइल के साथ मिलाकर एक क्रॉस-कल्चर म्यूजिक मास्टरपीस तैयार की गई है। यह ट्रैक ग्लोबल म्यूजिक इंडस्ट्री में तेजी से अपनी पहचान बना रहा है और इसे बड़े स्तर पर सराहना मिल रही है। करण जौहर समेत कई अन्य बॉलीवुड हस्तियों ने भी इस गाने की तारीफ की है। इस गाने को लेकर नोरा फतेही ने बताया, मैं हमेशा से ऐसा कुछ करना चाहती थी, जो अलग-अलग संस्कृतियों को जोड़ सके और इसे ग्लोबल ऑडियंस तक पहुंचाया जा सके। हमारा फोकस एक ऐसा हुक क्रिएट करने पर था, जो सिंपल और यादगार हो। गाने के वीडियो को खूबसूरत मोरक्कन शहर मराकेश में फिल्माया गया है। इसे मोरोक्को के निर्देशक अब्देराफिया एल अब्दिउई ने निर्देशित किया है, जबकि इसकी कोरियोग्राफी भारत के रजित देव ने की है। गाने के प्रोडक्शन में नोरा फतेही और टॉमी ब्राउन ने मिलकर काम किया है। गाने को बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की टीम ने अपनी पूरी मेहनत लगाई। इसके बोल, धुन और वीडियो में वेस्टर्न, मिडल ईस्ट और साउथ एशियन प्रभावों का शानदार मिश्रण देखने को मिलता है। दर्शकों और म्यूजिक इंडस्ट्री के दिग्गजों ने इस गाने को काफी सराहा है। स्नेक अपने यूनिक स्टाइल और ग्लोबल अपील के कारण म्यूजिक चार्ट्स पर तेजी से चढ़ रहा है। यह गाना न केवल एक बेहतरीन संगीत अनुभव है, बल्कि यह तीन अलग-अलग संस्कृतियों का एक शानदार उत्सव भी है।


### माही श्रीवास्तव और खुशी कक्कड़ के गाना राजा रंगदार ने 20 मिलियन व्यूज पार किया

प्रात: किरण,/ एजेसी




मुंबई, । अभिनेत्री माही श्रीवास्तव और गायिका खुशी कक्कड़ के गाना ह्यराजा रंगदार ने 20 मिलियन व्यूज पार कर लिया है। गाना राजा रंगदार वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी म्यूजिक कंपनी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। यह गाना 20 मिलियन व्यूज पार करके मिलियन क्लब में शामिल हो गया है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत गाना राजा रंगदार के निमार्ता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को खुशी कक्कड़ ने गाया है जबकि माही श्रीवातव ने गाने में अभिनय किया है। इस गाने को सूरज सिंह ने लिखा है,जबकि संगीतकार विक्की वॉक्स हैं।वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी, कास्ट्यूम डिजाईनर बादशाह खान हैं। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

## संजय लीला भंसाली की फिल्म पद्मावत 24 जनवरी को होगी री-रिलीज




प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई, । बॉलीवुड फिल्मकार संजय लीला भंसाली की सुपरहिट फिल्म पद्मावत अपनी 7वीं सालगिरह के मौके पर फिर से 24 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह और शाहिद कपूर जैसे स्टार्स से सजी फिल्म पद्मावत भारतीय सिनेमा की सबसे खूबसूरत और कामयाब फिल्मों में से एक मानी जाती है। मलिक मुहम्मद जायसी की कविता पद्मावत पर आधारित फिल्म पद्मावत रानी पद्मावती की खूबसूरती, सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी के खिलाफ उनकी हिम्मत और उनकी निडरता की कहानी है। संजय लीला भंसाली के शानदार निर्देशन और भव्य प्रोडक्शन डिजाइन ने इसे दुनियाभर के दर्शकों के दिलों तक पहुंचाया। वर्ष 2018 में जब फिल्म पद्मावत रिलीज हुई, तो इसने हर तरफ तहलका मचा दिया। दीपिका पादुकोण ने रानी पद्मावती के रोल में अपना जलवा दिखाया, रणवीर सिंह ने खिलजी के किरदार में डर और जुनून भर दिया, और शाहिद कपूर ने राजा रतन सिंह की गरिमा को बेहतरीन तरीके से पर्दे पर उतारा।

## मैं हमेशा बहुमुखी भूमिकाएं निभाना चाहती हूं : पूजा हेगड़े



प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई, । अपनी आगामी फिल्म देवा की रिलीज के लिए अभिनेत्री पूजा हेगड़े पूरी तरह तैयार हैं। एक्ट्रेस पूजा ने हाल ही में फिल्म के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में शिरकत की। यहां उन्होंने विभिन्न भाषाओं और शैलियों में काम करने के अपने अनुभव साझा किए। पूजा ने कहा, मैं हमेशा बहुमुखी भूमिकाएं निभाना चाहती हूं। हर फिल्म में कुछ अलग करने का प्रयास करती हूं। अलग-अलग भाषाओं और संस्कृतियों में काम करना मेरे लिए एक सौभाग्य की बात है। मैंने तमिलनाडु से अपने करियर की शुरूआत की, तेलुगु में प्यार और सराहना मिली, और कर्नाटक से जुड़े होने के कारण मुझे एक विशेष अपनापन भी महसूस होता है। हिंदी फिल्मों में भी दर्शकों का जो समर्थन मिला है, वह मेरे लिए बेहद प्रेरणादायक है। फिल्म देवा में पूजा एक जर्नलिस्ट की भूमिका में नजर आएंगी। उनके साथ अभिनेता शाहिद कपूर की जोड़ी को लेकर भी दर्शकों में खासा उत्साह है। ट्रेलर में पूजा और शाहिद की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री ने फिल्म की अपील को और बढ़ा दिया है। ट्रेलर और फिल्म के पहले गाने को दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है, जिसने फिल्म को लेकर पहले से ही एक ग्रैंड बज क्रिएट कर दिया है। पूजा ने अपनी यात्रा को लेकर आगे कहा, मैं एक मुंबई की लड़की हूं, लेकिन अलग-अलग भाषाओं में काम करते हुए मुझे जो प्यार और स्वीकृति मिली है, वह मुझे और मेहनत करने के लिए प्रेरित करती है। मैंने हमेशा अच्छे कंटेंट को प्राथमिकता दी है और अपने मन की बात सुनी है। देवा में पूजा का किरदार न केवल चुनौतीपूर्ण है, बल्कि उनकी एक्टिंग स्किल्स को भी नए आयाम देता है। शाहिद कपूर के साथ उनकी जोड़ी और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस ने फिल्म के प्रति दर्शकों की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है।

### हैदराबाद एयरपोर्ट पर व्हीलचेयर पर दिखीं रश्मिका मंदाना

हैदराबाद, । साउथ के साथ-साथ हिंदी इंडस्ट्री में भी रश्मिका मंदाना ने अपना दबदबा बनाया है। उनकी लोकप्रियता दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। 2021 में रिलीज हुई फिल्म पुष्पा की वजह से उनकी किस्मत बदल गई। फिल्म में श्रीवल्ली के किरदार से उन्हें काफी लोकप्रियता मिली। उसके बाद उनकी बॉलीवुड एंट्री हो गई है। फिलहाल वह दोनों इंडस्ट्री में आगे हैं। एनिमल के बाद उनके पास फिल्मों की कतार लग गई है। इस सभी व्यस्त कार्यक्रम के बीच रश्मिका को जिम में गंभीर चोट लग गई। उनके पैर में फ्रैक्चर है और हाल ही में उन्हें हैदराबाद एयरपोर्ट पर व्हीलचेयर पर देखा गया था। कभी एयरपोर्ट पर पैपराजी को मीठी मुस्कान देने वालीं रश्मिका आज अलग नजर आ रही थीं। वह गुलाबी चेक स्वेटशर्ट, नीली जींस, सर पर टोपी और चेहरे पर मास्क पहनकर कार से बाहर निकलीं। वह लंगड़ाते हुए सामने रखी व्हीलचेयर पर बैठी। व्हीलचेयर पर बैठकर उन्होंने अपना सर नीचे रखा और कैमरे की तरफ देखने की बजाय सिर्फ मोबाइल फोन की तरफ देखती रहीं।

## अक्षय कुमार ने भूल भुलैया के सीक्वल में न दिखने की बताई वजह



प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई, । बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने अपने अब तक के करियर में हर तरह के किरदार निभाए हैं। उन्होंने न सिर्फ अपने एक्शन अवतार से बल्कि अपने कॉमिक किरदारों से भी दर्शकों का दिल जीता है। वर्ष 2007 में एक्टर की हॉरर कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया रिलीज हुई थी, जो ब्लॉकबस्टर हुई और बाद में क्लासिक बन गई। इसके बाद भूल भुलैया के दो सीक्वल भी बने। हालांकि, दोनों सीक्वल में अक्षय की जगह अभिनेता कार्तिक आर्यन को लिया गया। अब एक इंटरव्यू में अक्षय कुमार ने भूल भुलैया फ्रेंचाइजी छोड़ने की वजह बताई है। इस समय अक्षय कुमार वीर पहाड़िया के साथ अपनी आने वाली फिल्म स्काई फोर्स का प्रमोशन में लगे हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अक्षय कुमार ने आने वाली एक्शन-थ्रिलर स्काई फोर्स के बारे में बात की। अक्षय ने भी फैन्स के कुछ सवालों के जवाब दिए। दरअसल, दर्शकों में से किसी ने कहा कि उन्होंने भूल भुलैया-2 और 3 नहीं देखी क्योंकि अक्षय कुमार इसका हिस्सा नहीं थे। यह पूछे जाने पर कि उन्होंने भूल भुलैया फ्रेंचाइजी से नाता क्यों तोड़ लिया, अभिनेता ने कहा, बेटा, मुझे निकाल दिया गया था। इतना ही। अक्षय कुमार ने हेरा फेरी-3 पर दिया बड़ा अपडेट भूल भुलैया पर चर्चा के अलावा अक्षय ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म हेरा फेरी-3 पर भी अपडेट दिया। उन्होंने कहा, मैं हेरा फेरी-3 के शुरू होने का इंतजार कर रहा हूं। मुझे नहीं पता, लेकिन अगर सब कुछ ठीक रहा तो यह इसी साल शुरू हो जाएगा। अभिनेता ने कहा, जब हमने हेरा फेरी शुरू की तो हमें नहीं पता था कि यह इतनी हिट होगी। जब हमने फिल्म देखी तो हमने सोचा भी नहीं था। हां, यह मजेदार था, लेकिन हममें से किसी ने भी किरदारों की उम्मीद नहीं की थी। बाबू भैया, राजू और श्याम के क्लासिक बनने की। संदीप केवलानी और अभिषेक अनिल कपूर की निर्देशित,स्काई फोर्स 24 जनवरी, 2025 को सिल्वर स्क्रीन पर रिलीज होगी। यह फिल्म भारत के पहले हवाई हमले की सच्ची कहानी पर आधारित है। स्काई फोर्स में अक्षय कुमार के अलावा वीर पहाड़िया भी अहम भूमिका में होंगे।

## पाखी हेगड़े और पृथ्वी तिवारी का भोजपुरी गाना करेजवा में गोली लगे को मिला 1.3 मिलियन व्यूज

मुंबई, । भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री पाखी हेगड़े और अभिनेता पृथ्वी तिवारी का गाना करेजवा में गोली लगे ने 1.3 मिलियन व्यूज के आंकड़े को पार कर लिया है। पाखी हेगड़े ने कहा, दर्शकों ने मेरे इस गाने को जिस तरह से सराहा है, वह मेरे लिए बेहद खास है। मैं अपने फैंस की आभारी हूं, जिन्होंने मुझे हमेशा इतना प्यार दिया। यह गाना मेरे दिल के करीब है और इसकी सफलता ने इसे और भी खास बना दिया है।वहीं, अभिनेता पृथ्वी तिवारी ने इस गाने को अमेजिंग बताते हुए कहा,यह गाना मेरे लिए बेहद खास है। पाखी हेगड़े जैसी अनुभवी अदाकारा के साथ काम करना शानदार अनुभव था। भोजपुरी सिनेमा में मेरा यह अनुभव अविस्मरणीय रहेगा। दर्शकों का प्यार और समर्थन मेरे लिए प्रेरणा है।

### खुशबू तिवारी केटी और काजल त्रिपाठी का नया लोकगीत बलमू तोहरा पाप पड़ी रिलीज

मुंबई, । रैपर-सिंगर खुशबू तिवारी केटी और अभिनेत्री काजल त्रिपाठी का नया लोकगीत ह्यबलमू तोहरा पाप पड़ीह्न रिलीज हो गया है। भोजपुरी लोकगीत ह्यबलमू तोहरा पाप पड़ीह्न को वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। यह गाना खूबसूरत पत्नी को छोड़ किसी परायी स्त्री से आशिकी करने वाले पति के बेवफाई पर आधारित बनाया गया है। जिसे अपनी खास शैली में खुशबू तिवारी केटी ने गाया है। इस गाने के वीडियो में काजल त्रिपाठी नजर आ रही हैं। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी गाना ह्यबलमू तोहरा पाप पड़ीह्न के निमार्ता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को यादव राज ने लिखा है और संगीतकार रौशन सिंह हैं। डायरेक्टर वर्ल्डवाइड प्रोडक्शन, डीओपी राहुल यादव तथा कोरियोग्राफर अनिल एडी हैं। प्रोडक्शन पंकज सोनी ने किया है। इस गाने का आल राइट्स वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

## संक्षिप्त खबरें

### एनएसई पर यूनिक इन्वेस्टर्स की संख्या पहली बार 11 करोड़ के पार

मुंबई, । नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने बुधवार को ऐलान किया कि एक्सचेंज पर यूनिक इन्वेस्टर्स (यूनिक पैन) की संख्या पहली बार 11 करोड़ को पार कर गई है। इसके साथ ही कुल क्लाइंट अकाउंट की संख्या 21 करोड़ से अधिक हो गई है। भारत में शेयर बाजार का चलन बढ़ने के कारण बीते कुछ वर्षों में एनएसई पर निवेशकों की संख्या में बड़ा उछाल देखने को मिला है और यह पांच साल में 3.6 गुना हो गई है। 1994 में एनएसई के ऑपरेशन शुरू होने के बाद एक करोड़ यूनिक इन्वेस्टर होने में करीब 14 वर्ष का समय लगा था, लेकिन इसके बाद अगले एक करोड़ नए इन्वेस्टर्स आने में सात वर्ष और अगले एक करोड़ इन्वेस्टर्स और जुड़ने में 3.5 वर्ष और फिर अगले करोड़ इन्वेस्टर्स जुड़ने में एक वर्ष से अधिक का समय लगा था। एनएसई ने नोट में कहा कि यूनिक इन्वेस्टर्स की संख्या में पिछले कुछ समय में काफी बढ़ोतरी हुई है। 6 से 7 महीने में अतिरिक्त 1 करोड़ निवेशक जुड़े हैं। वहीं, आखिरी एक करोड़ इन्वेस्टर्स पिछले पांच महीने में आए हैं, जो बाजार में बढ़ती इन्वेस्टर्स की भागीदारी को दिखाता है। एक्सचेंज के मुताबिक, बीते पांच महीनों से प्रतिदिन करीब 47,000 से लेकर 73,000 के बीच में यूनिक इन्वेस्टर्स के पंजीकरण हो रहे हैं।

### ईपीएफओ ने नवंबर महीने के दौरान शुद्ध 14.63 लाख सदस्य जोड़े

नई दिल्ली, । रोजगार के मोर्चे पर अच्छी खबर है। कर्मचारी भविष्यश निधि संगठन (ईपीएफओ) ने नवंबर महीने में शुद्ध रूप से (नेट) 14.63 लाख सदस्यै जोड़े हैं। पिछले महीने अक्टूबर, 2024 के दौरान ईपीएफओ ने 13.41 लाख सदस्योंछ को जोड़ा था। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि ईपीएफओ ने नवंबर, 2024 में 14.63 लाख नेट सदस्यों को जोड़ा है, जबकि अक्टू बर, 2024 के दौरान ईपीएफओ ने 13.41 लाख सदस्यौं को जोड़ा था। इस तरह ईपीएफओ से जुड़ने वाले सदस्यों की संख्यां में शुद्ध 9.07 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं, सालाना आधार पर नवंबर 2023 की तुलना में शुद्ध सदस्यों की संख्या.में 4.88 फीसदी की वृद्धि है। अनंतिम पेरोल डेटा के मुताबिक ईपीएफओ ने नवंबर, 2024 में करीब 8.74 लाख नए सदस्य जोड़े हैं। अक्टूबर, 2024 की तुलना में नए सदस्यों की संख्या में 16.58 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई है। नए सदस्यों के सालाना आधार पर विश्लेषण से पता चलता है कि नवंबर 2023 में पिछले वर्ष की तुलना में नए सदस्यों की संख्या में 18.80 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई है। आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान ईपीएफओ से जुड़ने वालों में 18-25 आयु वर्ग के सदस्यों का दबदबा रहा है। नवंबर, 2024 के दौरान 18-25 आयु वर्ग में 4.81 लाख नए सदस्य जुड़े हैं, जो इस दौरान जोड़े गए कुल नए सदस्यों का 54.97 फीसदी है।

### सीटीआरएलएस तेलंगाना में एआई डाटासेंटर क्लस्टर की करेगा स्थापना

हैदराबाद। सीटीआरएलएस डाटासेंटर्स लिमिटेड ने 10,000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ राज्य में अत्याधुनिक ह्यएआई डाटासेंटर क्लस्टर स्थापित करने के लिए तेलंगाना सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) से इतर इस समझौते को अंतिम रूप दिया गया। यहां मंगलवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, प्रस्तावित एआई डेटासेंटर क्लस्टर की क्षमता 400 मेगावाट होगी, जिसमें 10,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा। इस परियोजना से 3,600 नौकरियों (प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष) का सृजन होगा। इससे कर राजस्व में वृद्धि के जरिये राज्य की अर्थव्यवस्था को महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। विज्ञप्ति में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्री डी. श्रीधर बाबू के हवाले से कहा गया, सीटीआरएलएस के साथ यह सहयोग तेलंगाना को डिजिटल बुनियादी ढांचे और प्रौद्योगिकी में वैश्विक स्तर पर अग्रणि बनाने की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। एआई डेटासेंटर क्लस्टर न केवल राज्य की आईटी क्षमताओं को बढ़ाएगा बल्कि रोजगार के पर्याप्त अवसर भी सृजित करेगा, जो समावेशी विकास के हमारे दृष्टिकोण में योगदान देगा। सीटीआरएलएस डाटासेंटर्स लिमिटेड के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) श्रीधर पिन्नापुरेड्डी ने कहा, हम इस परिवर्तनकारी परियोजना को मूर्त रूप देने के लिए तेलंगाना सरकार के साथ सहयोग कर खुश हैं।

# सराफा बाजार में सपाट कारोबार, सोना-चांदी की कीमतों में बदलाव नहीं

प्रात: किरण/एजेंसी



नई दिल्ली, । घरेलू सराफा बाजार आज सपाट स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। सोने की कीमत में कोई बदलाव नहीं होने के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना मंगलवार के भाव पर ही यानी 81,380 रुपये से लेकर 81,230 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में ही कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 74,650 रुपये से लेकर 74,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच ही बिक रहा है। चांदी की कीमत में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है, जिसके कारण दिल्ली सराफा बाजार में ये चमकीली धातु आज भी 96,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 81,380 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 81,230 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 74,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 81,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 74,550 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 81,230 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 74,500 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 81,230 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 74,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 81,380 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 81,280 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 74,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 81,380 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोने के भाव सपाट स्तर पर बने हुए हैं। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज भी 81,230 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर ही कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना भी आज मंगलवार के भाव 74,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर ही बिक रहा है।

# सेंसेक्स, निफ्टी ने सकारात्मक रुख के साथ की कारोबार की शुरूआत

प्रात: किरण/एजेंसी



नई दिल्ली, । एक दिन पहले मंगलवार की जोरदार गिरावट के बाद आज शुरूआती कारोबार के दौरान घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच तेजी का रुख है। आज के कारोबार की शुरूआत भी मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद लिवालों और बिकवालों के बीच एक-दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल भी ऊपर-नीचे होती रही। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.47 प्रतिशत और निफ्टी 0.29 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से विप्रो, इन्फोसिस, टीसीएस, सन फार्मास्यूटिकल्स और टेक महिंद्रा के शेयर 2.31 प्रतिशत से लेकर 0.97 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, अडाणी एंटरप्राइजेज और ट्रेंट लिमिटेड के शेयर 2.83 प्रतिशत से लेकर 1.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,379 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 536 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,843 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 10 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 28 शेयर हरे निशान में और 22 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 276.06 अंक की तेजी के साथ 76,114.42 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसके कारण इस सूचकांक की चाल में भी उतार-चढ़ाव होने लगा। खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 76,247.55 अंक तक पहुंचा। वहीं, बिकवाली का दबाव बनने पर इसने 76,001.95 अंक तक गोता भी लगाया। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 359.36 अंक की बढ़त के साथ 76,197.72 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 74.50 अंक उछल कर 23,099.15 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही खरीदार और बिकवाल एक-दूसरे पर हावी होने की कोशिश करने लगे, जिससे इस सूचकांक की चाल में भी उतार-चढ़ाव होता हुआ नजर आया। खरीदारी के सपोर्ट से निफ्टी उछल कर 23,127.70 अंक तक पहुंचा, वहीं बिकवाली होने पर ये 23,050.55 अंक तक गिर भी गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 65.70 अंक की मजबूती के साथ 23,090.35 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन मंगलवार को सेंसेक्स 1,235.08 अंक यानी 1.60 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 75,838.36 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी ने 320.10 अंक यानी 1.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,024.65 अंक के स्तर पर मंगलवार के कारोबार का अंत किया था।

# रुपये में शुरूआती कारोबार में भारी उतार-चढ़ाव



प्रात: किरण/एजेंसी

मुंबई, । रुपये में बुधवार को सुबह के कारोबार में भारी उतार-चढ़ाव रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के बारे में समग्र अनिश्चितता मुद्राओं तथा जिंस दोनों पर भारी पड़ रही है, जिससे निवेशक चिंतित हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.56 प्रति डॉलर पर खुला और फिर सुबह के अत्यधिक अस्थिर सत्र में डॉलर के मुकाबले 86.71 के निचले स्तर तक गिर गया। रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.58 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 प्रतिशत की बढ़त के साथ 108.13 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.09 प्रतिशत चढ़कर 79.36 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) मंगलवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 5,920.28 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## एस्सार रिन्यूएबल्स महाराष्ट्र में दो गीगावाट की अक्षय ऊर्जा परियोजनाएं करेगी विकसित



प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, । एस्सार रिन्यूएबल्स ने 8,000 करोड़ रुपये के निवेश से दो गीगावाट क्षमता की अक्षय ऊर्जा परियोजनाएं विकसित करने के लिए महाराष्ट्र सरकार के साथ प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर करने की बुधवार को जानकारी दी। कंपनी बयान के अनुसार, इस निवेश से प्रत्यक्ष रूप से 2,000 से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होने की उम्मीद है। साथ ही यह राज्य में हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने और आर्थिक वृद्धि में योगदान देगा। एस्सार रिन्यूएबल्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अंकुर कुमार ने कहा,यह सहयोग हमारी अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह हमें इस क्षेत्र में एक मजबूत कंपनी के रूप में स्थापित करता है। समझौते की शर्तों के तहत, एस्सार रिन्यूएबल्स चौबीसों घंटे चलने वाली नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में करीब 8,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इसका उद्देश्य ब्लू एनर्जी मोटर्स और ग्रीनलाइन के इलेक्ट्रिक वाहन ट्रक चार्जिंग परिवेश को समर्थन देना है। प्रस्तावित परियोजनाएं वित्त वर्ष 2026-27 में शुरू होंगी। एस्सार के निदेशक प्रशांत रुइया ने कहा, वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन के दौर से गुजरते हुए, महाराष्ट्र सरकार के साथ यह साझेदारी हरित परिवहन के लिए सतत ऊर्जा के भविष्य को नया आकार देने में एक महत्वपूर्ण कदम है्ं यह साझेदारी एस्सार रिन्यूएबल्स के अगले पांच वर्षों में आठ गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को पार करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के अनुरूप है। एस्सार रिन्यूएबल्स भारत के हरित ऊर्जा बइलाव में अग्रणी है जो सौर, पवन तथा बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणालियों में विशेषज्ञता रखता है।

## ब्लू एनर्जी मोटर्स महाराष्ट्र में इलेक्ट्रिक ट्रक विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए 3,500 करोड़ रुपये का करेगी निवेश




प्रात: किरण/एजेंसी

मुंबई, । तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) से चलने वाले ट्रक बनाने वाली कंपनी ब्लू एनर्जी मोटर्स महाराष्ट्र में इलेक्ट्रिक ट्रक विनिर्माण संयंत्र लगाने के लिए 3,500 करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बना रही है। इससे राज्य में हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा, दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) में घोषित प्रारंभिक समझौते की शर्तों के तहत ब्लू एनर्जी मोटर्स उन्नत इलेक्ट्रिक (ईवी) ट्रकों के लिए एक समर्पित सुविधा स्थापित करेगी। इसमें उन्नत अनुसंधान एवं विकास क्षमताएं, बैटरी-पैक लाइन, मोटर विनिर्माण इकाई होगी और चार्जिंग स्टेशन भी स्थापित किए जाएंगे। ब्लू एनर्जी मोटर्स ने कहा, प्रस्तावित परियोजनाएं अगले वित्त वर्ष 2025-26 में शुरू होंगी। कंपनी के अनुसार, इस निवेश से प्रत्यक्ष रूप से रोजगार के 4,000 से अधिक अवसर उत्पन्न होने की संभावना है। ब्लू एनर्जी मोटर्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनिरुद्ध भुवालका ने कहा,हमारा निवेश न केवल उन्नत स्वच्छ परिवहन समाधानों के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में महाराष्ट्र की स्थिति की पुष्टि करेगा, बल्कि रोजगार सृजन तथा आर्थिक वृद्धि में भी योगदान देगा।

# ग्लोबल मार्केट से तेजी के संकेत, एशियाई बाजारों में भी मजबूती का रुख

प्रात: किरण/एजेंसी



नई दिल्ली, । ग्लोबल मार्केट से आज पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान तेजी के साथ कारोबार होता रहा। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज फिलहाल बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह एशियाई बाजार में भी आज आम तौर पर मजबूती का रुख बना हुआ है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार उत्साह बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.83 प्रतिशत उछल कर 6,046.65 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 123.69 अंक यानी 0.63 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,753.89 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.11 प्रतिशत की मजबूती के साथ 44,072.11 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान तेजी बनी रही। एफटीएसई इंडेक्स 0.32 प्रतिशत की बढ़त के साथ 8,548.29 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.48 प्रतिशत उछल कर 7,770.95 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.25 प्रतिशत की मजबूती के साथ 21,042 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। एशिया के 9 बाजारों में से 7 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 2 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। हैंग सेंग इंडेक्स 271.42 अंक यानी 1.35 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 19,835.13 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.85 प्रतिशत लुढ़क कर 3,215.37 अंक के स्तर तक गिर गया है। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 0.13 प्रतिशत की मजबूती के साथ 23,146.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,798.22 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। निक्केई इंडेक्स ने आज जोरदार छलांग लगाई है। ये सूचकांक फिलहाल 561.05 अंक यानी 1.44 प्रतिशत की मजबूती के साथ 39,589.03 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 259.42 अंक यानी 1.11 प्रतिशत उछल कर 23,559.43 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 1.05 प्रतिशत उछल कर 7,257.31 अंक के स्तर पर, कोस्पी इंडेक्स 0.96 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2,542.19 अंक के स्तर पर और सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.49 प्रतिशत की मजबूती के साथ 1,359.22 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## काबरा ज्वेल्स की धांसू लिस्टिंग से खिले निवेशकों के चेहरे, पहले दिन ही दोगुना हुआ पैसा

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, । गोल्ड और डायमंड की ज्वेलरी बनाने वाली कंपनी काबरा ज्वेल्स ने आज शेयरों की लिस्टिंग के जरिए स्टॉक मार्केट में शानदार शुरूआत की। इस जोरदार शुरूआत के कारण कंपनी के आईपीओ निवेशकों का पैसा पहले दिन ही लगभग दोगुना हो गया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 128 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर ये शेयर 90 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 243.20 रुपये के स्तर पर लिस्ट हुए। लिस्टिंग के बाद खरीदारों ने इसे हाथों हाथ लिया, जिसकी वजह से थोड़ी ही देर में ये शेयर उछल कर 255.35 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। काबरा ज्वेल्स का 40 करोड़ रुपये का आईपीओ 15 से 17 जनवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जोरदार रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 356.02 गुना सब्सक्राइब हो गया था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 154.53 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 556.90 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 384.90 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 31.25 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपने कर्ज के बोझ को कम करने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करेगी।

## ट्रंप ने 500 अरब अमेरिकी डॉलर की एआई पहल की घोषणा की

प्रात: किरण/एजेंसी



वाशिंगटन, । अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नई कंपनी के माध्यम से कृत्रिम मेधा (एआई) बुनियादी ढांचे में 500 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की घोषणा की है। इसे ओरेकल, सॉफ्टबैंक और ओपन एआई के साथ साझेदारी में बनाया जा रहा है। स्टारगेट नामक यह उद्यम, अमेरिकी डेटा केंद्रों में प्रौद्योगिकी कंपनियों के महत्वपूर्ण निवेश को दशार्ता है। ये तीनों कंपनियों ने इस उद्यम के लिए वित्तीय मदद करने की योजना बनाई है। अन्य निवेशक भी इसमें निवेश कर पाएंगे। इसकी शुरूआत टेक्सास में निमार्णाधीन 10 डेटा केंद्रों से होगी। ट्रंप ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में संवाददाता सम्मेलन में ओरेकल के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी लैरी एलिसन, सॉफ्टबैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मासायोशी सोन और ओपन एआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन के साथ इसकी घोषणा की। राष्ट्रपति ने कहा,उस नाम को अपनी पुस्तकों में लिख लें क्योंकि मुझे लगता है कि आप भविष्य में इसके बारे में बहुत कुछ सुनने वाले हैं। एक नई अमेरिकी कंपनी जो अमेरिका में एआई बुनियादी ढांचे में 500 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगी और बेहद तेजी से आगे बढ़ेगी तथा तुरंत 1,00,000 से अधिक अमेरिकी नौकरियों का सृजन करेगी। उन्होंने कहा,स्टारगेट तुरंत काम शुरू करेगा, ताकि एआई में अगली पीढ़ी की प्रगति को बढ़ावा देने के लिए भौतिक तथा आभासी बुनियादी ढांचे का निर्माण किया जा सके।

## आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री दावोस में बिल गेट्स, कई वैश्विक अधिकारियों से करेंगे मुलाकात

प्रात: किरण/एजेंसी

अमरावती, । आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू स्विट्जरलैंड के दावोस में माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स और कई अन्य वैश्विक अधिकारियों से बुधवार को मुलाकात करेंगे। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस स्की रिसॉर्ट शहर की अपनी यात्रा के तीसरे दिन मुख्यमंत्री विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के अधिकारियों से भी मुलाकात करेंगे। इसमें कहा गया,यूनीलीवर,डीपी वर्ल्ड ग्रुप, पेट्रोनास, गूगल क्लाउड, पेप्सी और एस्ट्राजेनेका की मुख्यमंत्री के साथ मुलाकात होगी। मुख्यमंत्री बिल गेट्स और डब्ल्यूईएफ के प्रतिनिधियों के साथ भी चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री ब्रांड आंध्र को बढ़ावा देंगे और राज्य में निवेश के अवसरों को रेखांकित करेंगे। इससे पहले,अगले पेट्रोरसायन केंद्र के निर्माण विषय पर आयोजित गोलमेज चर्चा में नायडू ने आंध्र प्रदेश में मौजूद अपार संभावनाओं को रेखांकित किया था। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, हमारा राज्य भारत के सबसे बड़े पेट्रोलियम, रसायन और पेट्रोरसायन निवेश क्षेत्र (पीसीपीआईआर) का गढ़ है, जो 640 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। नायडू ने कहा कि विशाखापत्तनम और रामायपत्तनम में पहले से ही महत्वपूर्ण निवेश हो रहा है। यह आंध्र प्रदेश उद्योग जगत के लोगों तथा निवेशकों के बीच सहयोग करने और सफल होने के लिए एक समृद्ध परिवेश प्रदान करता है। यह निवेशकों और आंध्र प्रदेश दोनों के लिए फायदेमंद है।





## क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं डिविलियर्स, कहा– मैं अब भी खेल सकता हूं



**जोहानिसबर्ग (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स थोड़ी मौज-मस्ती करने और अपने बच्चों को खुश करने के लिए इस तरह की क्रिकेट में वापसी करना चाहते हैं जहां आईपीएल जैसा दबाव नहीं हो और वह सहज होकर खेल सकें। डिविलियर्स ने अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताने के लिए नवंबर 2021 में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था।

दक्षिण अफ्रीका के 40 वर्षीय पूर्व कप्तान अब चैरिटी और प्रसारण से संबंधित कार्यों से जुड़े हुए हैं। वह मौजूदा एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ब्रांड एंबेसडर भी हैं। लेकिन अपने यूट्यूब चैनल पर मेलिंडा फैरेल के साथ बातचीत में डिविलियर्स ने कहा कि वह फिर से क्रिकेट खेलना चाहते हैं। डिविलियर्स ने अपने तीन बच्चों का जिक्र करते हुए कहा, 'मैं अब भी क्रिकेट खेल सकता हूं। इसकी कोई पुष्टि नहीं है। मेरे बच्चे मुझ पर थोड़ा दबाव डाल रहे हैं और मुझे लगता है कि मैं उनके साथ नेट्स पर जा सकता हूं। शायद मैं ऐसी क्रिकेट खेलूंगा जिसमें मैं सहज होकर खेल सकूं।

डिविलियर्स ने आईपीएल जैसी पेशेवर लीग के दायरे से बाहर की क्रिकेट में खेलने के संकेत दिए। उन्होंने कहा, 'मैं आईपीएल या एसए20 जैसी लीग में खेलने की बात नहीं कर रहा हूं बल्कि ऐसी क्रिकेट की बात कर रहा हूं जिसमें सहज होकर खेला जा सके। मैं ऐसा अपने बच्चों की खुशी के लिए करना चाहता हूं। इससे मैं फिर से क्रिकेट का आनंद ले सकता हूं। डिविलियर्स ने 114 टेस्ट, 228 वनडे और 78 टी20 में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व किया। उनके नाम वनडे प्रारूप में सबसे तेज 50 (16 गेंद), 100 (31 गेंद) और 150 (64 गेंद) रन बनाने का रिकॉर्ड है।

## नोवाक जोकोविच ने 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब की ओर बढ़ाए कदम

**मेलबर्न (एजेंसी)।** पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने मंगलवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में स्पेन के कार्लोस अल्काराज को हराकर रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। सेमीफाइनल में जोकोविच के सामने शुक्रवार को अलेक्जेंडर ज्वेरेव की चुनौती होगी।



महिला वर्ग में पाउला बाडोसा ने कोको गाफ को बाहर का रास्ता दिखाया। गुरुवार को उनके सामने विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका की चुनौती होगी। सबालेंका ने सेमीफाइनल में जगह बनाकर लगातार तीसरा खिताब जीतने की तरफ कदम बढ़ाए।

पुरुष एकल में मैच का पहला सेट गंवाने वाले सैंतीस साल के जोकोविच के सामने उनसे 16 साल कम उम्र के युवा खिलाड़ी की चुनौती थी। इसके साथ ही वह बाएं पैर में खिंचाव के कारण मैच के बीच कई बार दर्द में दिखे लेकिन वह हर तरह की चुनौती से पार पाते हुए 4-6, 6-4, 6-3, 6-4 की जीत के साथ 12वीं बार मेलबर्न पार्क में सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रहे। साढ़े तीन घंटे चले मुकाबले को जीतने के बाद कहा कि मैं बस यही चाहता हूं कि आज का यह मैच फाइनल हो।

### महिला अंडर-19 विश्व कप

## इंग्लैंड ने अमेरिका को 8 विकेट से हराया

**जोहोर (मलेशिया) (एजेंसी)।** डेविना पेरिन (74) और ट्रुडी जॉनसन (नाबाद 44) की शानदार पारियों की बदौलत इंग्लैंड ने बुधवार को अंडर-19 महिला टी-20 मुकाबले में अमेरिका को आठ विकेट से हरा दिया है। अमेरिका के 119 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ओवर की दूसरी गेंद पर एरिन थॉमस (शून्य) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी ट्रुडी जॉनसन ने डेविना पेरिन के साथ पारी को संभाला।




दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिये 117 रनों की साझेदारी हुई। 14वें ओवर में पूजा शाह ने डेविना पेरिन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। डेविना पेरिन ने 45 गेंदों में नौ चौके और तीन छक्के लगाते हुये (74) रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। ट्रुडी जॉनसन (44) रन बनाकर नाबाद रही। इंग्लैंड ने 14.2 ओवर में दो विकेट पर 120 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। अमेरिका की ओर से माही माधवन और पूजा शाह को एक-एक विकेट मिला।

इससे पहले आज यहां इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अमेरिका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 29 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिए थे। चेतना पग्यद्मला (10), इसानी वाघेल (10) और दिशा ढींगरा (छह) रन बनाकर आउट हुई। ऐसे समय मे कप्तान अनिका कोलन ने पारी को संभलाने का प्रयास किया। रितू सिंह (20) रन बनाकर आउट हुई।

अनिका कोलन (46) और पूजा गणेश (10) रन बनाकर नाबाद रही। अमेरिका की महिला टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 119 रन का स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की ओर से प्रिशा थानावाला, ट्रुडी जॉनसन ने दो-दो विकेट लिये। टिली कॉर्टीन-कोलमैन ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## न्यूजीलैंड ने समोआ को 67 रनों से हराया

**कुचिंग (मलेशिया) (एजेंसी)।** ईव वोलैंड (48) रन की पारी के बाद ताश वेकलिन और ॠषिका जसवाल (तीन-तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने बुधवार को अंडर-19 महिला टी-20 मुकाबलों में समोआ को 67 रनों से शिकस्त दी।

107 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी समोआ की टीम का कोई भी बल्लेबाज न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे नही टिक सका। समाओ की पूरी टीम 14.2 ओवर में 40 के स्कोर पर ढ़ेर हो गई। समाओ का कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। न्यूजीलैंड की ओर से ताश वेकलिन और ॠषिका जसवाल ने तीन-तीन विकेट लिए। सोफी कोर्ट को दो विकेट मिले। हन्ना ओ'कॉनर ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां समोआ महिला अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 12 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिए। इसके बाद अनिका टोड और ईव वोलैंड ने पारी को संभला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 55 रनों की साझेदारी हुई। 10वें ओवर में ए मापु ने अनिका टोड 19 गेंदों में (27) रन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद समोआ के गेंदबाजी आक्रमण के आगे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके।

## रोहित को क्या करना है यह किसी को बताने की जरूरत नहीं : अजिंक्य रहाणे

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने बुधवार को कहा कि रोहित शर्मा को यह बताने की जरूरत नहीं है कि उन्हें क्या करना है और 'जब वह लय हासिल कर लेंगे तो उन्हें बड़ी पारी खेलने में कोई परेशानी नहीं आएगी । भारतीय टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान रोहित लगभग एक दशक के अंतराल के बाद रणजी ट्रॉफी में वापसी करेंगे।

मुंबई की टीम बृहस्पतिवार से यहां बीकेसी मैदान पर जम्मू-कश्मीर से भिड़ेगी तो सभी की निगाहें रोहित और उनके भारत के सलामी जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल पर होंगी। रहाणे ने मुंबई के अभ्यास सत्र के दौरान कहा, 'देखिए, रोहित, रोहित है। हम सभी यह जानते हैं। आपको भी पता है कि रोहित का व्यक्तित्व क्या है। मैं उन दोनों (रोहित और जायसवाल) को मुंबई के ड्रेसिंग रूम में वापस पाकर बहुत खुश हूं।

रहाणे ने कहा, 'रोहित कभी तनाव लेना पसंद नहीं करते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलते हुए भी उनका चरित्र वैसा ही है। उनका रवैया काफी सहज है। वह अपने खेल को अच्छी तरह से जानते हैं, इसलिए किसी को उन्हें यह बताने की जरूरत नहीं है कि उन्हें क्या करना है। वह एक बार क्रीज पर थोड़ा समय बिताने के बाद अच्छा करेंगे। उन्होंने खुद में कोई बदलाव नहीं किया है जो काफी अच्छी बात है।



पिछले कुछ महीनों से 37 वर्षीय रोहित बड़ी पारी नहीं खेल पा रहे हैं। वह घरेलू सरजमीं पर न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टेस्ट श्रृंखलाओं में मिली करारी शिकस्त के बाद आलोचना का सामना कर रहे हैं। रहाणे ने कहा कि हर खिलाड़ी करियर में उतार-चढ़ाव से गुजरता है लेकिन रोहित 'वास्तव में आश्वस्त' हैं। रोहित के साथ लंबे समय तक भारतीय ड्रेसिंग रूम साझा करने वाले इस अनुभवी खिलाड़ी ने कहा, 'इस में अहम बात यह है कि रोहित में अच्छा प्रदर्शन करने का जज्बा बरकरार है। वह अच्छा प्रदर्शन करने के लिए दृढ़ है। मुझे यकीन है कि एक बार जब वह मैदान पर उतरेंगे तो ऐसा करने में सफल रहेंगे।

राहणे ने कहा, 'रोहित ने कल अभ्यास के कुछ सत्रों में अच्छी बल्लेबाजी की। मैं रोहित के अच्छे प्रदर्शन को लेकर वास्तव में आश्वस्त हूं। रहाणे ने कहा कि जम्मू कश्मीर के खिलाफ यह मैच इस सत्र में रोहित के लिए एकमात्र मुकाबला हो सकता है। रोहित इंग्लैंड के खिलाफ छह फरवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला और उसके बाद चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की कप्तानी करेंगे। रहाणे ने कहा, 'मुझे लगता है कि वह सिर्फ इस मुकाबले को खेलेंगे। अगले मैच में उनकी उपलब्धता के बारे में मुझे पता नहीं है। अगले चार दिनों तक उनके सुझाव हमारे लिए काफी अहम होंगे।

## फुटबॉल स्टार डेवर्सन की पत्नी ने शेयर किया 'ईलू ईलू कैलेंडर', फैंस हो गए हैरान

**ब्राजील (एजेंसी)।** फुटबॉल स्टार डेवर्सन की पत्नी करीना एलेक्जेंडर ने अपना शरारती मूड दिखाया है जिसकी हर तरफ चर्चा हो रही है। स्टार जोड़ा अपनी ग्लैमरस लाइफ के लिए मशहूर है। वह अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी हॉट फोटोज भी अपलोड करता रहता है। इसी बीच करीना ने इंस्टाग्राम पर एक कैलेंडर की फोटोज शेयर कर धमाल मचा दी है। 33 साल की करीना ने पति के साथ बेडरूम रूटीन का विवरण अपने फैंस के साथ साझा कर दिया है। उक्त कैलेंडर में महीने की खास तरीकों पर दिल के निशान बनाए गए है जिसका मतलब फैंस ईलू ईलू नाइट से लगा रहे हैं।



33 वर्षीय डेवर्सन ला लीगा में अपने फुटबॉल करियर के दौरान लेवांटे, डेपोर्टिवो अलावेस और गेटाफे जैसे क्लबों के लिए खेले हैं। ब्राजीलियाई क्लब पाल्मेरास के साथ उनका 2017 और 2022 का दौर सर्वश्रेष्ठ रहा था। उन्होंने क्लब के लिए 144 लीग मैच खेले और 31 गोल किए। लेकिन उन्होंने करीना के साथ अपने रिश्ते के साथ मैदान के बाहर भी जीवन का आनंद लिया है।

इसी बीच करीना ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए अपने अंतरंग जीवन की झलक प्रशंसकों को दी है। उन्होंने अपने सेक्स कैलेंडर की एक तस्वीर साझा की, जिसमें प्रत्येक दिन प्यार भरे दिल बने हुए थे, जिस दिन वे एक-दूसरे के साथ अंतरंग थे। करीना ने तस्वीर के साथ कैप्शन लिखा- मेरे जीवन का लक्ष्य प्यार को बढ़ाना है। डेवर्सन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट साझा की और इसके साथ 3 प्यार भरे दिल वाले इमोजी जोड़े।

## राष्ट्रमंडल खेल 2026 में मुक्केबाजी की जगह कुश्ती को शामिल किया जाना चाहिए था: एरिका वीब

**विजयनगर (कर्नाटक) (एजेंसी)।** पूर्व ओलंपिक चैंपियन पहलवान एरिका वीब ने 2026 राष्ट्रमंडल खेलों से कुश्ती को बाहर करने को बेहद निराशानजक करार दिया लेकिन साथ ही उम्मीद जताई कि अगले सत्र में खेल की वापसी होगी। कनाडा की एरिका ने 2016 रियो ओलंपिक की महिला 75 किग्रा फ्रीस्टाइल स्पर्धा के फाइनल में कजाखस्तान की गुजेल मेन्युरोवा को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता था।

यूनाईटेड वर्ल्ड रेस्लिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) और आईएसएस के सहयोग से यहां चल रहे अंतरराष्ट्रीय महिला कुश्ती शिविर और 'रेस्लिंग मास्टरक्लास' कार्यक्रम के लिए यहां इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट आई एरिका ने वकालत की कि 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में मुक्केबाजी की जगह कुश्ती को शामिल किया जाना चाहिए था। एरिका ने इंटरव्यू में कहा, 'ग्लासगो में 2026 राष्ट्रमंडल खेलों का फैसला बहुत निराशाजनक था। उन्होंने खेलों के लिए एक बहुत ही अलग मॉडल अपनाया। उनके पास केवल 10 खेल हैं। यह बेहद निराशाजनक बात है। मैं वास्तव में चाहती थी कि वे मुक्केबाजी की जगह कुश्ती को शामिल करते।



उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि इस खेल (कुश्ती) की लोगों तक अधिक पहुंच है। मुझे लगता है कि महासंघ बेहतर स्थिति में है। मुझे लगता है कि यह राष्ट्रमंडल में भारत और नाइजीरिया की मौजूदगी में कुश्ती के खेल में शानदार खिलाड़ियों के रूप में अपनी विविधतापूर्ण ताकत दिखाने का एक अवसर है। कनाडा की इस पहलवान ने कहा, 'और इसलिए, हां, यह निराशाजनक है। मुझे लगता है कि चीजें बदलेंगी। हम नहीं जानते कि भविष्य में क्या होने वाला है और इसलिए मुझे उम्मीद है कि शायद 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों में हम कुश्ती की वापसी देखेंगे।

बुडापेस्ट 2018 विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता एरिका ने ओलंपिक पदक विजेता भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया की प्रशंसा की और कहा कि भारत में महिला कुश्ती में शानदार आदर्श मौजूद हैं। उन्होंने कहा, 'मैं बहुत से भारतीय खिलाड़ियों, खासकर पहलवानों की सराहना करती हूं। मैंने बजरंग के लिए मैट पर और मैट के बाहर सम्मान के बारे में बहुत बात की है, वह एक शानदार पहलवान, अविश्वसनीय सहयोगी है। भारत में महिला फ्रीस्टाइल कुश्ती में शानदार आदर्श मौजूद हैं।

बुडापेस्ट विश्व चैंपियनशिप 2018 की कांस्य पदक विजेता एरिका ने कहा, 'मैं फोगाट बहनों, साक्षी मलिक और विनेश के बारे में सोचती हूं, जो ना केवल मैट पर चैंपियन रही हैं, बल्कि जिस तरह से वे खुद को संभालती हैं और मैट के बाहर जिस तरह चीजों के लिए खड़ी होती हैं, वह मेरे लिए बेहद प्रेरणादायक है।

### यूट्यूब पर बोले पूर्व क्रिकेटर

## चैम्पियंस ट्रॉफी में आपको रोहित शर्मा और विराट कोहली की जरूरत है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने दिग्गज भारतीय बल्लेबाजों रोहित शर्मा और विराट कोहली की प्रशंसा करते हुए उन्हें 'महान व्हाइट-बॉल क्रिकेटर' कहा। कैफ अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो में यह भी उल्लेख किया कि आगामी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में टीम इंडिया को रोहित और विराट की आवश्यकता होगी। कोहली ने 2008 में श्रीलंका के खिलाफ वनडे प्रारूप में पदार्पण किया था। उसके बाद उन्होंने 50 ओवर के 295 मैचों में 93.54 की स्ट्राइक रेट से 13906 रन बनाए हैं। उनका औसत भी 58.18 है। इस बीच रोहित ने अपना पहला वनडे मैच 2007 में आयरलैंड के खिलाफ खेला था। 265 वनडे में कप्तान ने 92.43 की स्ट्राइक रेट और 49.16 की औसत से 10866 रन बनाए हैं।

कैफ ने कहा कि रोहित और विराट दोनों ही लंबे समय तक नहीं खेलेंगे क्योंकि वे 30 के दशक के अंत में हैं। उन्होंने कहा कि दो अनुभवी भारतीय बल्लेबाज चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दौरान मेन इन ब्लू टीम में बहुत योगदान देंगे। उन्होंने कहा, आपको रोहित शर्मा और विराट कोहली की जरूरत है। रोहित 37 साल के हैं और कोहली 36 साल के हैं। वे लंबे समय तक नहीं खेलने वाले हैं। उनके लिए प्रार्थना करें, उनका समर्थन करें। वे दो बेहतरीन सफेद गेंद के खिलाड़ी हैं। वे लंबे समय तक नहीं खेलने वाले हैं। मुझे विश्वास है कि वे अच्छा खेलेंगे। वे आगामी चैंपियंस ट्रॉफी में बहुत योगदान देंगे। अगर वे अच्छा खेलते हैं, तो आप दुबई में मैच जीतेंगे। रोहित शर्मा तेज शुरुआत देते हैं। विराट कोहली उस शुरुआत का फायदा उठाते हैं।




आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से शुरू होकर 9 मार्च तक चलेगी। इसकी मेजबानी पाकिस्तान और यूएई करेंगे, जिसमें भारत हाइब्रिड मॉडल के तहत अपने मैच यूएई में खेलेगा। आठ टीमों के इस टूर्नामेंट में 15 मैच होंगे। दो कट्टर प्रतिद्वंद्वियों भारत और पाकिस्तान के बीच टूर्नामेंट का सबसे बड़ा मैच 23 फरवरी को खेला जाएगा। भारत अपने अभियान की शुरुआत 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ करेगा। भारत का आखिरी लीग मैच 2 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ होगा।

### चैंपियंस ट्रॉफी

## पाकिस्तान नाम वाली जर्सी पहनने के खिलाफ बीसीसीआई, यह कहता है नियम

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कथित तौर पर आगामी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए टीम की जर्सी और कप्तान की प्रेस कॉन्फ्रेंस में रोहित शर्मा की भागीदारी के बारे में कड़ा रुख अपनाया है। बीसीसीआई द्वारा पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पर अपने खेलों को पाकिस्तान से हटाकर यूएई में स्थानांतरित करने के लिए दबाव डालने के बाद चिंता का एक नया विषय सामने आया है।

एक रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई नहीं चाहता है कि टीम इंडिया के खिलाड़ी मेजबान के रूप में पाकिस्तान के नाम वाली जर्सी पहनें। पीसीबी अब दो प्रतिद्वंद्वी देशों के बीच चल रही तनातनी के बीच इस समाधान को हल करने में आईसीसी की मदद की उम्मीद कर रहा है। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि बीसीसीआई भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को पारंपरिक कप्तान की प्रेस कॉन्फ्रेंस और फोटो शूट के लिए पाकिस्तान नहीं भेजेगा। इसके बजाय भारतीय क्रिकेट बोर्ड चाहता है कि दोनों आयोजन यूएई में स्थानांतरित कर दिए जाएं।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, आईसीसी ने पहले ही भारत के अनुरोध को स्वीकार कर लिया है कि वह अपने सीटी मैच पाकिस्तान में न खेले, इसलिए ये मामूली मुद्दे हैं। पीसीबी इस स्थिति से परेशान है और आईसीसी से समाधान की उम्मीद करेगा। पीसीबी के एक सूत्र ने कथित तौर पर सुझाव दिया है कि बीसीसीआई भी खेल में राजनीति ला रहा है। सूत्र ने कहा, बीसीसीआई क्रिकेट में राजनीति ला रहा है, जो खेल के लिए बिल्कुल भी अच्छा नहीं है। उन्होंने पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया। वे उद्घाटन समारोह के लिए अपने कप्तान को (पाकिस्तान) नहीं भेजना चाहते हैं; अब ऐसी खबरें हैं कि वे मेजबान देश (पाकिस्तान) का नाम अपनी जर्सी पर नहीं छपवाना चाहते हैं। हमें विश्वास है कि विश्व शासी निकाय (आईसीसी) ऐसा नहीं होने देगा और पाकिस्तान का समर्थन करेगा।




### क्या कहता है नियम

आईसीसी के नियमों के अनुसार अगर भारत टूर्नामेंट के आधिकारिक लोगो के साथ-साथ नामित मेजबानों के नाम वाली जर्सी नहीं पहनता है, तो यह आईसीसी के कपड़ों के संबंध में आधिकारिक कोड का उल्लंघन होगा। इस तरह के टूर्नामेंट में यह परंपरा रही है, जैसे कि जब भारत ने 2021 टी20 विश्व कप या 2023 वनडे विश्व कप की मेजबानी की थी, तो पाकिस्तान ने भारत का झंडा लगाया था। यह देखना बाकी है कि आईसीसी किस तरह का समाधान निकालता है, क्योंकि टूर्नामेंट 19 फरवरी से शुरू होने वाला है जिसमें 15 मैच क्रमशः कराची, लाहौर, रावलपिंडी और दुबई के चार मैदानों पर खेले जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### आदि शंकराचार्य द्वारा रचित भज गोविंदम का 'आदित्य उत्सव 2025' में अनावरण किया गया

**भोपाल, एजेंसी।** बिड़ला समूह के संस्थापक स्वर्गीय बसंत कुमार बिड़ला की स्मृति में आयोजित आदित्य उत्सव 2025 इस ,समारोह में आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला और नितिन मुकेश के हाथों आदि शंकराचार्य द्वारा रचित भज गोविंदम इस भक्तिमय संगीत रचना का अनावरण किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन कोलकाता में स्थित संगीत कला मंदिर में किया गया था। इस कार्यक्रम में पद्मश्री अनुराधा पौडवाल, कविता पौडवाल एवं समूह ने आदि शंकराचार्य निर्मित भक्ति काव्य रचनाएं प्रस्तुत कीं। इस अवसर पर कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा कि आदित्य बिड़ला समूह की ओर से आदि शंकराचार्य के इस भक्ति काव्य के अनावरण और उसके बारे में जागरूकता पैदा करने की इस नेक पहल का हिस्सा बनकर हमें बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि पद्मश्री अनुराधा पौडवाल की मधुर आवाज में भक्ति रचनाओं की मनमोहक प्रस्तुति हर किसी को इन भक्ति रचनाओं को समझने में सक्षम बनाती है। यह भक्ति रचनाओं की प्रस्तुति से परे एक पहल है, जिसे देश और हमारी सबसे बड़ी आध्यात्मिक निधि के रूप में समर्थन देने पर हमें गर्व है। आदित्य बिड़ला समूह भारत का सबसे बड़ा समूह है और इसने चुनिंदा प्राचीन भारतीय आध्यात्मिकता को वैश्विक दर्शकों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भज गोविंदम कॉलर ट्यून जल्द ही वैश्विक दर्शकों के लिए उपलब्ध होगी।

### ग्रेटर नोएडा में मां-बाप की हत्यारी बेटी को आजीवन कारावास

**ग्रेटर नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिला न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्र मोहन श्रीवास्तव ने की अदालत ने प्रेमी के साथ मिलकर माता-पिता की हत्या करने वाली बेटी को मंगलवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने दोषी पर 46 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) रतन सिंह भाटी ने बताया कि अगस्त 2016 में बादलपुर के बंबावड़ गांव के रहने वाले वेद प्रकाश और उनकी पत्नी उकलेश की हत्या कर दी गई थी। हत्या का आरोप वेद प्रकाश की नाबालिग बेटी कोमल और उसके प्रेमी प्रमोद पर लगा था। प्रमोद गांव में ही इलेक्ट्रॉनिक की दुकान चलाता था। वेद प्रकाश की बेटी ने ही प्रेमी प्रमोद के साथ मिलकर माता-पिता और भाई-बहनों की हत्या की साजिश रची और वारदात को अंजाम दिया था। कोमल ने अपने तीन भाई-बहनों को भी जहर दिया था, लेकिन वह बच गए थे। कोमल ने अपने प्रेमी प्रमोद के साथ मिलकर माता-पिता की हत्या कर शवों को नदी में बहा दिया था। कोमल ने लोगों को गुमराह करने के लिए गांव में फोन कर अपहरण की झूठी सूचना दी थी। पुलिस ने कोर्ट में आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। कोर्ट ने कोमल को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने इस मामले में दो साल पहले दोषी प्रमोद को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। कोमल के चाचा ओमप्रकाश ने बादलपुर थाने में प्रमोद के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया था।

### रेल दुर्घटनाओं पर लगेगा ब्रेक! ग्रेटर नोएडा की कंपनी ने बनाए खास उपकरण

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** ट्रेन दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए ग्रेटर नोएडा की कंपनी ने विशेष तरह का उपकरण तैयार किया है। यह उपकरण ट्रैक पर तेज गति से दौड़ती ट्रेन के पहियों की स्थिति का 500 माइक्रोन तक सटीकता से विवरण देता है, जिससे संभावित खतरे को समय रहते दूर किया जा सके। कंपनी का दावा है कि देश में पहली बार मेक इन इंडिया के तहत यह तकनीक विकसित की गई है। कासना स्थित आरटी विजन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड ने यह उपकरण बनाया है। इसे ऑटो एक्सपो में प्रदर्शित किया गया। कंपनी के चीफ टेक्निकल ऑफिसर कुलप्रीत सिंह सिकंद और बिजनेस एनालिस्ट मनीष फिलिप ने बताया कि ट्रेन में पहिये की भूमिका अहम होती है।

# ईडी नागरिकों को परेशान करना बंद कर दे, हद में रहेः बॉम्बे हाईकोर्ट




**मुंबई, एजेंसी।**
बंबई उच्च न्यायालय ने एक रियल एस्टेट कारोबारी के खिलाफ बिना सोचे समझे धन शोधन की जांच शुरू करने के लिए ईडी यानी प्रवर्तन निदेशालय पर मंगलवार को एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया। अदालत ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि केंद्रीय एजेंसियों को कानून के दायरे में रहकर काम करना चाहिए।

ईडी पर जुर्माना लगाते हुए जस्टिस मिलिंद जाधव की एकल पीठ ने कहा कि कानून लागू करने वाली एजेंसियों को एक कड़ा संदेश जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि नागरिकों को परेशान न किया जाए।

उच्च न्यायालय ने अगस्त 2014 में मुंबई के एक रियल एस्टेट डेवलपर राकेश जैन को धन शोधन एजेंसी द्वारा दायर अभियोजन शिकायत के आधार पर एक विशेष अदालत द्वारा जारी की गई प्रक्रिया (समन/नोटिस) को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति जाधव ने कहा, अब समय आ गया है कि ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियां ??कानून को अपने हाथ में लेना बंद करें और नागरिकों को परेशान करना बंद करें। ईडी ने जैन के खिलाफ उपनगरीय विले पार्ले थाने में एक संपत्ति खरीदार द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर धन शोधन की जांच शुरू की थी, जिसमें जैन पर समझौते के उल्लंघन और धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया था। न्यायमूर्ति जाधव ने अपने फैसले में कहा कि जैन के खिलाफ कोई मामला नहीं बनता है, इसलिए धन शोधन के आरोप भी टिकते नहीं हैं। उच्च न्यायालय ने कहा कि जैन के खिलाफ शिकायतकर्ता का कदम और ईडी की कार्रवाई स्पष्ट रूप से दुर्भावनापूर्ण है और इसके लिए जुर्माना लगाने की आवश्यकता है। अदालत ने ईडी को चार सप्ताह के भीतर उच्च न्यायालय पुस्तकालय को एक लाख रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया। पीठ ने मामले में मूल शिकायतकर्ता (खरीदार) पर भी एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया। इस जुर्माने का भुगतान मुंबई स्थित कीर्तिकर लॉ लाइब्रेरी को किया जाएगा। न्यायाधीश ने आदेश में कहा, यह देखा गया है कि धन शोधन की साजिश गुप्त रूप से रची जाती है और अंजाम दी जाती है। मेरे सामने वर्तमान मामला पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) के कार्यान्वयन की आड़ में उत्पीड़न का एक नायाब मामला है।

# बेंगलुरु गैंगरेप केस में सीएम सिद्धारमैया का विवादित बयान, कहा- क्या भाजपा राज में बलात्कार नहीं हुए?

**बेंगलुरु, एजेंसी।**
कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में महिला से गैंगरेप और पिछले हफ्ते 6 साल की बच्ची से रेप और हत्या मामले में भाजपा ने राज्य की कांग्रेस सरकार की तीखी आलोचना की। इसके जवाब में मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने विवादित बयान दे दिया। मंगलवार को बेलगावी में पार्टी के कार्यक्रम के दौरान सिद्धारमैया ने कहा, क्या भाजपा के कार्यकाल में रेप नहीं हुए? समाज में हमेशा बुरे तत्व होते हैं। हम आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे।

दरअसल, भाजपा ने बेंगलुरु गैंगरेप केस और पिछले हफ्ते ही राजधानी के होयसला नगर में एक 6 साल की बच्ची की नृशंस हत्या मामले में कांग्रेस राज में महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल उठाए। भाजपा ने गृह मंत्री जी. परमेश्वर के इस्तीफे की मांग की है। कर्नाटक प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा एवं पार्टी नेताओं ने राज्य की कानून व्यवस्था की तीखी आलोचना की है। इसके जवाब में सिद्धारमैया विवादित बयान दे गए।

सिद्दारमैया ने बेंगलुरु में एक सामूहिक दुष्कर्म की घटना को लेकर संवाददाताओं से कहा, क्या भाजपा के कार्यकाल में दुष्कर्म नहीं हुए। दुष्कर्म कभी नहीं होने चाहिए और महिलाओं की सुरक्षा की जानी चाहिए। समाज में हमेशा बुरे तत्व होतहैं। हम उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे। सिद्धारमैया यह बात बेलगावी में जय बापू, जय भीम रैली के दौरान कह रहे थे। यह रैली महात्मा गांधी और डॉ. बीआर अंबेडकर के सम्मान में आयोजित की गई थी। उनके इस बयान की भाजपा ने तीखी आलोचना की है।



**भाजपा के आरोपत्न** कर्नाटक प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विजयेंद्र ने कहा, कर्नाटक जो कभी अपनी संस्कृति, मूल्यों और सुरक्षा के लिए प्रसिद्ध था, अब डकैती और अत्याचारों के लिए एक हॉटस्पॉट के रूप में कुख्यात हो रहा है। बेंगलुरु में के.आर. मार्केट के पास बस का इंतजार कर रही अकेली महिला के साथ हाल ही में सामूहिक दुष्कर्म और लूट एक जघन्य और अमानवीय कृत्य है जो राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था को रेखांकित करता है। यह महिलाओं की सुरक्षा में विफलता को दर्शाता है। उन्होंने आगे कहा कि हत्याओं, डकैतियों, महिलाओं के खिलाफ अपराधों और दुष्कर्मो की बढ़ती संख्या ने नागरिक समाज को निराशा में डाल दिया है जिससे अराजक स्थिति पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ऐसी घटनाएं जारी रहीं तो लोग अनिवार्य रूप से उठेंगे और सरकार को जवाबदेह ठहराएंगे।

## केरल में कोरोना महामारी के दौरान पीपीई किट खरीदने में करोड़ों का घोटालाः सीएजी की रिपोर्ट

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।**
कोरोना महामारी के दौरान वैक्सीन के साथ पीपीई किट ने भी लोगों की जान बचाने के अहम भूमिका निभाई थी। अब केरल में पीपीई किट को लेकर हंगामा छिड़ गया है। दरअसल भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी सीएजीने मंगलवार को केरल में पीपीई किट खरीदने में हुए घोटाले को लेकर एक रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्य में महामारी के दौरान मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के नेतृत्व वाली सरकार ने पीपीई की खरीदने में अनियमितता बरती और करोड़ों का घोटाला भी हुआ। इसकी बाद विपक्षी पार्टियों ने जमकर निशाना साधा है।।



सीएजी की रिपोर्ट के मुताबिक पीपीई किट खरीदने में अतिरिक्त 10.23 करोड़ खर्च किए गए। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि सैन फार्मा नाम को कंपनी को फायदा पहुंचाने की कोशिश की गई। आरोप है कि यह कंपनी सबसे ऊंची दरों पर किट बेच रही थी फिर भी कंपनी को यह अनुबंध दिया गया और फर्म को पहले ही 100 प्रतिशत राशि चुका दी गई। गौरतलब है कि मार्च 2020 में सत्तारूढ़ एलडीएफ सरकार ने कोविड-19 महामारी के दौरान पीपीई किट, एन95 मास्क और इसी तरह की अन्य चीजों की खरीद के लिए केरल मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड (केएमएससीएल) को विशेष मंजूरी दी थी।

रिपोर्ट सामने आने पर विपक्ष ने एलडीएफ सरकार को घेरा है। कांग्रेस नेता वीडी सतीशन ने एलडीएफ सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकार ने कोविड-19 महामारी में लोगों की जान बचाने से ज्यादा अपनी जेब भरने की चिंता थी। उन्होंने कहा, सीएजी की गई रिपोर्ट कोविड-19 महामारी के दौरान भ्रष्टाचार के बारे में विपक्ष के आरोपों की पुष्टि करती है। यह घोटाला मुख्यमंत्री और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री केके शैलजा की जानकारी में हुआ है। वहीं केके शैलजा ने कहा कि इस रिपोर्ट की जांच चल रही है।

## उत्तर कन्नड़ जिले में सड़क दुर्घटना में 8 लोगों की मौत

**उत्तर कन्नड़, एजेंसी।** कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में फलों और सब्जियों से भरा एक ट्रक पलट गया। इस हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई और 17 घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यह हादसा बुधवार तड़के जिले के येल्लापुर में अरेबेल और गुलापुरा के बीच नेशनल हाईवे-63 पर हुआ। हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहीं, पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

उत्तर कन्नड़ के पुलिस अधीक्षक (एसपी) एम नारायण के अनुसार, सब्जियां बेचने जा रहे लोगों का ट्रक सावनूर से कुमता बाजार जा रहा था। सुबह करीब 5.30 बजे, ट्रक चालक दूसरे वाहन को साइड देने के प्रयास में बाईं ओर चला गया और करीब 50 मीटर गहरी घाटी में जा गिरा।

## अब एकनाथ शिंदे के घर प्रदर्शन, फडणवीस सरकार के फैसले पर बढ़ा शिवसैनिकों का गुस्सा

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र में नासिक और रायगड़ के प्रभारी मंत्रियों को लेकर छिड़ा विवाद बढ़ता ही जा रहा है। शिवसेना के विरोध के बाद देवेंद्र फडणवीस सरकार ने नासिक में गिरीश महाजन और रायगड़ में एनसीपी की अदिति तटकरे को प्रभारी मंत्री बनाए जाने के आदेश पर रोक लगा दी गई है। इसके बाद अब शिवसैनिक दबाव बनाने में जुटे हैं कि किसी भी तरह से उनके ही नेताओं को मौका दिया जाए। यही नहीं सरकार से नाराज बताए जा रहे एकनाथ शिंदे के घर पर भी प्रदर्शन होने लगे हैं। शिवसेना नेता और रोजगार गारंटी मिनिस्टर भारत गोगावाले के समर्थकों ने एकनाथ शिंदे के घर का घेराव किया। मंगलवार की शाम को साउथ मुंबई में स्थित एकनाथ शिंदे के बंगले मुक्तागिरी पहुंचे गोगावाले समर्थकों ने नारेबाजी भी की।

इन लोगों की मांग है कि रायगड़ जिले का प्रभारी मंत्री गोगावाले को ही बनाया जाए। ऐसा इसलिए क्योंकि वे वहां



जनाधार रखते हैं। इस मामले में गोगावाले के समर्थक दो विधायक महेंद्र थोर्वे और महेंद्र डलवी सीएम देवेंद्र फडणवीस से भी मिलने वाले हैं। बीते सप्ताह गार्जियन मिनिस्टर की लिस्ट जारी होने के बाद से ही शिवसैनिकों में गुस्सा है। नासिक में भाजपा नेता गिरीश महाजन को प्रभारी बनाए जाने से भी असहमति है, लेकिन उतना गुस्सा नहीं है। लेकिन एनसीपी की नेता अदिति तटकरे को रायगड़ का प्रभारी मंत्री बनाए जाने से ज्यादा गुस्सा है। इसके अलावा दादा भुसे और उनके समर्थक नासिक का प्रभारी मंत्री बनाए जाने की इच्छा रखते हैं। वह पहले भी इस जिले की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं।

इससे पहले शनिवार को तो गोगावाले समर्थकों ने मुंबई और गोवा हाईवे को भी जाम कर दिया था। एकनाथ शिंदे गुट के दबाव के बाद प्रभारी मंत्रियों की नियुक्ति पर रोक लगा दी गई है, लेकिन इसके बाद भी 26 जनवरी को होने वाले आयोजन में जिलों में महाजन और तटकरे ही झंडा फहराएंगे। इसी को लेकर चिंता बढ़ गई है।

## पाकिस्तान में नया फतवा जारी- पतंग उड़ाना इस्लाम के खिलाफ, हिंदुओं पर लगी खास रोक

**इस्लामाबाद , एजेंसी।**
पाकिस्तान में अब पतंग उड़ाना भी एक गैर-इस्लामिक कार्य करार दिया गया है। लाहौर पुलिस विभाग ने धार्मिक विद्वानों से परामर्श के बाद पतंग उड़ाने को अवैध और आत्महत्या के समान बताया है, क्योंकि यह गतिविधि मानव जीवन के लिए खतरे की वजह बन सकती है। इसके बाद पुलिस ने पतंग उड़ाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है और इस पर एक व्यापक प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके अलावा यहां हिंदुओं के भी पंतग उड़ाने पर बैन लगा दिया गया है।

लाहौर पुलिस ने इस्लामी विद्वानों के साथ मिलकर एक फतवा जारी किया है, जिसमें पतंग उड़ाने, एक पहिया बाइक चलाने और हवाई फायरिंग को गैर-इस्लामी और अवैध करार दिया गया है। फतवे में कहा गया है कि इन गतिविधियों में शामिल होने वाले लोग खुद को खतरे में डालते हैं, जो कुरान की शिक्षाओं के खिलाफ है। कुरान और हदीस का हवाला देते हुए कहा गया कि इस तरह की गतिविधियां आत्महत्या के समान हैं, क्योंकि यह जीवन के लिए खतरनाक हो सकती हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस्लामी विद्वानों ने इस बात पर जोर दिया कि इस्लाम मानव जीवन की रक्षा को प्राथमिकता देता है, और ऐसे कार्यों की अनुमति नहीं देता जो व्यक्ति के जीवन के लिए खतरनाक हो। यही वजह है कि पतंग उड़ाना, एक पहिया बाइक चलाना और हवाई फायरिंग को प्रतिबंधित किया गया है। पुलिस विभाग ने इस कदम के बाद तेजी से कार्रवाई की है। लाहौर के डीआईजी ऑपरेशन फैसल कामरान ने इस फतवे की पुष्टि की और कहा कि यह निर्णय पतंग उड़ाने, एक पहिया बाइक चलाने और हवाई फायरिंग जैसी खतरनाक गतिविधियों को रोकने के लिए लिया गया है। उन्होंने कहा कि इन गतिविधियों में भाग लेने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, क्योंकि यह गतिविधियाँ न केवल समाज के लिए खतरा उत्पन्न करती हैं, बल्कि धार्मिक और कानूनी दृष्टि से भी गलत हैं।पुलिस ने पिछले 20 दिनों में पतंग उड़ाने के 150 से अधिक मामलों में कार्रवाई की है।



## नामित रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ की बढ़ी मुश्किलें, भाभी ने हलफनामे में पत्नी के साथ मारपीट का लगाया आरोप

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में रक्षा मंत्री के लिए नामित पीट हेगसेथ की मुश्किलें दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। जहां उनके नामांकन में गड़बड़ी की जांच कर रही सीनेट को हेगसेथ के खिलाफ एक और हमफनामा मिला, जिसमें उनकी भाभी ने उनपर अपनी दूसरी पत्नी सामंथा के साथ मारपीट का आरोप लगाया है। हलफनामे में उनकी भाभी डैनियल हेगसेथ ने कहा कि उन्होंने फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) को इस बारे में दिसंबर में बताया था, लेकिन यह जानकारी कांग्रेस से साझा नहीं की गई क्योंकि सांसद हेगसेथ के नामांकन पर विचार कर रहे थे।

रक्षा मंत्री के लिए नामित पीट हेगसेथ को लेकर उनकी भाभी डैनियल ने बताया कि सामंथा की बातों से हमेशा लगता था कि वो किसी खतरे में हैं। डैनियल ने ये भी बताया कि सामंथा अपने आप को सुरक्षित रखने के लिए हमेशा एक सुरक्षित शब्द का इस्तेमाल करती थीं, जिससे वो अपने लोगों को अपने आप के खतरे में होने का एहसास करा सकें और मदद मांग सकें। इसको लेकर डैनियल ने दावा किया कि 2015 या 2016 में सामंथा ने उस शब्द का उपयोग किया उन्हें ये बताने के लिए किया था कि वो खतरे में है, जिसके बाद डैनियल को मदद के लिए तीसरे पक्ष से संपर्क करना पड़ा। साथ ही डैनियल ने हलफनामे में यह बताया गया कि पीट हेगसेथ ने बार-बार शराब पीने की आदत को लेकर और घरेलू विवादों के बारे में सामंथा के साथ दुर्व्यवहार किया। इतना ही नहीं उनकी पूर्व भाभी डैनियल ने सीनेट में दाखिल हलफनामें इस बाता जिक्र किया वे इन आरोपों को जनता के सामने रखना चाहिए, क्योंकि उन्हें डर था कि अगर पीट हेगसेथ का नामांकन रक्षा सचिव के रूप में मंजूर हो जाता है, तो यह सेना और देश के लिए खतरनाक हो सकता है।

# नाजी सैल्यूट विवाद के बीच एलन मस्क को मिला चरमपंथियों का समर्थन, नागरिक संगठनों ने जताई चिंता

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
एलन मस्क के डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में सीधे हाथ के इशारे पर विवाद बढ़ता जा रहा है। कई लोगों ने मस्क की आलोचना की है। दरअसल सीधे हाथ के इशारे को नाजी सैल्यूट होने का दावा किया जा रहा है। हालांकि कट्टर दक्षिणपंथी लोग एलन मस्क के समर्थन में उतर गए हैं। चरमपंथी लोग इसका जश्न मना रहे हैं। गौरतलब है कि एलन मस्क ने सोमवार को कैपिटल वन एरेना में एक भाषण के दौरान एलन मस्क ने डोनाल्ड ट्रंप की जीत पर खुशी जताई थी और इसी दौरान उन्होंने सीधा हाथ उठाकर यह इशारा किया था, जिसे नाजी सैल्यूट कहा जा रहा है।



**दक्षिणपंथी समूहों ने किया मस्क का समर्थनत्न** इस पूरे विवाद को हवा इस बात से भी मिली है क्योंकि मस्क ने उनके इशारे को नाजी सैल्यूट होने के दावों का न तो खंडन किया है और न ही स्वीकारा है। हालांकि उन्होंने इस मामले पर हो रही आलोचना पर तीखी नाराजगी जाहिर की। एलन मस्क ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि हर कोई हिटलर है। ये हमले बहुत थका देने वाले हैं। श्वेत राष्ट्रवादी समूह व्हाइट लाइव्स मैटर ने टेलीग्राम पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि, श्वेत ज्वाला फिर से उठेगी। श्वेत राष्ट्रवादी कीथ वुड्स ने एक्स पर साझा पोस्ट में मस्क का जोरदार समर्थन किया। एक अन्य दक्षिणपंथी ने लिखा कि हम वापस आ गए हैं।

हालांकि यहूदी विरोध और मानवाधिकारों पर निगरानी रखने वाली संस्था एंटी-डिफेमेशन लीग ने मस्क के इशारे की आलोचना की। अन्य विशेषज्ञों का कहना है कि यह स्पष्ट नहीं है कि मस्क ट्रम्प समर्थकों की भीड़ को अपना हाथ आगे बढ़ाकर क्या संदेश देना चाह रहे थे। ऑनलाइन नफरत पर नजर रखने वाले इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक डायलॉग के वरिष्ठ शोध विश्लेषक जेरेड होल्ट ने कहा, मुझे संदेह है कि यह जानबूझकर किया गया था। यह लोगों के प्रति आभार व्यक्त करने का एक प्रकार का संकेत हो सकता है।

अमेरिकी विश्वविद्यालय में संचार के प्रोफेसर कर्ट ब्रैडॉक ने कहा कि यह इशारा एक फासीवादी सलामी थी और लोगों को इस पर संदेह नहीं करना चाहिए। कर्ट ब्रैडॉक चरमपंथ, कट्टरपंथ और आतंकवाद का अध्ययन करते हैं। ब्रैडॉक ने मस्क के बारे में कहा, वह अभी भी इसे ऐसे टाल रहे हैं जैसे कि यह कोई गंभीर बात नहीं थी। मुझे पता है कि मैंने क्या देखा, मुझे पता है कि नव-नाजियों सहित चरम दक्षिणपंथी तत्वों के बीच इस पर क्या प्रतिक्रिया थी, और मैं देख सकता हूं कि अब क्या प्रतिक्रिया है। और इसमें से कोई भी हंसी की बात नहीं है। यूरोप में नाजी सैल्यूट को द्वितीय विश्व युद्ध की घृणा, मृत्यु और विनाश से जोड़ा जाता है। इटली के एक कम्युनिस्ट युवा संगठन ने मंगलवार को मिलान के पियाजेल लोरेटो में मस्क का पुतला उल्टा लटका दिया, उसी जगह द्वितीय विश्व युद्ध के अंतिम दिनों में मुसोलिनी को फांसी दिए जाने के बाद उनके शरीर को उल्टा लटका दिया गया था।

## यमन के तट पर नाव पलटने से 20 इथियोपियाई प्रवासियों की मौत : आईओएम

**अदन, एजेंसी।** अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने बताया कि सप्ताहांत में दक्षिणी यमनी तट के पास एक नाव के पलट जाने से कुल 20 इथियोपियाई प्रवासियों की मौत हो गई, जिनमें नौ महिलाएं और 11 पुरुष शामिल थे। आईओएम ने एक बयान में कहा कि यह नाव, जिसमें 35 इथियोपियाई प्रवासी, एक यमन कप्तान और उसका सहायक सवार थे, कथित तौर पर जिबूती के हम्मारता क्षेत्र से रवाना हुआ था और शनिवार रात को तैज प्रांत के दुबाब जिले के अल-हज्जाजाह के पास तेज मौसमी हवाओं के बीच पलट गई। बयान में कहा गया कि जीवित बचे लोग सफलतापूर्वक तट पर पहुंच गए हैं।

बयान में यमन में आईओएम के मिशन प्रमुख अब्दुसत्तोर एसोव के हवाले से कहा गया है, यह त्रासदी उन खतरनाक परिस्थितियों की याद दिलाती है, जिनसे प्रवासी सुरक्षा और बेहतर जीवन की तलाश में गुजरते हैं। एसोव ने कहा, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को अनियमित प्रवास के मूल कारणों को दूर करने तथा प्रवासियों की सुरक्षा और सम्मान को प्राथमिकता देने के अपने संकल्प को मजबूत करना चाहिए।

यमन के तटीय जल दुनिया के सबसे खतरनाक जलक्षेत्रों में से हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, आईओएम के आंकड़ों के अनुसार, अकेले 2024 में यमन में 60,000 से अधिक प्रवासियों के आगमन का दस्तावेजीकरण किया गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129